फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 4 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -208, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

किसी की जुबां पर गांधी, कोई मुफ्त शिक्षा की हिमायती 16

झलक दिखला जा 11 की विजेता बनीं मनीषा 15

लापरवाही का गड्ढा

राजधानी लखनऊ में रविवार को विकास नगर के सेक्टर-4 में अचानक सड़क धंसने से 20 फीट चौड़ा गड्ढा हो गया। अचानक जमीन धंसने से उधर से गुजर रही एक कार गड्ढे में आधी लटक गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, स्थानीय लोगों ने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए कार सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। यहां जल निगम ने पिछले वर्ष सीवर लाइन बिछाने को खुदाई कराई थी, सड़क बनने के कुछ माह बाद ही गहरा गड्ढा हो गया था, अब फिर मामूली बारिश ने लापरवाही की पोल खोल दी।

परीक्षाओं में सेंधमारी करने वालों को मुख्यमंत्री योगी ने दी चेतावनी

जिंदगी भर की जेल ही नहीं, बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी होगी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि कोई भी उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। अगर किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी सरकार जब्त कर लेगी।

मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर के राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन, टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अपने हाथों से सौंपे।

● गोरखपुर में प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों, स्मार्ट क्लास का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने कहा, 'पिछली सरकारों में लोगों को गुंडे-माफिया तबाह करते थे। योजनाओं का लाभ चंद लोगों को मिलता था। आज 'डबल इंजन' सरकार में ऐसा नहीं है। 'हर किसी को योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव मिल रहा है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज के नए भारत की ताकत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। ऐसी सरकार कभी नहीं आई। इसे जारी रखते हुए लोकसभा चुनाव में 'फिर एक बार मोदी सरकार' और 'अबकी बार चार सौ पार' के नारे को साकार करना है।

प्रोजेक्ट अलंकार के तहत स्मार्ट क्लास का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17 .35 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों और 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7 .58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सिर्फ स्मार्ट सिटी ही नहीं होगी, बल्कि स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर यूपी के युवा स्मार्ट बनेंगे।

आरओ/एआरओ मामले में परीक्षा नियंत्रक हटाए गए

प्रयागराज। आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 के पेपर लीक मामले में सरकार ने उप्र .लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक अजय कुमार तिवारी को पद से हटा दिया है। मालूम हो कि 11 फरवरी को आरओ/एआरओ की प्रारम्भिक परीक्षा हुई थी। पेपर लीक होने की जानकारी के बाद अभ्यर्थियों ने खासा हंगामा किया था। परीक्षा दोबारा कराने की मांग भी की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने परीक्षा रद करने के साथ 6 माह में दोबारा कराने को निर्देशित किया।

बारिश और ओलावृष्टि से खड़ी फसलें गिरीं, वज्रपात से पांच लोगों की मौत

कई जगहों पर मकान ढहे, किसानों को हुए भारी नुकसान की होगी भरपाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बीते दो दिनों से प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में निरंतर हो रही बारिश, तेज हवाएं और ओले गिरने से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश और ओलावृष्टि के बाद वज्रपात की अलग-अलग घटनाओं में रविवार को पांच लोगों की मौत हो गई। चित्रकूट, लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर में एक-एक मौत की सूचना है। वहीं मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों में वज्रपात से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को 04-04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने फसलों को हुए नुकसान का भी तत्काल आकलन करते हुए शासन को आख्या उपलब्ध कराने को कहा है। राहत आयुक्त कार्यालय की

रिपोर्ट के अनुसार वज्रपात से लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर जिलों में 01-01 जनहानि, आगरा में 01 पशु हानि और अतिवृष्टि से मथुरा में 01 मकान गिरने की सूचना मिली है। सहारनपुर में वज्रपात से आंशिक मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। वहीं, चित्रकूट जिले में भरतकूप थाना क्षेत्र के घुरेटनपुर गांव में बारिश और ओले से फसल खराब होने से सुकरानी (75) की सदमा लगने से मृत्यु हो गई। तेज हवा और पानी से जहां गेहूं की खड़ी फसल खेतों में गिरी नजर आ रही हैं वहीं सरसों, मटर और चने की फसल को भारी नुकसान हुआ है। आलू बेल्ट कहे जाने वाले जिलों इटावा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, औरैया और अलीगढ़ में तेज आंधी-पानी के कारण किसानों में मायूसी छा गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सोमवार को भी बारिश का सिलसिला रहेगा और मंगलवार को दोपहर बाद धूप खिल सकती है।

राहत आयुक्त नवीन कुमार ने बताया कि फर्रुखाबाद, कन्नौज, मुजफ्फरनगर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, शाहजहांपुर, ललितपुर और सहारनपुर आदि जिलों में सुबह 8.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे के बीच ओलावृष्टि और दर्जनभर जिलों में बारिश हुई है।

बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला रविवार को दिन भर जारी रहा और प्रदेश में कई जगह जमकर ओले गिरे। रविवार को दिन में तीन बार राहत विभाग ने अलर्ट जारी किया।

मुआवजा बांटने के निर्देश, कई जिलों में अलर्ट जारी

प्राकृतिक आपदा की मार झेलने वाले किसानों के लिए मुख्यमंत्री योगी ने फसलों का सर्वे का काम तेजी से करते हुए मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश सरकार ओलावृष्टि व बारिश के कारण सरसो, मटर, मसूर, गेहूं, चना आदि फसलों के नुकसान का लगातार सर्वे करा रही है। मौसम विभाग ने प्रतापगढ़, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, सीतापुर, लखनऊ, कानपुर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है वहीं पश्चिम के दर्जन भर जिलों में मध्यम बारिश के साथ तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है।

शहबाज शरीफ चुने गए पाकिस्तान के दूसरी बार प्रधानमंत्री

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को अपने पहले संबोधन में कश्मीर का राग अलापा। हालांकि, उन्होंने पड़ोसियों सहित सभी प्रमुख देशों के साथ संबंध सुधारने का भी संकल्प जताया। शहबाज ने कहा, 'हम पड़ोसियों के साथ समानता के आधार पर संबंध रखेंगे।' उन्होंने कश्मीर का जिक्र करते हुए इसकी तुलना फलस्तीन से की। उन्होंने कहा, 'आइए हम सब एक-साथ आएं और नेशनल असेंबली को कश्मीरियों तथा फलस्तीनियों की आजादी के लिए एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए।' इससे पहले 336 सदस्यीय संसद में वोटिंग के बाद प्रधानमंत्री चुने गए शहबाज के समर्थन में 201 सांसदों ने वोट डाले। उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को केवल 92 वोट मिले। खबरों के मुताबिक शहबाज के प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का समर्थन हासिल है।



● कश्मीर का राग अलापा

किसानों का 6 मार्च को दिल्ली कूच का एलान

बठिंडा, एजेंसी

फसलों पर एमएसपी की मांग को लेकर पंजाब और हरियाणा के शंभू , खनौरी बॉर्डर पर बीते 13 फरवरी से डटे हुए किसान संगठनों ने दिल्ली पहुंचने के अपने तरीके में बदलाव का एलान किया है। रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि दिल्ली कूच का हमारा कार्यक्रम पहले की तरह है। हम इससे पीछे नहीं हटे हैं। सरकार को झुकाने के लिए हमने कुछ रणनीति तय की है।

डल्लेवान ने कहा कि सरकार कह रही है कि किसान ट्रैक्टरों को छोड़कर दिल्ली आ सकते हैं। अब यह रणनीति तय की गई है कि 6 मार्च को देशभर के किसान ट्रेन, बस, पैदल और हवाई जहाज से शांतिपूर्ण ढंग से दिल्ली कूच करेंगे। अब देखना होगा कि सरकार इन किसानों को बैठने देती है या फिर बातें करती है।

उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि जितने बॉर्डर पर हम बैठे हैं, वहां अपनी संख्या बल बढ़ाएंगे और अन्य बॉर्डर पर भी किसानों को लाने की कोशिश करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनीतिक) से जुड़े किसान संगठनों ने 13 फरवरी को दिल्ली मार्च का आह्वान किया था, लेकिन उन्हें पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने शंभू बॉर्डर पर रोक दिया। इस दौरान हुई झड़प में एक युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गई, इसके बाद दिल्ली कूच का कार्यक्रम किसान संगठनों ने स्थगित कर दिया था।

बदली रणनीति

- ट्रैक्टर के बजाय ट्रेन-बस और हवाई मार्ग से जाएंगे राजधानी
- शंभू बार्डर पर और बढ़ाएंगे किसानों की संख्या

10 मार्च को पूरे देश में ट्रेनें रोकेंगे किसान

जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 10 मार्च को पूरे देश में ट्रेनें रोकने का भी एलान किया है। डल्लेवाल ने पूरे देश के किसानों से आह्वान किया है कि वे 10 मार्च को दोपहर 12 बजे से देशभर में ''रेल रोको'' विरोध प्रदर्शन करें और ट्रेनों का चक्का जाम करें। उन्होंने कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे ट्रेनों का चक्का जाम किया जाएगा।

एक नजर

रिश्वतखोरी में एनएचएआई के महाप्रबंधक गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र के नागपुर में 20 लाख रुपये के कथित रिश्वतखोरी मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक महाप्रबंधक (जीएम) को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि परियोजना निदेशक की भी जिम्मेदारी संभाल रहे अरविंद काले ने कथित रूप से एक निजी कंपनी से रिश्वत ली थी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने काले की गिरफ्तारी के बाद एक तलाशी अभियान में 20 लाख रुपये की रिश्वत समेत 45 लाख रुपये जब्त किए हैं।

सीयूईटी-यूजी परीक्षा तिथियों में बदलाव संभव

नई दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार के अनुसार, संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-स्नातक परीक्षा का कार्यक्रम लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम के आधार पर बदले जाने की संभावना है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को घोषणा की थी कि परीक्षा 15 से 31 मई तक आयोजित की जाएगी और परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। भारत में 18वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव होने वाले हैं, जिसके कार्यक्रम की घोषणा इस महीने होने की संभावना है। यूजीसी प्रमुख ने रविवार को बताया कि एनटीए द्वारा घोषित तारीखें अस्थायी हैं।

आसनसोल से नहीं लड़ेंगे पवन सिंह

नई दिल्ली/कोलकता, एजेंसी

भोजपुरी गायक एवं अभिनेता पवन सिंह ने पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने से रविवार को मना कर दिया। भाजपा ने एक दिन पहले शनिवार को सिंह को इस सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। वर्तमान में आसनसोल से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता एवं अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा सांसद हैं।

पवन सिंह के इस फैसले के बाद तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने चुनाव प्रचार अभियान शुरू होने से पहले ही सीट छोड़ दी। पवन ने लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार

● भाजपा ने प्रत्याशियों की पहली सूची में की थी नाम की घोषणा

घोषित करने के लिए भाजपा नेतृत्व को धन्यवाद दिया और कहा कि वह किसी कारणवश आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का दिल से आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके मुझे आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारणवश मैं आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि सिंह के कई गाने असभ्य हैं

पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन का राजनीति से संन्यास

नई दिल्ली। मौजूदा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने भाजपा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जारी उम्मीदवारों की पहली सूची में चांदनी चौक निर्वाचन क्षेत्र से उनका नाम शामिल नहीं होने पर रविवार को सक्रिय राजनीति छोड़ने की घोषणा की। हर्षवर्धन ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि वह 30 साल से अधिक के शानदार चुनावी करियर के बाद अपनी जड़ों की ओर लौटेंगे। 'मैं यह स्वीकार करता हूं कि मुझे भारत के इतिहास में सबसे ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ काम करने का सौभाग्य मिला।

वंचित वर्गों की उपेक्षा कर रही केंद्र सरकार : राहुल

पटना, एजेंसी

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' ने रविवार को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में आयोजित जनविश्वास महारैली के जरिए लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका। रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद तथा सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई दलों के नेताओं ने शिरकत की।

राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह 'केवल दो-तीन बहुत अमीर लोगों के लिए काम कर रही है और दलितों और पिछड़े वर्गों की उपेक्षा कर रही है, जिनकी आबादी देश की कुल जनसंख्या का 73 प्रतिशत है। सपा अध्यक्ष अखिलेश

जन विश्वास रैली में मंचासीन राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव।

यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार में कुल मिलाकर 120 (80 उत्तर प्रदेश में और 40 बिहार में) सीटें हैं। अगर हम इन दोनों राज्यों में भाजपा की हार सुनिश्चित करते हैं, तो केंद्र में भाजपा सरकार नहीं बना पाएगी। अखिलेश ने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश 80 हराओ का नारा दे रहा है तो बिहार भी पीछे नहीं हैं तथा यहां भी 40 हराओ का नारा है। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश और बिहार ने ठान लिया तो इनका सूपड़ा साफ हो जायेगा। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हाल में पाला बदलने के लिए आलोचना की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की सराहना करते हुए कहा कि आपके चाचा (नीतीश कुमार) दोबारा पाला बदल सकते हैं, लेकिन आगे से उन्हें स्वीकार मत करना।

● जनविश्वास रैली में 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने फूंका चुनावी बिगुल

मोदी सच्चे हिंदू नहीं : लालू

लालू प्रसाद यादव ने राजनीति में परिवारवाद की आलोचना करने के लिए प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया। कहा कि अगर नरेंद्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। अपनी मां की मृत्यु पर मोदी ने ऐसा नहीं किया।

छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में एक जवान हुआ शहीद

कांकेर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र से लगे हिदूर के जंगलों में रविवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें बस्तर फाइटर्स का एक जवान शहीद हो गया है। मुठभेड़ में एक नक्सली भी मारा गया है।

कांकेर के थाना छोटेबेठिया क्षेत्र अंतर्गत हिदूर के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली, जिसके बाद सुरक्षाबल के जवान सर्चिंग अभियान पर निकले थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर हमला बोल दिया। आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल, बीएसएफ और डीआरजी द्वारा सर्चिंग अभियान जारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के अनुसार, हिदुर जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष इनपुट के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया। राज्य पुलिस की इकाई बस्तर फाइटर्स के जवान रमेश कुरेठी मुठभेड़ में शहीद हो गए। मुठभेड़ में एक नक्सली भी मारा गया है। मौके से एक वर्दीधारी नक्सली का शव और एक एक के 47 गन बरामद किया गया है।

● जवाबी कार्रवाई में एक नक्सली भी मारा गया

पंचायतों के ग्रांट में फंसा ऑडिट रिपोर्ट का पेच

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : वर्ष 2024-25 में प्रदेश की जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों को विकास के लिए मिलने वाली ग्रांट में ऑडिट रिपोर्ट का पेंच फंसा है।

क्योंकि, इस वर्ष लेखा परीक्षकों ने 2022-23 का ऑनलाइन ऑडिट तो किया, लेकिन पंचायतों से खर्च धनराशि के अभिलेख न मिलने के कारण पोर्टल पर अंतिम रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जब तक तीनों पंचायत की 100 फीसद ऑडिट रिपोर्ट दर्ज नहीं होती तब तक ऑडिट प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी। न ही केंद्र व राज्य सरकार से आगे की वित्तीय मदद यानी ग्रांट मिल पाएगा। प्रदेश में 50,289 ग्राम पंचायत, 813 क्षेत्र पंचायत व 74 जिला पंचायत की ऑनलाइन ऑडिट रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। 26 फरवरी तक संत रविदास नगर की 546 व सिद्धार्थनगर की 1136 ग्राम पंचायत में ऑडिट की प्रगति शून्य रही।

इधर, वित्तीय वर्ष समाप्ति को देखते हुए पंचायतों की संख्या अधिक है। इससे विभाग को अगले वर्ष के लिए ग्रांट की चिंता सताने लगी है। निदेशक पंचायती राज ने जिलों पर सख्ती बरतते हुए इस प्रक्रिया के लिए संयुक्त निदेशक को नामित किया है।

- वर्ष 2024-25 के लिए 2022-23 के ऑडिट की पोर्टल पर दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट
- 50,289 ग्राम, 813 क्षेत्र और 74 जिला पंचायत से खर्च के नहीं मिले अभिलेख

26 फरवरी तक इन जिलों में सबसे कम ऑडिट रिपोर्ट दर्ज

मिर्जापुर एक, उन्नाव दो, अमेठी दो, आजमगढ़ छह, अयोध्या पांच, बलिया 10, प्रयागराज 18, सुलतानपुर 12, फिरोजाबाद सात, बस्ती 16, शाजहांपुर 15, आगरा 10, अमरोहा नौ, सोनभद्र 10

> लेखा परीक्षा विभाग से समन्वय बनाकर रोजाना समीक्षा की जा रही। हम प्राथमिकता से यह कार्य करा रहे हैं। लेखा परीक्षकों को डीपीआरओ स्तर से रिपोर्ट भी दी जा रही है। करीब और 10 हजार पंचायतों की रिपोर्ट फीड हो चुकी है। 100 फीसद प्रक्रिया जल्द ही पूरा कर लेंगे।
> -राज कुमार, निदेशक, पंचायती राज उप्र.

अभिलेख नहीं तो गबन मानकर हाई रिस्क में जाएंगी पंचायतें

सहकारी समितियां पंचायत (लेखा परीक्षा) द्वारा पंचायतों का ऑडिट होता है। हर वर्ष पंचायतों के ऑडिट में अभिलेख नहीं मिलते हैं और अंत में ग्रांट को लेकर यह हालात बनते है। यदि निर्धारित समय पर खर्च धनराशि के अभिलेख नहीं मिलते तो लेखा परीक्षकों द्वारा गबन दर्शा दिया जाता है। इसी तरह वर्ष 2022-23 के ऑडिट में करोड़ों रुपये के खर्च का हिसाब नहीं है। जिसकी पुष्टि के लिए अभिलेख नहीं मिल रहे हैं। जो जल्द न मिले तो लेखा परीक्षक संबंधित पंचायतों को हाई रिस्क में डालकर गबन दर्शाएंगे।

नोएडा के मॉल में लोहे का ढांचा गिरा, दो लोगों की मौत

नोएडा। गौतमबुद्धनगर जिले के स्थित ब्लू स्क्वायर मॉल में रविवार सुबह लोहे का एक ढांचा गिरने से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। इस ढांचे पर होर्डिंग लगाया जाना था। मध्य नोएडा के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) हृदेश कठेरिया ने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्रान्तर्गत स्थित ब्लू स्क्वायर मॉल में पांचवीं मंजिल से लोहे का ढांचा गिरने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान गाजियाबाद निवासी 35 वर्षीय हरेंद्र भाटी व शकील (35) के तौर पर हुई है। कठेरिया ने बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है तथा उनकी शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी। रविवार का दिन होने की वजह से मॉल में बड़ी संख्या में लोग आए हुए थे।

● होर्डिंग लगाने को 5वीं मंजिल पर लगाया गया था ढांचा

एक नजर

दंगा और बलवा से निपटने को पुलिस ने किया पूर्वाभ्यास

अयोध्या। अमृत विचार : आगामी पर्व और लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस महकमें ने रविवार को पुलिस लाइंस ग्राउंड पर दंगा और बवाल से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास किया। इसमें जिले के सभी थानों के पुलिसकर्मियों के साथ अग्निशमन, घुड़सवार दस्ता, बम खोजी और निरोधी दस्ता, एंटी सेबोटाज चेक टीम, त्वरित कार्रवाई दाल, स्वॉट टीम, ख़ुफ़िया दस्ते के जवानों ने भाग लिया। अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को बलवा होने पर उसे कंट्रोल करने और इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी।

मारपीट में घायल की हुई मौत, दो गिरफ्तार

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार : तारुन थाना क्षेत्र अंतर्गत हिन्द ईट भट्ठे पर शुक्रवार को पिता पुत्रों के मध्य लेनदेन को लेकर हुई मारपीट में घायल क्षीर सागर की मौत हो गई। मृतक की पत्नी सुधा यादव ने ससुर उज्ज्वल व देवर सतीश को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है। उपनिरीक्षक मुन्नीलाल ने बताया कि दोनों आरोपी भागने के प्रयास में सुबह ननसा बाजार में गाड़ी का इंतजार कर रहे थे। सूचना मिलने पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

वन कार्यालय में मनाया गया विश्व वन्यजीव दिवस

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : क्षेत्रीय वन अधिकारी कार्यालय रेंज कुमारगंज में पौधशाला पर विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विश्व स्तर पर हर साल पृथ्वी पर मौजूद वन्य जीवों और वनस्पतियों की सुंदरता और विविधता को बढ़ावा देने के लिए विश्व वन्यजीव दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर उप क्षेत्रीय वन अधिकारी मनोज कुमार, बीट प्रभारी अम्बिका प्रसाद चौबे, दिलीप, लोकेश, सूर्यभान मौजूद रहे।

पिंक महिला शौचालय की हुई शरूआत

मवई, अयोध्या। थाना मवई में महिला पुलिसकर्मियों व महिला फरियादियों की सुविधा के लिए रविवार को पिंक महिला शौचालय का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ थानाध्यक्ष आशा शुक्ला के साथ निरोजपुर बघेड़ी प्रधान रेनू यादव ने किया। इस मौके पर एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर, सीओ आशीष निगम, रुदौली कोतवाल देवेंद्र, पटरंगा थानाध्यक्ष ओम प्रकाश, बाबा बाज़ार थानाध्यक्ष राजेश, हाइवे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र मौजूद रहे। इससे पहले एसपी ग्रामीण अतुल नकर ने सीओ आशीष निगम के साथ मवई व पटरंगा क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

बनगांवा में शिव विवाह लीला उत्सव आज से

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : शिव मंदिर बनगांवा में श्री शिव विवाह लीला का आयोजन सोमवार से शुरू हो होगा। समिति के अध्यक्ष राम तेज यादव ने बताया कि श्री शिव विवाह लीला का सजीव मंचन स्थानीय बाल कलाकारों द्वारा 4 फरवरी से 8 फरवरी तक किया जाएगा।

स्वास्थ्य के नाम पर मेला तो कहीं खेला

रुदौली में चिकित्सक रहे नदारद, मवई में ठप रहीं जांचें

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्रदेश सरकार द्वारा आमजन को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए शुरू किए गए साप्ताहिक मेले अब लापरवाही की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। रुदौली व मवई में लगे आयुष्मान भव मेले के दौरान रविवार को भारी खामियां देखने को मिलीं। रुदौली सीएचसी पर सिर्फ एक चिकित्सक के सहारे काम चलाया जा रहा था, जबकि मवई में सारी जांचें ठप थी। वहीं भरतकुंड कैल में सब कुछ ठीक-ठाक दिखा।

रुदौली प्रतिनिधि के अनुसार सीएचसी पर चिकित्सकों की फौज है, लेकिन मेले के दिन सब नदारद दिखे। लोहटी सरैया की सूफिया बानो अपने बेटे गोहरबारा के साथ पहुंची थीं। दोनो कमर दर्द से पीड़ित थे। गोहरबारा ने बताया कि अस्पताल में प्लेट नहीं है। इसलिए एक्स-रे नहीं हो सका। डॉ. अंजू जायसवाल ने बताया कि एक्स-रे की बड़ी प्लेट खत्म हो चुकी हैं। फिरोजपुर पवारान के सहदेव कुत्ते के काटने का इंजेक्शन लगवाने कमरा नंबर आठ में पहुंचे तो बंद मिला। मौजूद वार्ड ब्वॉय संजय ने बताया की डॉ. रविंद्र शुक्ला व डॉ. संजय सिंह की ड्यूटी है, लेकिन दोनों नहीं हैं। दो बजे हादसे में घायल बच्चे को देखने के लिए वार्ड ब्वॉय के फोन के बाद डॉ. संजय सिंह इमरजेंसी में पहुंचे। स्टाफ ने बताया कि अधीक्षक लखनऊ गए हैं। अधीक्षक डॉ. मदन बरनवाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सभी चिकित्सक ड्यूटी पर मौजूद होंगे। मैं साप्ताहिक अवकाश पर हूं।

रेबीज इंजेक्शन लगवाने आए सहदेव को जाना पड़ा वापस

सहदेव

गोहरबारा, मरीज

मवई सीएचसी पर दिखा सन्नाटा।

मवई में दिखी खानापूर्ति, पसरा रहा सन्नाटा

मवई प्रतिनिधि के अनुसार सीएचसी पर सन्नाटा पसरा रहा। ओपीडी में चिकित्सक डॉ. उपेंद्र कुमार व डॉ. सुमित कुमार द्वारा एक ही कमरे में मरीजों को देखा जा रहा था। किसी प्रकार की जांचें नहीं हो रही थीं। हेल्थ एटीएम मात्र शो पीस बना था। मेले में कोई भी विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद नहीं थे। डॉ. सुमित कुमार ने बताया कि मरीजों को नि:शुल्क ओपीडी में देखा गया और दवाएं भी दी गईं।

कई मरीजों को नहीं मिला इलाज वापस लौटे

पीएचसी भरतकुंड कैल में 67 मरीजों का हुआ परीक्षण

मसौधा प्रतिनिधि के अनुसार पीएचसी भरतकुंड कैल में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 67 मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। पीएचसी प्रभारी डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि मेले में मौसम की खराबी के चलते मरीज कम पहुंचे। सभी चिकित्सकों सहित स्वास्थ्य कर्मियों की मौजूदगी रही। शिविर में डॉ. अशफाक अहमद, सीनियर फार्मासिस्ट रमाकांत तिवारी, नीरज तिवारी, रमेश तिवारी सहित 11 स्वास्थ्य कर्मियों का स्टाफ मौजूद रहा।

> आपके माध्यम से पता चला है कि रुदौली सीएचसी पर एक डॉक्टर मौके पर था। मैं मामले की रिपोर्ट मंगाता हूं और उचित कार्रवाई की जाएगी।
> – डॉ. संजय जैन, सीएमओ

नाली के बगल मिला युवक का शव

अयोध्या, अमृत विचार: नगर कोतवाली के रिकाबगंज इलाके में जिला अस्पताल के निकट नाली के पास लगभग 32 वर्षीय युवक का शव मिला है। मृतक की शिनाख्त रौनाही थाना क्षेत्र के गौरा ब्रम्हमान निवासी विपिन तिवारी के रूप में हुई है। वह इसी क्षेत्र स्थित एक चाय के ठेले पर बर्तन धोने का कार्य करता था।

रविवार की सुबह झारखंडी मोहल्ले और रामपथ के किनारे जिला अस्पताल के निकट रहने वाले लोग मॉर्निंग वॉक के लिए निकले तो पुराने यूनियन बैंक शाखा कार्यालय और जिला अस्पताल गेट के बीच नाली के बगल काली टी शर्ट और नीली जींस पहने एक युवक का शव देखा। चौकी प्रभारी रिकाबगंज राम प्रकाश सिंह का कहना है कि क्षेत्र में नाली किनारे मिले शव की पहचान हो गई है। वह इधर-उधर मजदूरी करता था और आशंका है कि बीमारी के चलते उसकी मौत हुई। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

सांसद प्राइज मनी महिला खेल प्रतियोगिता में रस्साकसी की शुरूआत करतीं मंत्री बेबी रानी मौर्या, साथ में सांसद लल्लू सिंह व अन्य। अमृत विचार

खेल से स्वस्थ रहता है शरीर : बेबी रानी मौर्या

अयोध्या कार्यालय

बोलीं-महिला कल्याण मंत्री, विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

सांसद प्राइज मनी महिला खेल प्रतियोगिता का समापन

अमृत विचार : खेल किसी को हराने के नहीं बल्कि आगे बढ़ने की स्पर्धा होती है। पीएम मोदी ने महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, स्वंय सहायता समूह जैसी योजनाओं के माध्यम से नारी के जीवन स्तर में सुधार आया है। खेलों इंडिया से युवाओं का रुझान खेलों की ओर बढ़ा है। खेल से शरीर स्वथ्य रहता है। ये बातें बाल विकास व महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्या ने कहीं। वो बतौर मुख्य अतिथि तीन दिवसीय सांसद प्राइज मनी महिला खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहीं थीं।

उन्होंने विजयी खिलाड़ियों के साथ-साथ राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि खेल की सुंदरता न केवल जीतने की आदत विकसित करने में है, बल्कि आत्म-सुधार की निरंतर खोज करने में भी है। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के पहुंचने पर जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, सांसद व महिला मोर्चा ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अवधेश पांडेय बादल, कमला शंकर पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विजेता टीम को ट्रॉफी देतीं मंत्री बेबी रानी मौर्या व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी सम्मानित

खेल प्रतियोगिता के दौरान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रर्दशन करने वाली एशियन जूनियर हैंडबॉल चैम्पियनशिप उज्बेकिस्तान, यूथ एशियन जूनियर हैंडबॉल चैम्पियनशिप कजाकिस्तान में स्वर्ण पदक जीतने वाली आराधना त्रिपाठी, सीनियर राष्ट्रीय हैंडबॉल चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी निक्की, राजपति व सुवि को सम्मानित किया गया। इसके अलावा टेनिस बॉल क्रिकेट इंडो भूटान, इंडो नेपाल सीरीज के खिलाडियों ऋषिका तिवारी, मुस्कान जायसवाल, तृप्ती, दिव्यानी सिंह, नीलम निषाद, शालिनी सिंह, विधि यादव, नेहा वर्मा, अदबिया बानो व सेंट्रल जोन सब जूनियर ताइक्वांडो चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता आराध्या मिश्रा, राष्ट्रीय जूनियर ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में कांस्य पदक विजेता पूजा यादव, आल इंडिया विश्वविद्यालय ताइक्वांडो में स्वर्ण पदक विजेता पूजा यादव, राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप में रितू सिंह व नीलू शर्मा को सम्मानित किया गया।

दौड़ में पलक शिवानी व नेहा अव्वल

प्रतियोगिता के परिणामों में कबड्डी में पानी संस्थान की टीम ने मैथोडिस्ट इंटर कॉलेज को हराया। खो-खो में माझगांव, रस्साकसी में मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज विजयी रहा। 100 मी. दौड़ में पलक तिवारी प्रथम, इशिका वर्मा द्वितीय, रेनू तृतीय, 200 मी. में पलक प्रथम, शिवानी द्वितीय, इशिका तृतीय, 400 मी. में शिवानी प्रथम, आयुषी द्वितीय व लक्ष्मी तृतीय, 800 मी. में नेहा प्रथम, शशी पाल द्वितीय व लक्ष्मी तीसरे स्थान पर रहीं। लंबी कूद में नेहा हैरिंग्टनगंज प्रथम, दीपा बनीकोडर द्वितीय व शालू तारुन तीसरे स्थान पर रहीं।

आठ ब्लॉकों में दस करोड़ से बनेंगे दीक्षा केंद्र

अयोध्या कार्यालय

ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को मुहैया होगी करियर काउन्सलिंग की सुविधाएं, हर केन्द्र में तैनात होगा काउन्सलर

अमृत विचार : ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को रोजगार और समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर नई पहल शुरू हुई है। इसके लिए जिले के सभी ब्लॉकों में दीक्षा केंद्र खोले जाने की शुरुआत की जा रही है। इसके तहत पहले चरण में जनपद के 11 में से आठ ब्लॉकों में इन केंद्रों की स्थापना का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इन्हें ब्लॉक मुख्यालय पर स्थापित किया जाएगा।

ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर दिए गए निर्देशों के अनुसार इन दीक्षा केंद्रों की स्थापना के लिए पहले चरण में कुल दस करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की जाएगी। इसमें संसाधनों के साथ वाचनालय की भी सुविधा प्रदान की जाएगी। दीक्षा केंद्रों को ब्लॉक मुख्यालय परिसर में ही स्थापित किया जाएगा ताकि मानीटरिंग और भवन निर्माण के अतिरिक्त खर्च से बचा जा सके। इसकी निगरानी की जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारी के हवाले होगी। दो कमरों में स्थापित होने वाले दीक्षा केंद्रों में एक कक्ष में काउंसलिंग और परामर्श के अलावा दूसरे कक्ष में एक मिनी वाचनालय भी स्थापित होगा। एक दीक्षा केंद्र की स्थापना पर डेढ़ करोड़ की धनराशि व्यय की जानी है।

दीक्षा केंद्रों में ये मिलेगी सुविधाएं

दीक्षा केंद्रों में शिक्षित बेरोजगारों और युवाओं को करियर की काउंसलिंग के साथ सिविल सर्विसेज, अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ विभिन्न प्रकार के मार्गदर्शन प्रदान किए जाएंगे। जिले के 11 ब्लाकों में से प्रथम चरण में आठ ब्लाकों में केंद्र खोले जाएंगे। इनमें प्रथम चरण में बीकापुर, सोहावल, मया बाजार, रुदौली, मवई, मिल्कीपुर, मवई, पूराबाजार, हैरिंग्टनगंज शामिल हैं।

> ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से निर्देश मिले हैं। ब्लॉकों का चयन कर लिया गया है। मार्च में धनराशि प्राप्त होते ही अप्रैल से स्थापना की प्रक्रिया शुरु हो जाएगी।
> – दीपक कुमार, जिला समन्वयक, पंचायतीराज विभाग

वैदिक शिक्षा के साथ कंप्यूटर ज्ञान हासिल करेंगे ब्रह्मचारी

अयोध्या, अमृत विचार : निशुल्क गुरुकुल महाविद्यालय के वेदपाठी छात्र वैदिक शिक्षा के साथ कंप्यूटर का ज्ञान भी हासिल करेंगे। परमार्थ निकेतन आश्रम के स्वामी चिदानंद सरस्वती ने संस्थान को इसके लिए 10 कंप्यूटर सेट उपलब्ध कराए हैं। साथ ही संस्थान में कंप्यूटर कक्ष के निर्माण के लिए सहयोग प्रदान किया है। संस्थान का चार दिवसीय शताब्दी समारोह रविवार को 25 नवीन ब्रह्मचारियों के उपनयन संस्कार और पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। शताब्दी समारोह के अंतिम दिन वैदिक सिद्धांतों एवं रामराज्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए वाक्य डॉ. प्रशस्य मित्र शास्त्री, डॉ. ज्वलंत शास्त्री और दीनानाथ आदि ने कहा रामराज्य की परिकल्पना बिना वैदिक व्यवस्था के संभव नहीं है। समापन समारोह में पधारे परमार्थ निकेतन आश्रम के स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि सृष्टि को संरक्षित रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है।हम सभी को जीव-जंतु के कल्याण की भावना के साथ काम करना होगा। ब्रह्मचारियों ने राजा भोज नाटक व धर्मरक्षिता ने भजन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रबंधक रामकुमार, मंत्री भानु प्रताप सिंह, उप प्रबंधक महेश चंद्र, राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसे में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य की मौत

बीकापुर अयोध्या

अमृत विचार : सड़क हादसे में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य की मौत हो गई।

बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के लौटन का पुरवा रामनगर निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अशोक कुमार यादव शनिवार देर शाम निमंत्रण में गए थे। रात में करीब एक बजे बाइक से घर वापस लौट रहे थे। प्रयागराज हाईवे पर जैसे ही परोमा गांव के सामने पहुंचे विपरीत दिशा अयोध्या की तरफ से सुल्तानपुर की तरफ जा रही कार ने टक्कर मार दिया। हादसे के बाद कार चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। चौरे बाजार चौकी पुलिस हादसे का शिकार हुए अशोक कुमार यादव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर ले आई। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

बीकापुर में हुई दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार और बाइक।

गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार घायल

एक दूसरी सड़क दुर्घटना बीकापुर कोतवाली के अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर शनिवार देर रात पिपरी जलालपुर तिराहे पर हुई। टाटा मैजिक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल सवार अयोध्या कोतवाली के सिरसिंडा निवासी संजीत पुत्र अभय राज गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको स्थानीय पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया। हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

सर्विस लेन पर पिकअप ने दो को मारी टक्कर, किशोर की मौत, एक गंभीर

कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार : पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे सर्विस लेन पर तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक के पास खड़े किशोर समेत एक बालक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। वहीं चार वर्षीय बालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फतेहपुर रंगवा गांव निवासी रामचंद्र अपने 15 वर्षीय बेटे लवकुश व 4 वर्षीय बेटे आशीष को मोटरसाइकिल से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के सर्विस लेने से पीर बाबा की मजार पर प्रसाद चढ़ाने जा रहे थे। कुड़वा गांव के पास मोटरसाइकिल खड़ी कर लघुशंका करने लगे। बाइक के पास दोनों बेटे खड़े थे तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज लाया गया। जहां 15 वर्षीय लवकुश को मृत घोषित कर दिया वही चार वर्षीय बालक आशीष की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। पुलिस चौकी प्रभारी देवगांव अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों की ओर से भी कोई तहरीर नहीं मिली है।

किशोरी की हत्या मामले में तीन लोग गिरफ्तार

गोसाईगंज अयोध्या। अमृत विचार: गुरुवार की देर शाम बारा गांव में सरयू नदी में मिले किशोरी के शव मामले का खुलासा पुलिस ने कर दिया है।तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है जबकि मुख्य आरोपी फरार है। एएसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को बारा गांव के पास सरयू नदी में एक किशोरी का शव मिला था। पुलिस को भनक लगी कि शव गोसाईगंज कोतवाली अंतर्गत गौहनिया मजरे सोनहने निवासी रमेश यादव की पुत्री सोनिया 17 की है। पुलिस मृतका के घर पहुंची तो पिता गायब मिला। पुलिस ने जब माँ से कड़ी पूंछताछ किया तो माँ ने सारी कहानी बयां कर दिया। एएसपी ने बताया कि सोनिया का गांव के ही एक युवक दारा यादव से प्रेम प्रसंग था। इसी बीच वह गांव के अन्य युवक जो मुंबई में रहता है उससे सोनिया फोन पर बात करना शुरू कर दिया था। दारा को यह बात नागवार लगी। दारा ट्रेलर ड्राइवर है। वह जब गांव आता तो रमेश यादव को छककर शराब पिलाता था। शराब के नशे में वह घर आया और गुस्से में सोनिया को मारा पीटा तथा गला दबा दिया। आरोपियों को रविवार की दोपहर 1 बजे पंडित का पूरा, गौहनिया के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शव को छिपाने में प्रयुक्त ट्रेलर, 1रस्सी व ईट के टुकड़े को बरामद कर लिया। सोनिया का पिता रमेश फरार है।

सार-संक्षेप

झूठ और छल के सहारे सत्ता चाह रही भाजपा : अवधेश

सम्मेलन को संबोधित करते सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद।

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई बड़ी है। भाजपा पर जनता का विश्वास नहीं, साजिशें और छल-झपट तथा झूठ की राजनीति के सहारे वह सत्ता पर काबिज होने के लिए छटपटा रही है। यह बातें फैजाबाद लोकसभा से इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने सरायपीर में सपा कार्यकर्ता सम्मेलन में कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार 2014 में जिस तरह से सत्ता में आई थी उसी तरह से उत्पीड़न और अपमान से त्रस्त जनता अब 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्ता से हटाने का काम करेगी। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि भाजपा अपने कुप्रचार से लोगों के सोच विचार को भी प्रदूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। जिला पंचायत सदस्य मुहम्मद अली ने कहा कि जबसे भाजपा सत्ता में आई हैं महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। रुदौली नगर पालिका के चेयरमैन जब्बार अली, प्रदेश कार्य समिति के सदस्य सैयद रिजवान रसूल, महिला जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने भी सम्बोधित किया। सदस्य शाहिद हुसैन रुमी, विंध्याचंद सिंह ने कहा पार्टी से लोगों को बहुत उम्मीदे हैं। ज्वाला प्रसाद यादव, छोटे लाल यादव, निशात अली खां, राजितराम रावत, हनीफ अंसारी, अवधेश यादव, अमरनाथ यादव, अबसार अहमद, बाबा फरीद अहमद आदि मौजूद रहे।

जल पुलिस ने दो लोगों को डूबने से बचाया

अयोध्या, अमृत विचार : सरयू घाट पर तैनात जल पुलिस ने दो युवकों को डूबने से बचाया है। प्रभारी आरपी मौर्य ने बताया कि सुनील पुत्र अजय निवासी थाना प्रयागराज व अजय पुत्र पप्पू निवासी वाराणसी जल बैरिकेडिंग के पार जाकर स्नान कर रहे थे, इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। मौके पर तैनात जवानों ने दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

ट्रेन की चपेट में आकर चार पशुओं समेत 16 गिद्धों की मौत

बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार : अयोध्या - लखनऊ रेल खंड पर शनिवार देर रात एक ट्रेन की चपेट में आकर चार पशुओं समेत 16 गिद्धों की मौत हो गई और दो गिद्ध घायल हो गए। घायल गिद्धों का इलाज कराया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ट्रैक से मरे पशुओं को हटवा लिया जाता तो गिद्ध चपेट में न आते। बताया जा रहा है कि लखनऊ - अयोध्या रेल प्रखंड के बडागांव देवराकोट रेलवे स्टेशन के बीच गेट संख्या 137 सी देवराकोट गांव के पास रात किसी ट्रेन की चपेट से चार छुटा जानवरों की मौत हो गई थी। इसी को अपना निवाला बनाने पहुंचे 18 गिद्धों में से 16 भी एक दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे उनकी भी मौत हो गई। जबकि घायल दो गिद्धों का इलाज वन विभाग करा रहा है। मामले की सूचना प्रधान प्रतिनिधि ने वन विभाग को दी है। प्रधान प्रतिनिधि देवराकोट अभय सिंह ने बताया रेलवे विभाग द्वारा मृतक छुटा जानवरों को ट्रैक से हटवाया नहीं गया था। इसी को निवाला बनाने पहुंचे 18 गिद्ध भी दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गये। मृतक गिद्धों को गड्ढे में दफन किया गया। वन विभाग के फारेस्टर मदन गोपाल ने बताया दो घायल गिद्ध का इलाज किया गया। उन्होंने बताया 16 गिद्धों की मौत की सूचना वन विभाग के उच्चाधिकारियों को दी गई है। उन्होंने बताया कि स्टेशन अधीक्षक से जानकारी मांगी गई है।

रामोत्सव नौटंकी विधा में राम रमेति, ड्रम सारंगी और कथक की हुई प्रस्तुति

सुंदरकांड और शिव शक्ति का साक्षी बना रामकथा पार्क

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामकथा पार्क में चल रहे रामोत्सव में बारिश की बूंदों के साथ रामरस का पान दर्शकों ने किया।

साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित अमित दीक्षित के दल ने नौटंकी विधा में राम रमेति के माध्यम से राम चरित्र को मंचित किया। नगाड़े की धुन पर दोहे, गीतों की शैली में बोले गए संवाद दर्शकों को लुभा गए। अगली प्रस्तुति में प्रख्यात कथक नृत्यांगना सुरभि सिंह के दल ने सुंदर काण्ड का मंचन किया। ध्वनि और प्रकाश के सुंदर संयोजन के साथ ईशा, मीशा, संगीता, आकांक्षा और शमसुर रहमान ने भी भूमिका निभाई। लखनऊ से आई डॉ सीमा मोदी के दल ने शिव शक्ति नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया। शिव और शक्ति एक दूसरे के पूरक है इसी अर्धनारीश्वर के रूप को मंच पर गीतों के माध्यम से कलाकारो ने प्रस्तुत किया। सह कलाकारो में खुशी, अमन कुमार, आशीष, मनीषा, अमित, दिवाकर शामिल रहे। पर्णिका श्रीवास्तव के दल ने इसके बाद मंच पर अयोध्या काण्ड के प्रसंगों को मंचित करते हुए सूर्पनखा प्रसंग को दिखाया तो सभी अभिभूत हो गए।

प्रयागराज से आईं तनु सोनकर के दल ने पुष्प वाटिका से सीता स्वयंवर का दृश्य दिखाया। वहीं वाराणसी से आए रुद्र शंकर मिश्र के दल ने इसके बाद मंच पर कथक नृत्य शैली के द्वारा राम चरित्र नाटिका की प्रस्तुति की। उत्तराखंड के दिनेश बुग्याली के दल ने युद्ध के मैदान पर शत्रुओं को छल से परास्त करने की किए जाने वाले लोक नृत्य छलिया की प्रस्तुति की। संचालन देश दीपक मिश्र ने किया। अंतरराष्ट्रीय रामायण एवम वैदिक शोध संस्थान के निदेशक डॉ लवकुश द्विवेदी के निर्देशन में कलाकारों का सम्मान किया गया।

सांस्कृतिक संध्या में छलिया नृत्य प्रस्तुत करतीं कलाकार। अमृत विचार

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

एक नजर

अवध विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस आज

अयोध्या, अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय का 49 वां स्थापना दिवस सोमवार को मनाया जायेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। विवेकानंद सभागार में सोमवार सुबह 10:30 बजे से मनाया जाएगा। इसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल एवं मुख्य अतिथि के रूप में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी होंगे। यह जानकारी नीलम पाठक अधिष्ठाता छात्र कल्याण की ओर से दी गई है।

सांसद आज रखेंगे गांधी स्मारक की आधार शिला

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : पूराबाजार के पुराने पंचायत भवन के समीप 33 लाख 75 हजार की लागत से बनने वाले गांधी स्मारक की आधार शिला सांसद लल्लू सिंह सोमवार को रखेगे। सायं चार बजे आयोजित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की गई है। यह जानकारी महानगर उपाध्यक्ष रणधीर सिंह डब्लू व पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवनरायन तिवारी ने संयुक्त रूप से दी।

बेमौसम बारिश के बीच गिरी बिजली, किसान की मौत

जिले में हुई 10 मिमी. बारिश, तेज हवा से प्रभावित हुईं फसलें, तापमान में भी आई गिरावट

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिले में रविवार को सोहावल क्षेत्र में फसल देखने जा रहे एक किसान की बिजली गिरने से मौत हो गई। कई जगह गेहूं, मटर, चना, आलू व सरसों की फसलें प्रभावित हो गईं। वहीं पककर तैयार हुई फसलों की कटाई का इंतजार कर रहे किसानों के आगे अब फसल बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है। मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 घंटे में हल्की से वर्षा होने व तेज हवा चलने की संभावना जताई है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार को रविवार को जिले में कुल 10 मिमी. बारिश रिकॉर्ड की गई है। अधिकतम तापमान 24 डिग्री व न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा की गति 4.7 किमी. प्रति घंटा रही।

पूराबाजार के ग्राम पंचायत सराय चैमल में तैयार सरसों की फसल गिर गई। अमृत विचार

लक्ष्मीदासपुर में गन्ने की बुवाई के बाद खेत में भरा बरसात का पानी।

जिले में शनिवार और रविवार को हवा व बारिश से फसलें भी प्रभावित होने लगी हैं। बड़ागांव संवाददाता के अनुसार रौनाही थाना क्षेत्र में रविवार को बिजली गिरने से रामपुर ग्रंट निवासी तुलसीराम (45) पुत्र राजाराम की मौत हो गई। प्रधान दुर्गा प्रसाद निषाद ने बताया कि तुलसीराम फसल देखने के लिए घर से निकला था, तभी बारिश शुरू हो गई। वह बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। इसी दौरान उस पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

तुलसीराम (फाइल फोटो)

नष्ट हुईं फसलें तो उठाना पड़ेगा आर्थिक नुकसान

पूराबाजार क्षेत्र के लक्ष्मीदासपुर के किसान रामनारायण पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, सुधाकर पांडेय, सराय चैमल के शोभाराम व चंद्रपाल ने बताया कि गेहूं व सरसों की फसल लगभग पककर तैयार हो गई है। बारिश व हवा के कारण गेहूं, मटर, चना, आलू की फसल प्रभावित हुई है। अब और बारिश हुई तो फसल नष्ट हो जाएगी। हमें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। रुदौली के मानापुर के किसान गंगाराम ने कहा बारिश से खेतों की नमी पूरी हो जाएगी लेकिन तेज हवा फसलों को नुकसान पहुंचा रही है। शुजागंज के रसूलपुर निवासी प्रगतिशील किसान संदीप वर्मा ने बताया कि रविवार को हुई बारिश से उन फसलों को फायदा पहुंचेगा जो फसले पानी के अभाव में सूख रही थीं।

सावधानी बरतें किसान

कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक प्रो. अमरनाथ मिश्र ने बारिश व हवा से फसलों को बचाने के लिए किसानों को सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि फसलों को बचाने के लिए किसान तुरंत पानी निकासी की व्यवस्था करें। खेत में पानी रुकने से फसलों को नुकसान होगा। इसके साथ ही जो फसलें कट गई हैं। उन्हें छांव में रखें, जिससे कि कम से कम नुकसान हो।

> जहां बारिश व हवा से फसलें गिरी हैं, वहां आंशिक नुकसान होने की संभावना है। हालांकि सभी एडीओएजी व प्रभारी को सर्वेक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। सर्वेक्षण और नुकसान के आंकलन के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
> – ओपी मिश्र, जिला कृषि अधिकारी

मेडिकल कॉलेज की लिफ्ट में फंसा युवक, बुलाई पुलिस

पुराने भवन में लगी लिफ्ट।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में शनिवार देर रात एक युवक लिफ्ट में फंस गया। उसको कुछ समझ में नहीं आया तो उसने 100 नंबर पर कॉल कर दी। पुलिस ने युवक को इलेक्ट्रिशियन की मदद से बाहर निकाला। दर्शननगर पुलिस चौकी प्रभारी आशीष त्रिपाठी ने बताया कि पुराने भवन में लगी लिफ्ट चलते-चलते रुक गई थी। मौके पर चीता मोबाइल कर्मियों को भेजा गया। युवक का नाम पता उन्हें नहीं मालूम। बताया जा रहा है कि लिफ्ट की एमसीवी गिर गई थी। खतरे को भांपते हुए रविवार को दिनभर लिफ्ट का संचालन ठप रहा। मरीजों की परेशानी को देखते हुए शाम को लिफ्ट चालू कर दी गई। प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि मुझे इस संबंध में जानकारी नहीं है।

उच्च स्तरीय कॉलोनी के रूप में विकसित हो वशिष्ठ कुंज योजना

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : 75 एकड़ भूमि में बनाई जा रही वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना को अयोध्या के दृष्टिगत उच्च स्तरीय कॉलोनी के रूप में विकसित किया जाए। ये निर्देश रविवार को अयोध्या के विकास कार्यों की समीक्षा करने पहुंचे मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने दिए। उन्होंने कहा कि अयोध्या को क्लीन, ग्रीन, ब्यूटीफुल सिटी के रूप में स्थापित करने के लिए उद्यान विभाग को प्रशिक्षित किया जाएगा।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में अयोध्या के विकास कार्यों की सभी विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की। मंडलायुक्त गौरव दयाल व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने वर्तमान में गतिमान व प्रस्तावित विभिन्न विकास के कार्यों के संबंध में विवरण प्रस्तुत किया। मुख्य सचिव ने कहा कि वर्तमान में देश के विभिन्न स्थलों सहित विदेशों से भी श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए आ रहे हैं। अयोध्या में जो भी कार्य हो रहे हैं उनकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। विभिन्न पथों व मंदिर के परिसर में रेलिंग लगाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आकर्षक डिजाइन के ही ड्रॉप डाउन बैरियर लगाए जाएं। उन्होंने पंचकोसी व 14 कोसी परिक्रमा मार्ग को आगामी परिक्रमा मेला से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही ऐयरो सिटी के प्रगति की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि सिटी के लिए भूमि अर्जन की प्रकिया भूस्वामियों से सहमति के लिए बातचीत चल रही है। इसके अलावा बैठक में ऑफिसर्स के लिए मल्टीस्टोरी आवासीय भवन, राज्य अतिथिगृह, मंडलायुक्त के इंटीग्रेटेड कार्यालय, नए कलेक्ट्रेट भवन के निर्माण आदि पर भी चर्चा की गई।

हनुमानगढ़ी की व्यवस्थाओं से मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को अवगत कराते आईजी प्रवीण कुमार।

- मुख्य सचिव ने दिए निर्देश, कहा- अयोध्या को क्लीन, ग्रीन व ब्यूटीफुल सिटी बनाएगा उद्यान विभाग

सुग्रीव पथ जल्द शुरू कराएं कार्य

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने हनुमानगढ़ी व रामलला का दर्शन-पूजन किया। श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चम्पत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, गोपाल राव व प्रशासन के अधिकारियों के साथ श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला अधिकारी व मंडलायुक्त को सुग्रीव पथ का कार्य जल्द से जल्द शुरू कराने का निर्देश दिया। हनुमानगढ़ी के संतों से मुलाकात कर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा दिए जाने के लिए विचार-विमर्श किया। पुजारी राजू दास ने बताया कि हनुमानगढ़ी पर अच्छे से दर्शन हो सके। इसके लिए सार्थक बैठक हुई है। चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है।

कांग्रेस समाप्त, थोड़ी-बहुत सपा बची है : बेबी रानी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : सांसद महिला खेल के समापन अवसर पर रविवार को पहुंचीं महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी समाप्त हो चुकी है। थोड़ी बहुत समाजवादी पार्टी बची है। लोकसभा चुनाव में पहले भी जीते हैं और रामलला के आशीर्वाद से एक बार फिर जीतेंगे। फैजाबाद लोकसभा से लल्लू सिंह को टिकट मिला है उनको रामलला का आशीर्वाद मिलेगा। विपक्ष के गठबंधन के सवाल पर बेबी रानी मौर्य ने कहा कि गठबंधन का कितना असर पड़ेगा यह तो बाद में ही पता चलेगा। राजनीति अपनी जगह है। ईश्वर अपनी जगह। हिंदू राजनीति किसी भी पार्टी में करे, लेकिन वह भगवान का भक्त ही होता है। जिस तरह अखिलेश ने अपने विधायकों को रामलला के दर्शन करने से रोका और उसी के कारण परेशान भी हुए। सपा विधायकों का अपना अधिकार है कि वह दर्शन करें उसके लिए अखिलेश को नहीं रोकना चाहिए था। विधायक अभय सिंह ने दर्शन किये तो कितने भावुक हो गए। यह उनका अधिकार था। अयोध्या में रामभक्तों की संख्या को कोई नहीं रोक पाएगा। मैं खुद ही लंबे जाम को झेलकर आ रही हूं।

पत्रकारों से बातचीत करतीं मंत्री बेबी रानी मौर्या।

सार-संक्षेप

लेखपाल संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी व संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता।

विनोद लेखपाल संघ के अध्यक्ष और नंदलाल मंत्री निर्वाचित

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का द्विवार्षिक चुनाव रविवार को तहसील सदर सभागार में प्रांतीय ऑडीटर मनीष कुमार पाठक के पर्यवेक्षण में हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से विनोद कुमार पांडेय अध्यक्ष और नंदलाल वर्मा मंत्री पद पर चुने गए। संघ की ओर से जारी सूचना के अनुसार देवेंद्र कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सर्वेश मिश्रा कनिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा उपमंत्री पद पर अखिलेश वर्मा, कोषाध्यक्ष गिरीश चन्द्र यादव, ऑडीटर आकृति वैश्य चुनी गईं। प्रांतीय सह सचिव कमलेश कुमार शर्मा और निर्वाचन पर्यवेक्षक मनीष कुमार पाठक ने बताया कि चुनाव सकुशल संपन्न हुआ। इस अवसर पर संघ के सभी पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

निरीक्षण में बंद मिले दो सीसीटीवी

हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार शाम 6:30 बजे क्षेत्राधिकारी बीकापुर सुरेंद्र सिंह ने पुलिस के साथ हैदरगंज थाना क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों और बाजार व कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरे की निरीक्षण किया। इस दौरान जाना बाजार में मुख्य चौराहा के सीसीटीवी कैमरे और दो दुकानदारों के यहां लगे डीवीआर बंद पाए गए। जिसको लेकर सीओ ने नाराजगी जाहिर कर जल्द चालू कराने के निर्देश दिए। इस दौरान थाना अध्यक्ष मोहम्मद अरशद समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

नाव ड्यूटी के लिए रोडवेज लेगा प्रतिदिन 28 हजार किराया

अयोध्या, अमृत विचार : सियासी दलों और पुलिस-प्रशासन के साथ परिवहन निगम ने भी लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी तेज कर दी है। निगम ने मुख्यायल स्तर पर चुनाव प्रकोष्ठ को सक्रिय किया है और चुनाव ड्यूटी के लिए 400 किलोमीटर तक के लिए रोडवेज बसों का किराया 28 हजार रुपये प्रतिदिन तय किया है। इससे अधिक संचालन पर 69.52 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से अतिरिक्त भुगतान करना होगा। अयोध्या डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकाश ने बताया कि चुनाव ड्यूटी में लगाए गए नियमित चालक और समन्वयक को 225 रुपये और संविदा चालक को 400 रुपये प्रतिदिन की दर से भुगतान किया जाएगा। ड्यूटी में लगाए गए कर्मियों को एकमुश्त 6500 रुपये अग्रिम भुगतान किया जाएगा। चुनाव ड्यूटी करने वाले नियमित चालकों को विभाग की ओर से निर्धारित प्रतिमाह न्यूनतम 5500 किलोमीटर के परिचालन से छूट प्रदान की जाएगी।

कृषि विश्वविद्यालय के 29 दैनिक श्रमिकों को नियुक्ति पत्र

कुमारगंज, अयोध्या : अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में रविवार को 29 दैनिक श्रमिकों को विवि के कुलपति ने विनियमित करने का आदेश जारी कर दिया। विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने सुबह-सुबह 29 दैनिक श्रमिकों को अपने हाथों से नियुक्ति आदेश पत्र वितरित किया। इस दौरान कुलपति ने कहा कि यह दैनिक श्रमिकों की मेहनत है जो उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। नियुक्ति पत्र के साथ-साथ उन्होंने सभी कर्मियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण डा. एके सिंह ने बताया कि ये सभी दैनिक श्रमिक उ.प्र शासन की नियमावली के तहत 31.12.2001 के पूर्व से कार्य पर लगे हुए थे और 10 वर्ष 240 दिन के कार्य दिवस को पूरा कर रहे थे। ये विवि के विभिन्न प्रक्षेत्रों एवं कृषि फार्मों पर कार्य कर रहे थे। डा. एके सिंह ने बताया कि इससे पहले 2020 में तीन, 2021 में 101 और 2024 में 29 सहित अब तक 133 दैनिक श्रमिकों को उनकी योग्यता के अनुसार विवि के कुलपति नियुक्ति पत्र वितरित कर चुके हैं। इस मौके पर कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह, प्रशासनिक अधिकारी डा. भूपेंद्र सिंह, अपर निदेशक प्रसार डा. आरआर सिंह, अधिष्ठाता डा. एके गंगवार, अधिष्ठाता डा. साधना सिंह आदि मौजूद रहे।

टैबलेट से उपस्थिति के विरोध में आज ज्ञापन देंगे शिक्षक

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : टैबलेट से उपस्थिति और स्वयं के सिम न लगाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा परिषदीय विद्यालयों को विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये टैबलेट के माध्यम से विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति तथा मध्याह्न भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव विभागीय अधिकारियों द्वारा डाला जा रहा है। जिलामंत्री डॉ चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशचन्द्र शर्मा के नेतृत्व में पूरे प्रदेश के शिक्षक विरोध में है। अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार तथा वेतन रोकने जैसी कार्यवाही की धमकी दी जा रही है। विभाग द्वारा केवल टैबलेट उपलब्ध कराया गया है लेकिन टैबलेट को सक्रिय करने हेतु सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध नही कराया गया है। जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भारती ने बताया कि निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत आईडी के माध्यम से सिम कार्ड खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जो कि नियमानुकूल नहीं है। इसके अलावा विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा।

बाराबंकी के सिटी लॉ कॉलेज के खिलाफ शुरू हुई जांच

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : बाराबंकी का सिटी लॉ कॉलेज में सामूहिक नकल का वीडियो वायरल होने और अब तक 124 नकलची पकड़े जाने के बाद दो सदस्यीय जांच समिति ने कॉलेज के विरुद्ध जांच शुरू कर दी है। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध की 27 फरवरी से एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंच वर्षीय विषम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हुईं हैं। इसमें बाराबंकी के सिटी लॉ कॉलेज में रोज नकलची पकड़े जा रहे हैं। अवध विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने सामूहिक नकल के मामले में दो सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। जिसमें विधि संकाय के प्रो.ए के राय और पर्यावरण विज्ञान के प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला को नामित किया था। कुलपति ने संबधित कॉलेज में निगरानी के लिए दो पर्यवेक्षक भी तैनात कर कॉलेज के विरुद्ध जांच शुरू करा दी है। गोपनीय ढंग से चल रही जांच की रिपोर्ट कुलपति को सौंपी जाएगी। जिस पर परीक्षा समिति की बैठक बुला कर निर्णय लिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार कॉलेज के विरुद्ध गंभीर कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें सम्बद्धता समाप्त करने जैसी कार्रवाई भी संभावित है।

- अब तक पकड़े गए हैं 124 नकलची, परीक्षा बाद बड़ी कार्रवाई तय

भक्ति उत्सव : अवध में होली खेले रघुवीरा

- मालिनी अवस्थी ने सोनचिरैया टीम के साथ भजन प्रस्तुत कर मोहा लोगों का मन

तुलसी उद्यान में आयोजित भक्ति उत्सव में प्रस्तुति देंती लोक गायिका मालिनी अवस्थी।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित हो रहे रामोत्सव में तुलसी उद्यान में रविवार को आयोजित भक्ति उत्सव में पद्मश्री लोक गायिका मालिनी अवस्थी की सोनचिरैया टीम ने प्रस्तुति दी। 'बाजत अवध बधाइयां, दशरथ घर सोहर हो जन्मे है दीन दयालस्...' और 'होलो खेले रघुवीरा अवध में होली खेली रघुवीरा...' की प्रस्तुत देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें देश अलग-अलग क्षेत्र से 100 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। मुख्य आयोजक लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने कहा कि अयोध्या प्रभु राम की धरती है। संसार में कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है जो राम भक्त न हो। यह भक्ति उत्सव कलाओं के माध्यम अपनी भक्ति को प्रस्तित करने का माध्यम है। वार्षिक उत्सव के रूप में आज दो दिवसीय आयोजन किया गया है। सोनचिरैया टीम की सदस्य प्रियंका शुक्ला ने जय श्रीराम का जयकारा लगाते हुए कहा कि आज लखनऊ, बाराबंकी, कानपुर और मुंबई आदि स्थानों से हम सभी प्रभु श्रीराम के चरणों में अपने भजन व लोकगीत प्रस्तुत करने आए हैं। हरीतिमा पंत ने कहा कि अयोध्या में प्रस्तुति देना हमारा सौभाग्य है। यहां भजन और होली के गीतों की प्रस्तुति देकर मन अह्लादित हो गया।

हालात | मिलने हैं करीब 35 करोड़ रुपये, आधुनिकीकरण शिक्षकों का मामला

पांच साल से 700 मदरसा शिक्षकों को नहीं मिला केंद्राश

कमर अब्बास, अयोध्या

अमृत विचार : जिले के करीब 700 आधुनिकीकरण शिक्षकों को पांच साल से अधिक समय से मानदेय में केंद्रांश नहीं मिल रहा है। अभी तक ये रकम करीब 35 करोड़ रुपये है। केंद्रांश न मिलने से शिक्षकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाने के बाद भी उनकी समस्या दूर नहीं हो सकी है।

जिले में करीब 387 मदरसे संचालित हो रहे हैं। इनमें से 255 अनुदानित हैं। अनुदानित मदरसों में उर्दू के अलावा हिंदी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान व कंप्यूटर की भी पढ़ाई हो रही है। सरकार की ओर आधुनिकीकरण योजना के तहत इन मदरसों में कुल 700 शिक्षकों की तैनाती की गई थी। केंद्र सरकार द्वारा स्नातक शिक्षकों को छह हजार, परास्नातक को 12 हजार और प्रदेश सरकार द्वारा स्नातक को तीन हजार और परास्नातक को तीन हजार रुपये मानदेय दिया जाता है। मदरसा असरफिया के शिक्षक कमरुद्दीन ने बताया कि राज्य सरकार की तरफ से मिलने वाला राज्यांश तीन हजार रुपये हर माह मिल जा रहा है, लेकिन केद्रांश पांच साल से अधिक समय से नहीं मिल रहा है। इससे परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। गुलामनूर, मुहम्मद वसीम अहमद, गयासुद्दीन आदि शिक्षकों ने बताया कि केंद्र सरकार की तरफ से करीब 78 माह से केंद्राश नहीं भेजा जा रहा है। जिससे मुश्किलें बढ़ गई हैं। विभागीय अधिकारी मात्र आश्वासन दे रहे हैं।



- जिले में संचालित हैं 387 मदरसे, इनमें से 255 अनुदानित
- केन्द्र द्वारा स्नातक शिक्षकों को छह और परास्नातक को दिया जाता है 12 हजार मानदेय

इन वर्षों का नहीं मिला है केंद्राश

विभाग की ओर से मिली सूचना के अनुसार जिले के विभिन्न मदरसों में तैनात शिक्षकों को वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20, 2020-21 व 2022-23 की केंद्राश धनराशि नहीं मिली है। जबकि बीच में वर्ष 2021-22 में 10 महीने की केंद्राश धनराशि मिली थी।

> आधुनिकीकरण योजना के तहत सरकार की ओर से रखे गए शिक्षकों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा मानदेय दिया जाता है। पांच साल से केंद्राश के करीब 35 करोड़ रुपये नहीं आए हैं। शासन को डिमांड भेजी जा रही है, कतिपय कारणों से विलम्ब हो रहा है। –अमित प्रताप सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

चार माह पूर्व हुई वारदात में दो लोग गिरफ्तार

अयोध्या। अमृत विचार : अयोध्या कोतवाली पुलिस ने चार माह पूर्व हुई एक वारदात में नामजद दो आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के आचार्य का संग्रह कूड़ा केशवपुर निवासी पवन ने बाराबंकी के हैदरगढ़ थाना क्षेत्र निवासी पप्पू सिद्दीकी ने अपने मित्र की स्कॉर्पियो का उनसे 9.50 लाख में सौदा किया था। रकम की अदायगी के बाद पप्पू ने दो-चार दिन में गाड़ी उनके नाम करने की बात कही थी। 11 अक्टूबर 23 को वह निजी कार्य से प्रयागराज हाईवे पर जा रहा था। लठिहवा पेट्रोल पंप के पास दो इनोवा पर सवार लोगों ने उसको अगवा कर मारापीटा और मरा समझ नहर किनारे फेंक दिया। आईजी से शिकायत पर लगभग एक बाद बाद पुलिस ने मारपीट और अगवा कर गंभीर रूप से घायल करने की धारा में संजय, रवि, राहुल को नामजद करते हुए सात-आठ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि कि मामले में संजय सिंह निवासी रुपापुर थाना कुडवार, सुल्तानपुर और ताज मोहम्मद निवासी चर्च कम्पाउंड निकट तिकोनिया पार्क थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया है। विवेचना के दौरान पुलिस ने धोखाधड़ी, साजिश और लूट तथा जानलेवा हमले की धारा बढ़ाई है।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

एक नजर

बालिका को भगाने के मामले में तीन पर केस

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। विद्यालय गई नाबालिग छात्रा को तीन युवकों द्वारा जबरदस्ती ले जाने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया हैं। मामला जैतपुर थाना क्षेत्र का है। पीड़ित पिता ने पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि मेरी 12 वर्षीय पुत्री थाना क्षेत्र के एक स्कूल में कक्षा 8 की छात्रा है। बीते दिवस स्कूल के क्लर्क ने फोन कर बताया कि छात्रा को तीन युवक जबरदस्ती ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। छात्रा के मना करने पर विद्यालय के अध्यापकों ने तीनों लड़कों को पकड़कर बैठा लिया और मामले की सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन युवकों को थाने ले गई और उन मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू का दिया है। सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

सपा नेता का आकस्मिक निधन, शोक की लहर

आलापुर, अंबेडकरनगर। वर्ष 1991 में समाजवादी पार्टी के टिकट से जहांगीरगंज आलापुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने वाले वरिष्ठ सपा नेता रामजीत अटल लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे, जिनका रविवार को निधन हो गया। निधन की खबर मिलते ही सपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। रामजीत अटल के निधन पर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामशकल यादव, सपा विधायक त्रिभुवन दत्त, पूर्व ब्लाक प्रमुख हीरालाल यादव, सपा नेता प्रदुम्न यादव, प्रधान संघ के अध्यक्ष घनश्याम यादव, राजबहादुर यादव समेत कई अन्य नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दुख जताया।

ग्रामीणों ने लगाया मतदान बहिष्कार का बैनर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। जनपद में अकबरपुर से टांडा जाने वाली रेलवे लाइन पर महमदपुर गांव के पास बने मानव रहित रेलवे क्रासिंग को स्थायी रूप से बन्द कर दिया गया है। जिससे नाराज ग्रामीणों ने रेलवे क्रासिंग पर लोकसभा चुनाव के मतदान बहिष्कार का बैनर लगा दिया। मतदान बहिष्कार की सूचना से प्रशासन में हडकंप मच गया और आनन-फानन में पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और बैनर को हटा दिया। बता दें कि भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे महमदपुर गांव के पैतृक निवासी हैं। रविवार को महमदपुर के निवासियों ने बन्द क्रासिंग के पास बैनर लगा दिया कि अगर क्रासिंग नहीं खुलेगी तो लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं किया जाएगा। मतदान बहिष्कार की सूचना पर आनन-फानन में पुलिसकर्मियों ने क्रासिंग के पास लगे बैनर को हटाया।

साथ रहने को राजी हुए जोड़े

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थानाध्यक्ष वन्दना अग्रहरी द्वारा व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मी के अथक प्रयास से पति-पत्नी के एक वैवाहिक जोड़ा जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसके बाद पति-पत्नी एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

चुनाव में लापरवाही बरतने वालों पर होगी सख्त कारवाई

डीएम ने समस्त नोडल अधिकारी व थाना अध्यक्षों के साथ की बैठक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में समस्त नोडल अधिकारी, अपर नोडल अधिकारी, प्रभारी अधिकारी उड़न दस्ता टीम, समस्त स्थाई निगरानी टीम, समस्त एमसीसी टीम, समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना अध्यक्ष के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में बैठक की गई। डीएम ने लोकसभा चुनाव में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी द्वारा विस्तार पूर्वक आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के बारे में बिंदुवार जानकारी दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त नोडल अधिकारी, अपर नोडल अधिकारी, प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में लगाए गए समस्त कार्मिक दिए गए दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। जिससे आगामी लोकसभा चुनाव सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जा सके। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी दया शंकर पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक समेत कई संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में चुनाव की तैयारी के संबंध में बैठक करते डीएम व एसपी।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए अहम निर्देश

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित कार्मिकों को प्रशिक्षण दिलाएं, जिससे अधिकारियों, कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने में आसानी हो। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों व आदेशों का अक्षश: पालन करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर पूर्णत: जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए कठोरतम कार्यवाही की जाएगी।

अकबरपुर डिपो की 50 बसों में लगेगा जीपीएस

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

▸▸ यूपी एसआरटीसी ऐप के जरिए यात्रियों को मिलेगी सुविधा

अमृत विचार। ट्रेनों की तरह अब अकबरपुर डिपो से जुड़े यात्री भी बसों की लाइव लोकेशन की जानकारी हासिल कर सकेंगे। यूपी एसआरटीसी एप के जरिए यात्रियों को यह सुविधा मिलेगी। इसके लिए अकबरपुर डिपो की 50 बसों में जीपीएस लगाने का काम तेजी से चल रहा है।

ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा उठा रहे यात्री अब घर बैठे बसों की वास्तविक स्थिति की जानकारी हासिल करने के साथ ही किस रूट पर कितनी बसें और किस समय है, इसकी भी जानकारी पा सकेंगे। इसके लिए बसों पर जीपीएस सिस्टम लगाना शुरू कर दिया गया है। अकबरपुर डिपो से 65 बसों का संचालन हो रहा है। इनमें से 2015 के बाद की 50 बसों पर जीपीएस सिस्टम लगाने की कवायद तेजी से चल रही है। जिससे ट्रेनों की तरह यात्री घर बैठे यूपी एसआरटीसी एप के जरिए बसों की भी सही जानकारी कर सकेंगे। वाहन संख्या या फिर संबंधित रूट डालने पर उस रूट पर चल रही सभी बसों की स्थिति की जानकारी एक क्लिक में सामने आ जाएगी। इसके अलावा यात्रियों की सुरक्षा के लिए पहले ही पैनिक बटन लगाया गया है। किसी भी आपात स्थिति में यात्री इसकी मदद ले सकते हैं।

अकबरपुर डिपो।

यात्रियों को होगी सहूलियत

एआरएम सीबी राम ने बताया कि 50 बसों में जीपीएस लगाना है। अब तक 40 से अधिक बसों में यह सिस्टम लगा दिया गया है। शेष बसों में भी जल्द ही यह सिस्टम लगा दिया जाएगा। जल्द ही इसके लिए शासन से एप लांच होने वाला है। जिसके बाद यात्री घर बैठे बसों की स्थिति जान सकेंगे। इससे यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी।

सार-संक्षेप

त्योहारों में खलल डालने वालों पर होगी कार्रवाई : सीओ

शांति कमेटी की बैठक को संबोधित करते सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य।

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। आगामी त्योहारों और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कोतवाली जलालपुर में क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य के नेतृत्व में शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें तमाम ग्राम प्रधान और संभ्रांत लोग मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ ने कड़े लहजों में कहा कि त्योहार और मतदान में अगर कोई किसी प्रकार का खलल डालता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोग अपने गांव क्षेत्र और मोहल्लों में अपराधियों पर नजर रखें। ऐसे लोगों की जानकारी समय रहते सूचित करें, ताकि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके। वहीं, कोतवाल दर्शन यादव ने कहा कि सामंजस्य बनाए रखना सभी लोगों का कर्तव्य है। आपस में किसी प्रकार का द्वेष न बनाए रखे क्षेत्र में अशांति फैलाने वालों की कोई जगह नहीं है। अगर किसी प्रकार का कोई गलत कार्य करता हुआ पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान राधे लाल कनौजिया, शैलेंद्र यादव, मिशम रजा, अरुण कुमार सिंह, नन्हे, सुरेश गुप्ता समेत तमाम ग्राम प्रधान और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

दबंगों का ग्राम प्रधान व परिजनों पर हमला, 13 लोगों पर केस

आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। आबादी की भूमि पर कब्जेदारी के विरोध में दबंगों ने ग्राम प्रधान और उनकी पत्नी की पिटाई कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 13 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के बीरखेत गांव से जुड़ा हुआ है। ग्राम पंचायत के प्रधान रणविजय ने थानाध्यक्ष को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि आबादी की भूमि पर मिट्टी पाटकर ईंट लगाया जा रहा था। जिसका प्रार्थी की पत्नी ने विरोध किया तो विपक्षी श्याम सुंदर, देवव्रत समेत दर्जनभर से अधिक आरोपी हमलावर हो गए और मारपीट करना शुरू कर दिया, जिसमें रणविजय और उनकी पत्नी को चोटे आईं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी श्याम सुंदर, देवव्रत, रणजीत, अर्जुन समेत 13 नामजद आरोपियों के खिलाफ बलवा, मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी समेत कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि केस दर्ज कर मामले में कार्रवाई की जा रही है।

घर में घुसकर मारपीट, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। घर में घुसकर मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के भगलापुर मैरवा गांव की है। पीड़ित मंसाराम ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया कि बीते 1 मार्च को करीब 10 :30 बजे अपने घर से शौचालय के लिए निकला था। तभी पहले से घात लगाकर बैठे विपक्षी रामजनम, मोतीलाल, मिठाई लाल और भीम ने मुझे मारने-पीटने के लिए दौड़ा लिए और घर में घुसकर मुझे लाठी-डंडों से मारने पीटने लगे व गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिए। मेरे सर में विपक्षी रामजनम द्वारा लाठी से मारा गया, जिससे मेरा सर फट गया। मेरी पत्नी शांति द्वारा रात्रि में कई बार 112 और 1076 पर फोन किया गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस और मुझे उपचार के लिए नागपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। मालीपुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है।

एमएलसी ने दिव्यांगजनों को बांटे उपकरण

लोहिया भवन में दिव्यांगजनों के साथ मौजूद एमएलसी व साथ में जिलाधिकारी।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। रविवार को दिव्यांगजनों को उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जीआईसी और लोहिया भवन में किया गया। प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत 63 दिव्यांगों को विभिन्न तरह के उपकरण वितरित किए गए। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। हमारा लक्ष्य इन योजनाओं को पात्रों तक पहुंचना है। प्रोजेक्ट अलंकार मुख्यमंत्री सम्बोधन के अवसर पर जीआईसी रगड़गज में पांच दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, एक कान की मशीन, दो व्हीलचेयर का सांकेतिक वितरण किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी हरिओम पांडे, डीएम अविनाश सिंह आदि मौजूद रहे। एमएलसी ने कहा कि दिव्यांगजनों को उपकरण की कमी नहीं होने दी जाएगी। वहीं, लोहिया भवन में 50 दिव्यांगजनों को ट्राई साईकिल, 5 व्हीलचेयर और एक स्मार्टफोन का वितरण मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, उपायुक्त श्रमरोजगार की उपस्थिति में किया गया। सभी दिव्यांगजनों को लंच पैकेट देकर विदा किया गया।

मौसम ने किसानों की बढ़ाई चिंता

▸▸ रविवार को दिनभर छाए रहे बादल, शाम को हुई बारिश

▸▸ बारिश से गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान का अनुमान

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। मौसम में अचानक हुए बदलाव से रविवार को किसानों व आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। तेज हवाओं के चलते आसमान में बादल गरजते रहे। देर शाम बूंदाबांदी होने से किसानों के चेहरे पर मायूसी नजर आई। मौजूदा समय में अब गेहूं, सरसों सहित अन्य दलहनी फसलों को सिंचाई की जरूरत नहीं है। आलू की फसल तैयार हो चुकी है। किसान उसकी खोदाई में जुटे हैं। ऐसे में इस समय होने वाली बारिश किसानों को सिर्फ नुकसान ही पहुंचाएंगी।

मौसम खराब होने के पूर्वानुमान के अनुसार मौसम का रुख बदलता गया। रविवार को पूरे दिन आसमान में घने बादल छाए रहे। तेज हवा के चलते ठंड का भी आभास रहा। किसानों की मानें तो इस समय बारिश होने से फसलों को काफी नुकसान होगा। फसलों के गिरने की वजह से इसका सीधा असर पैदावार पर पड़ेगा। सबसे ज्यादा खतरा सरसों और गेहूं की फसल को लेकर है। यदि हवा के साथ तेज बारिश हुई तो निश्चित तौर पर फसलें जमींदोज होंगी। किसान मोहित पांडे व कन्हैया ने बताया कि अगर बारिश होगी तो फसलों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

बारिश से सम्मनपुर थानाक्षेत्र के सुल्तानगढ़ मे गिरी गेहूं की खड़ी फसल।

अधिकार पाने के लिए शिक्षा जरूरी

▸▸ मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं और महिलाओं को किया जागरूक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को पुलिस कर्मियों ने विशेष अभियान चलाकर बालिकाओं व महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक किया। पुलिसकर्मियों ने कहा कि अधिकार हासिल करने के लिए महिलाओं और बालिकाओं को शत-प्रतिशत साक्षर होना जरूरी है।

मिशन शक्ति अभियान में पुलिस कर्मियों ने थाना अहिरौली से महिला आरक्षी अनीता वर्मा द्वारा ग्राम तिवारीपुर में व थाना अलीगंज से महिला कांस्टेबल पूजा गुप्ता द्वारा व थाना जहांगीरगंज से महिला कांस्टेबल अनीता राजभर द्वारा स्थान कस्बा जहांगीरगंज में व थाना महरुआ से महिला कांस्टेबल साधना शर्मा द्वारा स्थान सिलावट में व थाना बेवाना से महिला कांस्टेबल कविता यादव द्वारा ग्राम राशुलपुर दियारा में और थाना जैतपुर से महिला आरक्षी डिम्पल यादव, आरक्षी निलेश चौहान द्वारा ग्राम पैकोली बाजार में व थाना हंसवर से महिला कांस्टेबल शीतल गुप्ता द्वारा ग्राम कटोखर मार्केट में महिलाओं और बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने बालिकाओं और महिलाओं से सीधा संवाद करते हुए कहा कि अपना अधिकार हासिल करने के लिए बेहतर ढंग से शिक्षा जरूर हासिल करें।

महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करतीं महिला पुलिसकर्मी।

दो बाइकें आपस में भिड़ी, एक की मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। आमने-सामने हुई दो बाइकों के बीच हुई टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। जहां एक की मौत हो गई। दुर्घटना कटका थाना के रफीगंज न्यौरी मार्ग स्थित अमोला बुजुर्ग गैस एजेंसी के समीप रविवार शाम को घटित हुई। जहांगीरगंज थाना के बशहिया गांव निवासी शैलेश बाइक से वापस ससुराल से घर जा रहा था। जब वह गैस एजेंसी के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे इमादपुर गांव निवासी दोनई से आमने-सामने की टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक चालक शैलेश, दोनई और एक पीछे बैठा युवक घायल हो गया। राहगीरों ने सभी तीनों घायलों को एंबुलेंस से आजमगढ़ जनपद के अतरौलिया सीएचसी भेजवाया। जहां चिकित्सक ने दोनई को मृत घोषित कर दिया। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। सीओ देवेन्द्र कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि किसी पक्ष द्वारा कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

बालिका की तालाब में डूबने से मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। गांव के बाहर खेलते समय आठ वर्षीय बालिका की मौत हो गयी, जबकि दूसरे बच्चे का इलाज चल रहा है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना कटका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर कला गांव की है। गांव निवासी अनिल यादव की 8 वर्षीय पुत्री कार्तिक और विजय बहादुर यादव के 7 वर्ष के पुत्र आदेश कुमार दोनों खेल खेल रहे थे। खेलते समय गांव के बाहर तालाब तक पहुंच गए। बालिका कार्तिक अचानक तालाब में गिर गई और डूबने लगी। उसको बचाने के लिए आदेश कुमार भी तालाब में कूद गया। चिल्लाने की आवाज पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों को तालाब से निकाल कर चिकित्सालय ले गए। जहां पर चिकित्सक ने कार्तिक पुत्री अनिल कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं आदेश कुमार का इलाज चल रहा है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

मुकाबला | पूर्व मंत्री लालजी वर्मा समाजवादी पार्टी से हैं लोकसभा प्रत्याशी

रितेश को कमल खिलाने की जिम्मेदारी, बसपा ने अभी नहीं खोले हैं पत्ते

बसखारी, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। बीते 25 फरवरी को सांसद रितेश पांडे के भाजपा का दामन थामते ही उनके भाजपा के टिकट पर जनपद से लोकसभा चुनाव लड़ने के कायस शुरू हो गए थे। जिस पर शनिवार को अंबेडकरनगर से रितेश पांडे को भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा होते ही इस कयास पर विराम लग चुका है।

वहीं, बसपा शासनकाल में मंत्री रहे और सपा में शामिल होकर कटेहरी के विधायक बने लालजी वर्मा को पहले ही अपना प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। जबकि बसपा ने इस सीट पर अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। चर्चा है कि बसपा इस सीट पर कोई मुस्लिम चेहरा उतार सकती है। जो दलित बहुल इस सीट को मुस्लिम मतों के सहारे बसपा की झोली में डाल सकें। डेढ दशक पहले जनपद की लोकसभा सीट अकबरपुर सुरक्षित सीट के रूप में जानी जाती थी। तीन दशकों के बीच हुए लोकसभा आम और उपचुनाव की बात करें तो इस सीट पर अधिकतर बसपा का ही कब्जा रहा है। बसपा ने इस सीट पर बसपा सुप्रीमो मायावती की हैट्रिक के साथ सात बार जीत दर्ज की है। तो वहीं 2004 के हुए उपचुनाव में एक बार सपा के शंख लाल माझी तो 2014 में मोदी लहर के बीच भाजपा के हरिओम पांडे इस सीट पर एक बार कमल खिला चुके है। 2009 में हाथी चुनाव चिन्ह पर राकेश पांडे तो 2019 के हुए आम चुनाव में उनके पुत्र रितेश पांडे ने हाथी की सवारी करते हुए भाजपा के प्रत्याशी मुकुट बिहारी वर्मा को पराजित कर चुनाव जीता था। 2017 के हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की लहर के बावजूद भी जलालपुर विधानसभा से विधायक निर्वाचित होने व पिछले 2019 के लोकसभा के चुनाव में योगी सरकार में मंत्री रहे मुकुट बिहारी वर्मा को हराकर जनपद से बसपा के टिकट पर चुनाव जीता कर सबसे युवा सांसद के रूप में अपनी पहचान बना कर राजनीतिक सुर्खियों में छाए रितेश पांडे को बसपा ने लोकसभा में संसदीय दल का नेता बनाकर पूर्वांचल में ब्राह्मणों और युवाओं को अपने पक्ष में लामबंद करने का प्रयास किया था। जिस पर खरा उतरने के लिए रितेश पांडे ने कई चरणों में अपने लोकसभा क्षेत्र में पदयात्रा कर जनता के बीच जाने का प्रयास भी कर चुके हैं। रितेश पांडे को 2024 में 400 पार के नारे को साकार करने के लिए अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर भाजपा ने उन्हें कमल खिलाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

रितेश पांडेय, भाजपा लोकसभा प्रत्याशी

लालजी वर्मा, सपा लोकसभा प्रत्याशी

इतिहास दोहराने के प्रयास में लगे लालजी

रितेश पांडे को अंबेडकरनगर से भाजपा का लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने से भाजपा के लिए सीट पर जीत आसान हो सकती है। हालांकि इस सीट पर प्रदेश के कद्दावर नेता उत्तर प्रदेश सरकार में कई बार मंत्री रह चुके लालजी वर्मा सपा से लोकसभा प्रत्याशी हैं। वह भी स्वजातीय और सपा के परंपरागत मतों के सहारे सपा के 2004 का इतिहास दोहराने के प्रयास में लगे हुए हैं। लालजी वर्मा जनपद के कटेहरी विधानसभा सीट से विधायक हैं। वहीं इस सीट पर सटीक राजनीतिक समीकरण का विश्लेषण करने के लिए राजनीतिक विश्लेषकों को बसपा के प्रत्याशी की घोषणा होने का इंतजार है।

साहब मौन, इधर खुलेआम सवारी भर रहे डग्गामार

रोडवेज की आंखों में लगातार झोंक रहे धूल, महज रस्म अदायगी साबित हो रहा आरटीओ का अभियान

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: गुरुनानक चौक और बस अड्डा पुलिस चौकी के बीच अघोषित स्टैंड बना हुआ है। पुलिस, प्रशासन और परिवहन विभाग के अफसरों को लगातार छकाते हुए ये डग्गामार वाहन संचालक हर दिन रोडवेज अमले को लाखों की राजस्व चपत लगा रहे हैं।

रोडवेज के एआरएम कपिल देव से लेकर आरएम अंकुर विकास तक बार बार यही कहते हैं कि पुलिस और परिवहन विभाग का ध्यान पत्र के माध्यम से लगातार इस ओर आकृष्ट कराया जा रहा है, लेकिन तमाम अभियान अब तक निर्णायक नहीं साबित हो सके हैं। उधर आरटीओ के अफसरों का रटा रटाया जवाब सुनिए। एआरटीओ बबिता वर्मा कहती हैं कि आरआई संजय कुमार और पीटीओ शैलेन्द्र तिवारी की ओर से नियमित अभियान चलाया जा रहा है, जल्द ही निर्णायक कार्रवाई की जाएगी। पीटीओ शैलेन्द्र तिवारी बताते हैं कि हाल ही में उन्होंने छापेमारी की थी, लेकिन उन्हें रोडवेज के आसपास एक भी अनाधिकृत प्राइवेट बस नहीं दिखी। रोडवेज के अगल बगल लगभग चार रूटों के स्टैंड खुलेआम संचालित हो रहे हैं, जबकि ये स्टैंड नगरपालिका की ओर से निर्धारित किए गए स्थानों पर होने चाहिए। बताया जा रहा है कि जब से बस स्टैंड पुलिस चौकी और गुरुनानक चौकी अस्तित्व मे आई है तभी से अवैध अड्डे को पंख लग गए हैं। चोरी छुपे होने वाला यह धंधा अब खुलेआम शुरू हो गया।

गुरुनानक पुलिस चौकी के सामने खड़ी सवारियां भरते डग्गामार वाहन। अमृत विचार

चिन्हित किए थे ये स्थल

नगर प्रशासन ने शहर में छह रूटों पर संचालित टैक्सी स्टैंडों के लिए स्थलों का निर्धारण किया था जोकि शहर सीमा पर थे। फैजाबाद और तरबगंज-रगड़गंज रूट के वाहनों के लिए झंझरी ब्लॉक को टैक्सी स्टैंड चिन्हित किया गया। यानी इन रूटों की सवारियों को यहां से टैक्सी वाहन मिल सकते हैं। इसी प्रकार लखनऊ रुट के लिए दीवानी कचहरी चौराहे से आगे, बहराइच रुट के लिए कुष्ठ सेवा आश्रम के बगल, बलरामपुर रुट के लिए बड़गांव ओवरब्रिज के उस पार और उतरौला रुट के लिए मनकापुर बस स्टैंड मोड़ को चिन्हित किया गया। इस पर तत्कालीन एसडीएम बीबी पांडे ने अपनी स्वीकृति भी दी थी।

मनमानी से शहर में पांव पसार रहा जाम

स्थलों के निर्धारण के बावजूद नगरपालिका की ओर से स्टैंड पर यात्री सुविधाएं विकसित नहीं की गईं। नतीजा ये रहा कि शहर भर के दर्जनभर क्षेत्रों को मनमाने ढंग से स्टैंड बना डाला गया। लखनऊ रोड की टैक्सियां और डग्गामार अदम गोंडवी मैदान के पीछे एक्सचेंज के सामने से सवारियां भरते हैं। गुरुनानक पुलिस चौकी से बस स्टैंड चौकी तक के स्थल का इस्तेमाल डग्गामार वाहन अघोषित रूप से लखनऊ, फैजाबाद, उतरौला और बलरामपुर रूटों की सवारियां उठाने में करते हैं जबकि रोडवेज गेट सामने ही है। इसी प्रकार बहराइच रूट के लिए इंडियन बैंक के सामने का क्षेत्र टैक्सी स्टैंड जैसे इस्तेमाल हो रहा है। जयनारायण चौराहे से रेलवे ब्रिज तक का क्षेत्र बलरामपुर रूट टैक्सी स्टैंड और रेलवे स्टेशन के सामने का सर्कुलेटिंग क्षेत्र उतरौला रोड स्टैंड की तरह इस्तेमाल हो रहा है।

आज एकजुट होकर प्रदर्शन करेंगे पेंशनर

गोंडा कार्यालय: विभिन्न विभागों में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पेंशनर्स के सामने कई समस्याएं हैं। बार-बार दौड़ने के बाद उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। इससे नाराज पेंशनर्स कल्याण समिति के तत्वावधान में 4 मार्च 17 सूत्री मांगों को लेकर बुजुर्ग पेंशनर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेंगे। इसके पहले कोषागार के समक्ष उन्हें बुलाया गया है।

समिति के अध्यक्ष केबी सिंह ने बताया कि उन लोगों की मांग है कि प्रमुख सचिव वित्त विभाग की अध्यक्षता में पेंशनर सलाहकार समिति का आयोजन किया जाए। 30 जून व 31 दिसंबर को सेवानिवृत हुए शिक्षकों, कार्मिकों को नेशनल इंक्रीमेंट का लाभ दिया जाए। 65, 70 व 75 वर्ष आयु पूर्ण करने पर क्रमशः पांच, दस और पंद्रह प्रतिशत की वृद्धि दी जाए। राशिकृत पेंशन बहाली 15 वर्ष के स्थान पर 12 वर्ष हो। अन्य प्रदेशों की भांति परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा सुविधा दी जाए। प्राथमिक शिक्षा एवं अन्य सार्वजनिक उपक्रमों को सिविल पेंशनर्स की भांति चिकित्सा सुविधा, विधवा पुत्रवधू को पारिवारिक पेंशन की सुविधा दी जाए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सा परिचर्या नियमावली का सरलीकरण कर प्रधानमंत्री आयुष्मान चिकित्सा सुविधा में सभी प्रकार की विशिष्ट चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

एसपी ने देखी मतदान केंद्रों की हकीकत

लिया जायजा

▸▸ चुनाव के दौरान बदमाशी करने वालों की सूचना देने को कहा

मनकापुर, गोंडा

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन के साथ पुलिस सक्रिय है। एसपी के निर्देश पर सभी थानाध्यक्ष व बीट के कर्मचारी तथा सीओ नियमित भ्रमण कर जायजा ले रहे हैं। चुनाव के दौरान उत्पात मचाने वालों की सूची तैयार की जा रही है। इसके साथ मतदान केंद्र पर आपस में झगड़ा करने वाले व अपराधियों को पाबंद करने की सूची तैयार हो रही है।

भटौरा मतदान केंद्र का निरीक्षण करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

रविवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल मनकापुर क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का अपने अधीनस्थों के साथ जायजा लिया। उन्होंने मतदान केंद्र तक फोर्स को डिप्लाय करने तथा सक्रिय रहकर क्षेत्र में भ्रमण करने के लिए उन रास्तों को देखा जहां कुछ समस्याएं हैं।

उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को सक्रिय रहकर ग्रामीणों से सूचना आदान प्रदान करने को कहा। हर हरकत पर नजर रखने का निर्देश दिया। रविवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पुलिस क्षेत्राधिकारी आरके सिंह व प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के साथ आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर विधान सभा मनकापुर के अन्तर्गत बनाये गये मतदान केन्द्र भिटौरा गांव व बैरीपुर रामनाथ पहुंच कर निरीक्षण किया। एसपी ने क्षेत्राधिकारी को निर्देश दिया कि मनकापुर तहसील क्षेत्र में प्रत्येक थाना अंतर्गत मतदान केंद्र तक वाहनों के आने जाने, फोर्स को तैनात करने तथा किसी समस्या के आने पर त्वरित फोर्स उपलब्ध कराने की पूरी डिटेल मांगी है। साथ ही क्षेत्र में कितने अपराधियों पर कार्रवाई हुई और कितने पाबंद किए गए और कितनों पर कार्रवाई होनी है पूरा ब्योरा मांगा है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले गुंडा एक्ट, गैंगेस्टर व अन्य अपराध में संलिप्त लोगों को क्षेत्र से बाहर का रास्ता दिखाने का आदेश दिया।

इल्म और पर्दा महिलाओं के लिए जरूरी : सय्यदा अंजुम

करनैलगंज, गोंडा: करनैलगंज कस्बे में लड़कियों का एकमात्र दीनी दर्शगाह डिग्री कालेज रोड स्थित जामिया मोहम्मदिया तैय्यबतुल का सालाना जलसा जसने रिदाये आलमियत व फजीलत हर साल की तरह इस साल भी आयोजित किया गया।

जलसे का शुभारंभ तिलावते कुरान पाक से कारिया रेशमा साहिबा ने किया। उसके बाद मोहतरमा आलिमा फाजिला कारिया सय्यदा तबस्सुम साहिबा के साथ साथ वहां मौजूद अन्य कई आलीमाओं ने नात पेश की। कार्यक्रम में आलिमा फाजिला सय्यदा अंजुम प्रिंसिपल जामिया खदियतुल कुबरा रौनाही अयोध्या फैजाबाद ने इल्म की अहमियत और पर्दे पर कहा कि हम महिलाओं के लिए इल्म व पर्दा दोनों का होना बहुत ही जरूरी है। जिसके लिए वहां मौजूद महिलाओं व छात्राओं को अमल करने के लिये प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अगुवाई मदरसे की प्रिंसिपल इशरत जहाँ ने की। कार्यक्रम का समापन दुनिया में अमन चैन की दुआ के साथ किया गया। इस आयोजन में मोहम्मद हफीज सिद्दीकी, मास्टर मोहम्मद अहमद, मुन्ना जरमनी सहित अन्य कई लोगों का अहम योगदान रहा। ये जानकारी मदरसे के संस्थापक व हाजी जुबेर रूमी ने दी है।

सार-संक्षेप

बरात में हुए विवाद में युवक गिरफ्तार

रुपईडीह, गोंडा : बारात में नाचने को लेकर विवाद करने के आरोप में कौड़िया के नदावा बेवइयाँ गांव निवासी कौशल किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी दरोगा सुनील कुमार सिंह व प्रधान आरक्षी रूपेश सिंह द्वारा की गई है।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग करेंगे शिक्षक

रुपईडीह, गोंडा : आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े जाने के लिए ब्लॉक के केआरपी बालमुकुंद पांडेय, एआरपी चंद्रशेखर तिवारी, आशुतोष द्विवेदी, राजदार अहमद व अनिल कुमार चौरसिया को ब्लॉक का मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया गया है। ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए नियुक्त इन सभी लोगों को कल छार मार्च से डाइट दर्जी कुआं में शुरू हो रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने का निर्देश दिया गया है।

युवती को अगवा करने पर दो युवकों के खिलाफ दी तहरीर

इटियाथोक, गोंडा : युवती को भगाने के आरोप में दो युवकों के खिलाफ तहरीर दी गई है। पीड़ित ने बताया कि 25 फरवरी की रात ग्राम जोगिया कला थाना ललिया बलरामपुर के राजू यादव व पेशकार उसकी भतीजी को बहला फुसलाकर घर से भगा ले गए हैं। कई दिन खोजबीन करने के बाद भी भतीजी का पता नहीं चला। शनिवार को दोनों युवकों के बारे में जानकारी होने पर नामजद तहरीर थाने पर दी गई है।

पत्रकार के बेटे का आकस्मिक निधन, शोक

करनैलगंज, गोंडा : तहसील क्षेत्र के करुवा निवासी वरिष्ठ पत्रकार राम आशीष गोस्वामी के 27 वर्षीय पुत्र आलोक गोस्वामी का रविवार की भोर में आकस्मिक निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार अलोक लखनऊ के एक निजी अस्पताल में ओटी टेक्नीशियन के पद पर तैनात थे। वहीं सुबह 4 बजे तक ड्यूटी करने के बाद वह सोफे पर बैठ गए इसी बीच उन्हें दिल का दौरा पड़ गया। अस्पताल के चिकित्सकों ने तत्काल इलाज शुरू किया, लेकिन तब तक उन्होंने अंतिम सांस ले ली। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद देर शाम शव उनके पैतृक गांव करूवा पहुंचा। सुबह से ही लोगों का तांता लगा रहा।

सड़क पर खोदा गया गड्ढा राहगीरों के लिए बना मुसीबत

करनैलगंज, गोंडा : गोंडा लखनऊ मार्ग स्थित करनैलगंज बस स्टॉप से कटरा मोड़ पर सड़क काफी दिन पहले ही टूट चुकी है। जिससे सड़क पर बड़ा सा गडढा हो गया है। हालांकि जिम्मेदारों न बजरी आदि डालकर गडढे को भरने का प्रयास जरूर किया है। लेकिन यह नाकाफी साबित हो रहा है। गडढे में फंसकर आये दिन वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही हैं। जबकि जिम्मेदार इस तरफ ध्यान देना ही भूल बैठे हैं।

विवेचना में लापरवाही पर उप निरीक्षक निलंबित

गोंडा कार्यालय : नगर कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक मनोज सिंह को विवेचना में लापरवाही भारी पड़ी है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मनोज सिंह को निलंबित कर दिया है। प्रत्येक समीक्षा बैठक में लंबित विवेचनाओं के निस्तारण पर जोर दिया जाता है। एसपी खुद कई बार विवेचकों को उनकी शिथिलता पर फटकार लगा चुके हैं, इसके बावजूद विवेचक लापरवाही बरत रहे हैं। नगर कोतवाली के बड़गांव चौकी पर तैनात उप निरीक्षक मनोज सिंह की विवेचना में लापरवाही सामने आने पर एसपी विनीत जायसवाल ने रविवार को उन्हे निलंबित कर दिया।

कार की टक्कर से पिता-पुत्र गंभीर, रेफर

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

करनैलगंज, गोंडा : स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गोंडा लखनऊ मार्ग पर कादीपुर के पास कार की टक्कर से बाइक सवार बाप बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थाना कटरा बाजार क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरी मांझा निवासी सम्मय प्रसाद 70 वर्ष अपने बेटे मोहित 35 वर्ष के साथ बाइक से गोंडा की तरफ जा रहे थे। इसी बीच कादीपुर के पास धर्मकांटा के सामने एक कार ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक ये दोनों पिता पुत्र एक बाइक से करनैलगंज आए थे और वापस घर लौट रहे थे। चौरी चौराहा होते हुए कटरा जाते, लेकिन धर्मकांटा के समीप ही दुर्घटना के शिकार हो गए। बुजुर्ग सम्मय प्रसाद का दाहिना पैर व मोहित का भी दाहिना पैर टूटा है। दोनों की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टर मुदस्सिर ने रेफर कर दिया। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने बताया तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

इंटरलॉकिंग के चलते गोंडा से निरस्त रहेंगी 12 ट्रेनें

गोंडा कार्यालय: रेलवे प्रशासन ने लखनऊ मंडल के गोंडा-बुढ़वल खंड पर तीसरी लाइन निर्माण के परिप्रेक्ष्य में गोंडा कचहरी एवं करनैलगंज रेलवे स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलाकिंग कार्य किये जाने के कारण कई गाड़ियों को निरस्त, मार्ग परिवर्तन एवं पुनर्निर्धारण किया है।

छपरा व मथुरा से 04 मार्च को चलने वाली 22531/22532 छपरा कचहरी-मथुरा-छपरा कचहरी त्रैसाप्ताहिक एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। छपरा कचहरी से 03 एवं 04 मार्च को चलने वाली 15114 छपरा कचहरी-गोमतीनगर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोमतीनगर से 04 एवं 05 मार्च को चलने वाली 15113 गोमती नगर-छपरा कचहरी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। ऐशबाग से 03 से 05 मार्च तक चलने वाली 15070 ऐशबाग-गोरखपुर कैंसिल रहेगी। गोरखपुर से 04 से 06 मार्च तक चलने वाली 15069 गोरखपुर-ऐशबाग एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ एवं गोरखपुर से 04 एवं 05 मार्च, 2024 को चलने वाली 12531/12532 गोरखपुर-लखनऊ जं.-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। मैलानी से 04 मार्च को चलने वाली 15010 मैलानी-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ एवं पाटलिपुत्र से 04 एवं 05 मार्च को चलने वाली 12530/12529 लखनऊ जं.-पाटलीपुत्र-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

स्मार्ट फोन पाते ही खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

स्नातक पास 190 विद्यार्थियों को दिया गया स्मार्टफोन, पढ़ाई में होगा फायदा

धानेपुर, गोंडा: धानेपुर के चंद्रशेखर श्याम राजी महाविद्यालय में रविवार को स्नातक पास 190 छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। स्मार्ट फोन पाकर छात्रों को चेहरे खिल उठे। सरकार को धन्यवाद देते हुए उन्होने कहा कि इससे उन्हे पढ़ाई करने में सहूलियत होगी।

स्नातक पास छात्र छात्राओं को तकनीकी शिक्षा में दक्ष बनाने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से स्मार्ट फोन वितरित किया जा रहा है। योजना के तहत धानेपुर के माधवगंज स्थित चन्द्रशेखर श्यानराजी महाविद्यालय से पिछले शैक्षिक सत्र में स्नातक उत्तीर्ण कर चुके 274 छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन प्रदान किया जाना है। इनमें बीए व बीएससी पास करने वाले विद्यार्थी शामिल हैं। रविवार को महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन कर इन विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन बांटा गया। महाविद्यालय के प्रबंधक नित्यानंद शुक्ला व प्राचार्य डा श्रीनिवास द्विवेदी ने फोन का वितरण किया। फोन वितरण करते हुए प्रबंधक नित्यानंद शुक्ला ने विद्यार्थियों से कहा कि वह इसका प्रयोग अपनी पढ़ाई के लिए करें। स्मार्टफोन पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। उन्होने इसके लिए सरकार का आधार जताते हुए कहा कि फोन से उन्हें पढ़ने में सहूलियत होगी। प्राचार्य व नोडल अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया कि महाविद्यालय से स्नातक पास कर चुके बीए व बीएससी को 274 छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन दिया जाना है। रविवार को 190 विद्यार्थियों को फोन वितरित किया गया है। शेष छात्र छात्राओं को आने पर उन्हे स्मार्ट फोन प्रदान किया जायेगा। इस दौरान वीरेंद्र पांडेय, अशोक शुक्ला, जगदंबा प्रसाद कनौजिया, प्रवेश वर्मा, रमाकांत दूबे, शुक्ला प्रसाद शुक्ला समेत महाविद्यालय के शिक्षक व बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

स्मार्ट फोन मिलने के बाद खुशी जताते विद्यार्थी। अमृत विचार

शहर के सिविल लाइन फीडर से आठ घंटे बंद रही बिजली

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: रविवार को मौसम के बिगड़े मिजाज के चलते हो रही बारिश व तेज हवा के कारण जिले की बिजली आपूर्ति चरमरा गयी। शहरी इलाके के साथ ग्रामीण क्षेत्र की सप्लाई ठप हो गयी। अधिकतर क्षेत्र अंधेरे में डूब गए हैं। शहर के सिविल लाइन इलाके की बिजली सुबह सात बजे से दोपहर तक बंद रही। इस पावर कट के चलते लोगों को आठ घंटे तक मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

शनिवार दोपहर से बिगड़ा मौसम का मिजाज रविवार को दिन भर बना रहा। पूरे दिन रुक रुक कर बारिश होती रही। दोपहर बाद बरसात ने रफ्तार पकड़ी और करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई। इस बारिश से शहर और ग्रामीण क्षेत्र के कई इलाकों में पानी भर गया। बारिश के साथ तेज हवा से जिले भर का बिजली व्यवस्था चरमरा गयी। शनिवार की रात से ही ग्रामीण इलाकों की आपूर्ति ठप रही। वहीं रविवार की सुबह से आधे शहर की बिजली गुल रही। शहर के सिविल लाइन उपकेंद्र से सुबह सात बजे कटी बिजली दोपहर तीन बजे के बाद ही बहाल हो सकी। इस दौरान करीब 8 घंटे तक लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मनकापुर में 33 केवीए हाईटेंशन लाइन का केबिल बॉक्स जल जाने से क्षेत्र के महादेवा, सतिया, परसापुर थनवा, सुरजापुर व हरदवा गांव की बिजली शनिवार की रात से ही ठप रही। करनैलगंज तहसील क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रही। देर शाम तककर्मचारी लाइन दुरुस्त करने में जुटे रहे। धानेपुर इलाके में भी लाइन ट्रिपिंग को चलते कई बार बिजली बाधित हुई। खरगूपुर चांदपुर उपकेंद्र बारिश और तेज हवा के चलते बंद रहा। शनिवार से ही इस इलाके की बिजली गुल है।

चालू करते ही जल उठी मोटरसाइकिल

बभनजोत, गोंडा: गौरा चौकी बाजार में एक बाइक अचानक धू-धूकर जल उठी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। रविवार को इसरार अहमद निवासी गोटवा बाजार थाना नगर जिला बस्ती पल्सर मोटरसाइकिल से फैजाबाद से डुमरियागंज जा रहे थे कि गौरा चौकी बाजार में फल लेने के लिए रुके। फल खरीदने के बाद मोटरसाइकिल चालू करने लगे कि अचानक अज्ञात कारणों से मोटरसाइकिल में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपट इतनी तेज हो गई कि जब तक आसपास के लोग उसे बुझाने के लिए दौड़े तब तक मोटरसाइकिल पूरी तरह से जल गई।

आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

बभनजोत, गोंडा: दो दिनों से हुई बारिश, तेज हवा व ओलावृष्टि के बीच आकाशीय बिजली भी गिरी। आकाशीय बिजली गिरने की कई घटनाएं हुईं। यह बिजली कहीं पेड़ तो कहीं बिजली के खंभे पर गिरने की सूचना मिली लेकिन खोड़ारे थाना क्षेत्र के केशव नगर ग्रांट के लवटनवा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। इससे गांव में कोहराम मच गया।

रविवार को दोपहर बाद तेज हवा के साथ बारिश होने लगी। इसी के साथ तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरी। इसी दौरान अमित कुमार वर्मा उर्फ छोटू (28) पुत्र आत्माराम वर्मा अपने खेत में ट्रॉली पर गन्ना लोड कर रहे थे। अचानक आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौके पर मौत हो गई।

घटना की जानकारी होने पर क्षेत्र के आसपास के लोग देखने के लिए दौड़ पड़े। सूचना पर पहुंची खोड़ारे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

प्रसन्नता सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया को फिर से टिकट देने पर शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार, मसकनवा में भी कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

टिकट के ऐलान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, बांटी मिठाई

गोंडा कार्यालय: जिले के वर्तमान सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया को फिर उम्मीदवार बनाए जाने पर भाजपाइयों ने जश्न मनाया। धानेपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर उन्होंने एकदूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। वहीं बड़गांव स्थित बीजेपी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने बैठक कर प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया।

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शनिवार को 51 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इस सूची में जिले के सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया को फिर उम्मीदवार बनाया गया है। टिकट मिलने की खुशी में पटाखे फोड़े गए। कार्यकर्ताओं ने भारत माता के जयकारे भी लगाए। इस दौरान विनोद सिंह, अजय सिंह, संजय सिंह, अनुज मिश्रा, सालिक राम बारी, व्यास नरायन पांडेय, अनूप सिंह, सतीश तिवारी, खेमराज मिश्रा, सुरेश तिवारी आदि मौजूद रहे। वहीं बडगांव में बैठक कर राजा भैया को प्रत्याशी बनाए जाने पर खुशी जताई गई। इस मौके पर शेष चौरसिया, शांति देवी चौरसिया, सचिन चौरसिया, आर्यन, जज्जू चौरसिया, राकेश सिंह, गुलगुल सिंह, दुर्गेश चौरसिया, रिशु कनौजिया, चंद्रिका पासवान, राधेश्याम साहू, कैलाश चौरसिया, जुग्गी लाल साहू, निर्मल तिवारी, मंटू चौरासिया, प्रशांत श्रीवास्तव, पप्पू साहू, रामू पासवान, विशाल शुक्ला, वीरू कनौजिया, निहाल वर्मा, रवि वर्मा आदि शामिल रहे।

धानेपुर स्थित पार्टी कार्यालय पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

एकदूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताते कार्यकर्ता। अमृत विचार

सांसद को प्रत्याशी बनाए जाने पर हर्ष: मसकनवा: भाजपा द्वारा गोंडा से सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को पार्टी का प्रत्याशी घोषित करने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। मसकनवा कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने मिठाइयां बांटीं। भाजपाइयों ने मसकनवा फार्म हाउस पर बैठक कर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। पूर्व जिपंस दिनेश शुक्ल ने कहा मोदी और योगी के नेतृत्व में क्षेत्र का समुचित विकास हुआ है। इस मौके पर दिनेश शुक्ल, भूपेश मिश्रा, अवधेश कुमार मिश्रा, सुनील पाण्डेय, जगन्नाथ चतुर्वेदी, राम जी श्रीवास्तव, सच्चिदानंद पाण्डेय, जितेन्द्र पाण्डेय, अनिल मिश्रा, ओम प्रकाश पाण्डेय, सुनील वर्मा, राजन सिंह, भूप नारायण, प्रेमचंद्र मणि, वेद प्रकाश शुक्ला, जनार्दन, अंगद वर्मा, विजय बहादुर सिंह, प्रदीप गुप्त, सुनील गौड़, संतराम वर्मा, राधेश्याम वर्मा आदि मौजूद रहे।

(खा.ग्रा. आयोग से प्रमाणित)
क्षेत्रीय श्री गाँधी आश्रम, सुभाषनगर गोण्डा

निविदा सूचना

खादी ग्रामोद्योग आयोग (सूक्ष्म लघु एवं मध्यम मंत्रालय भारत सरकार) की विपणन अवसंरचना को लिए सहायता योजना के अर्न्तगत क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम सुभाषनगर, गोण्डा के निम्नलिखित खादी भण्डार के नवीनीकरण / सुसज्जिकरण हेतु सरकार द्वारा पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से सीलबंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

क. स.	स्थान	संभावित धनराशि	ई0एम0डी0	निविदा जमा करने की तिथि
1	श्री गांधी आश्रम चौक बाजार, गोण्डा	9.50 लाख	निविदा राशि का 2% डिमाण्ड ड्राफ्ट	विज्ञापन की तिथि से 21 दिन तक
2	श्री गाँधी आश्रम नरायन मार्केट बलरामपुर	9.00 लाख	निविदा राशि का 2% डिमाण्ड ड्राफ्ट	निविदा राशि का 2% डिमाण्ड ड्राफ्ट

इच्छुक फर्म / ठेकेदार उपरोक्त कार्य हेतु इस अवधि में निविदा फार्म रू0 500.00 का ड्राफ्ट / नगद संस्था में प्रातः 10: 00 बजे से सायं 04:00 बजे तक जमा कराकर प्राप्त कर सकते है। निविदा कार्यालय के पते पर दस्ती अथवा डाक द्वारा सीलबंद लिफाफे में जमा कराई जा सकती है। निविदा के साथ 2% की जमानत राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो संस्था क्षेत्रीय श्री गाँधी आश्रम सुभाषनगर, गोण्डा के पक्ष जारी हो जमा कराना आवश्यक है। निविदाए 21वें दिन सायं 03: 00 बजे खोली जाएगी सशर्त व नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। समस्त अथवा किसी भी निविदा को पूर्ण रूपेण या आंशिक रूप से स्वीकृति / अस्थीकृति करने का अधिकार संस्था के मंत्री का होगा।

बालकेश्वर मिश्र
क्षेत्रीय श्री गाँधी आश्रम, गोण्डा
मो.न.:- 9415684762

एक नजर

बाइकों की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल

मसकनवा, गोंडा : छपिया थाना क्षेत्र के मसकनवा गांव के पास आमने सामने मोटरसाइकिल की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपिया में भर्ती कराया। जहां पर घायलों के हालात गंभीर होने पर डॉक्टरों ने मेडिकल कालेज दर्शन नगर अयोध्या के लिए रेफर कर दिया। ड्यूटी पर तैनात ईएमटी अजय कुमार पाण्डेय पायलट हरीश त्रिपाठी के निगरानी में एम्बुलेंस के माध्यम से मेडिकल कॉलेज अयोध्या में घायलों को भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान छपिया थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी अमित पाण्डेय पुत्र राजेश पाण्डेय (25) वर्ष व दरियापुर के तिलकराम यादव पुत्र गुग्गी लाल यादव (25) के रूप में हुई है।

21 करोड़ से संवरेंगे 24 सरकारी व नौ एडेड इंटर कॉलेज

एमएलसी मंजू सिंह और जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बटन दबाकर किया शिलान्यास

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: प्रोजेक्ट अलंकार के तहत जिले के 24 राजकीय स्कूलों व नौ सहायता प्राप्त अशासकीय इंटर कालेजों का 21 करोड़ रुपये की लागत से संवारा जायेगा। प्रस्तावित लागत का 75 प्रतिशत हिस्सा शासन के सहयोगी अनुदान से तथा 25 प्रतिशत धनराशि विद्यालय मैचिंग सहयोगी अनुदान से खर्च किया जायेगा। इसके सापेक्ष 40 प्रतिशत धनराशि इन स्कूलों के बैंक खाते में भेज दी गयी है। रविवार को विधान परिषद सदस्य मंजू सिंह व जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बटन दबाकर इन स्कूलों के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

शिलान्यास करते एमएलसी अवधेश सिंह उर्फ मंजू सिंह व डीएम नेहा शर्मा।

प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत जिले के 24 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों व नौ अशासकीय सहायता प्राप्त इंटर कॉलेजों का चयन किया गया है इन चयनित स्कूलों में वृहद निर्माण के कार्य कराए जाने हैं। इसके लिए 21 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है। इस बजट से इन स्कूलों में अतिरिक्त कक्षा कक्ष, मल्टीपरपज हॉल, पुस्ताकालय, बालक बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय व मरम्मत का अन्य कार्य कराया जाना है। प्रस्तावित बजट के सापेक्ष सरकार ने 24 राजकीय इंटर कालेज के लिए 7.27 करोड़ व 9 एडेड कालेजों के लिए 1.86 करोड़ का बजट जारी कर दिया है। इन निर्माण कार्य के शुभारंभ के लिए रविवार को जिला पंचायत सभागार में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में गोंडा बलरामपुर सीट से विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह व जिलाधिकारी नेहा शर्मा, सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्रा व तरबगंज विधायक प्रतिनिधि मनोज पांडेय ने बटन दबाकर इन कार्यों का शिलान्यास किया। वहीं लखनऊ में मुख्यमंत्री कि तरफ से किए जा रहे शिलान्यास समारोह का सजीव प्रसारण भी किया गया। डीएम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 6 मदों में-स्वच्छ पाईप पेयजल सुविधा, बालक बालिकाओं हेतु पृथक-पृथक से शौचालय ब्लाक की स्थापना, अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, प्रयोगशाला, मल्टीपरपज हाल एवं पुस्तकालय कक्ष के निर्माण के लिए प्रथम किश्त की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। निर्माण की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था यूपी सिडको को सौंपी गयी है। जबकि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के नव निर्माण एवं मरम्मत कार्य के लिए शासन सहयोगी अनुदान एवं विद्यालय के मैचिंग धनराशि सम्बन्धित विद्यालय के कार्यदायी संस्था-प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य को अवमुक्त की जा चुकी है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, एक्सईएइएन यूपी सिडको डीके सिंह, एई यूपी सिडको अतुल कुमार मिश्रा सहित संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रबंधक तथा विभाग के सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

पांच चौकी प्रभारी समेत 12 उप निरीक्षक इधर से उधर

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने 5 चौकी प्रभारी समेत 12 उप निरीक्षकों की तैनाती में बदलाव किया है। इस फेरबदल में नगर कोतवाली चौकी क्षेत्र के जेल रोड चौकी प्रभारी सुरेश मणि मिश्र को हटाकर कौड़िया थाने में तैनात किया गया है। वहीं एसपी के रीडर रहे विजय कुमार शर्मा को कोतवाली देहात में तैनाती दी गयी है।

चौकी प्रभारी रगड़गंज अरुण कुमार गौतम को चौकी प्रभारी ढेमवाघाट, चौकी प्रभारी हलधरमऊ पवन कुमार गिरी को चौकी प्रभारी रगड़गंज, ढेमवाघाट चौकी प्रभारी साहेब कुमार को चौकी प्रभारी तिवारी बाजार थाना कोतवाली नगर, चौकी प्रभारी धोबहाराय कटरा बाजार को चौकी प्रभारी हलधरमऊ बनाया गया है।

कौड़िया थाने में तैनात रहे उप निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह को चौकी प्रभारी पहाड़ापुर थाना कटरा बाजार बनाए गए हैं। पुलिस लाइन में तैनात रहे उप निरीक्षक बब्बन सिंह को करनैलगंज, धीतेंद्र सिंह को खरगूपुर व राजेश कुमार दूबे को देहात कोतवाली भेजा गया है। उप निरीक्षक सुभाषचंद्र मिश्रा को पुलिस लाइन से इटियाथोक व तरबगंज क्षेत्राधिकारी पेशी रहे उप निरीक्षक रामकेश भारती को थाना वजीरगंज भेजा गया है।

ओलावृष्टि व बारिश से सरसों की फसल चौपट

तेज हवा के कारण विद्युत पोल से टकराई आकाशीय बिजली, कई इलाकों में पसरा अंधेरा

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: शनिवार की दोपहर बाद शुरू हुई हलकी बारिश ने रात व रविवार को दिन में भीषण रूप धारण कर लिया। शनिवार रात व रविवार को हुई बारिश के साथ कई इलाकों में जमकर ओलावृष्टि हुई और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। आकाशीय बिजली गिरने तथा तेज हवाओं के साथ बारिश के कारण कई स्थानों पर बिजली गुल हो गई। ग्रामीण इलाकों में तो कई जगह पर पूरी रात बिजली नहीं आई जबकि ओलावृष्टि व हवाओं के साथ बारिश से सरसो की फसल चौपट हो गई। दलहनी फसल अरहर की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है।

परसपुर क्षेत्र के बेलसर मार्ग पर रविवार को दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ हुए झमाझम बरसात व ओलावृष्टि के समय ग्यारह हजार वोल्टेज आपूर्ति का खम्भा आकाशीय बिजली की जद में आ गया। आसमान में गड़गड़ाहट व तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली के टकराव से खम्भे के तार से तेज चिंगारी निकलने लगी। यह देख लोगों में अफरा तफरी हो गई। वहीं परसपुर चौराहा के समीप भी विद्युत पोल में आकाशीय बिजली टकराने की चर्चा रही। दो दिनों से हुए मौसम में बदलाव होने के चलते आसमान में बादल छाए रहे हैं। शनिवार को भी दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ हल्की बरसात के बाद लोगों ने ठंडक महसूस किया।

परसपुर इलाके में हुई ओलावृष्टि। अमृत विचार

बारिश में सड़क से गुजरता राहगीर।

बारिश और हवा से टेढ़ा हुआ पोल।

रविवार को भी सुबह से ही आसमान में छाए बादल के बीच हल्की बूंदाबांदी हुई और देखते ही देखते दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदल गया और तकरीबन बीस मिनट तक कई जगहों पर बर्फबारी के साथ झमाझम बरसात हुई। फिलहाल रुक रुककर रिमझिम बरसात का यह सिलसिला देर शाम तक रहा है। धूप नहीं निकलने से फिर एक बार मौसम सर्द के गिरफ्त में आ गया।

ग्राम बहुवन मदार माझा, पसका, पूरे, तिवारी, राजापुर, दुरौनी, सकरौर, भौरीगंज, चरसडी समेत कई गाँव में बरसात के साथ बर्फ के बड़े बड़े टुकड़े गिरने से किसानों की फसल प्रभावित हुई है।

बहुवन मदार माझा के किसान चन्द्रहास सिंह मन्टू ने बताया कि पककर तैयार सरसों की फसल को ज्यादा नुकसान हुआ है। गेंहू की फसल में निकली फली बालियां बर्फबारी के चपेट में आकर झुक गयी। उन्होंने बताया कि बरसात में बर्फबारी होने से गांव के खेत में काम पर निकले किसान सुख मंगल 32 वर्ष, कल्लू 19 वर्ष चोटिल हो गये। किसानों ने बताया कि एक तरफ बरसात होने से गेहूं के फसल को फायदा होने की उम्मीद बढ़ी है। किसानों ने तेज हवाओं के साथ बरसात होने से फसल बर्बाद होने की आशंका जताई। राजापुर के किसान कुलदीप सिंह ने बताया कि यह बरसात गेहूं के लिए फायदा तो सरसों के लिए काफी नुकसानदायक है। क्योंकि सरसों फसल पककर तैयार है। काटने के वक्त बरसात के साथ तेज हवा चलने व बर्फबारी होने से तैयार सरसों खेत में गिर गई है। बताया जा रहा है कि कई दिनों से तेज धूप निकलने गर्मी का अहसास होने लगा था। किन्तु शनिवार की सुबह से अचानक मौसम फिर बदल गया और बादल छा गए। वैवाहिक कार्यक्रमों की धूम के चलते सामानों की खरीदारी करने में लोगों को काफी दिक्कतें हुईं।

बारिश से लहलहाती गेहूं की फसल। अमृत विचार

बारिश से तिलहनी और दलहनी फसलों को नुकसान

करनैलगंज तहसील इलाके में बीते दो दिनों से हो रही रुक रुक कर बारिश के बीच रविवार को कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि भी हुई। जिससे किसानों की तिलहनी व दलहनी फसलों को जहां नुकसान हुआ है, वहीं गेहूं की फसल को फायदा हुआ है। बारिश के चलते क्षेत्र में बिजली व्यवस्था भी चौपट हो गई है। शनिवार की देर रात से शुरू हुई झमाझम बारिश के साथ बिजली भी गुल हो गई जोकि रविवार दोपहर बाद तक चालू नहीं की जा सकी। विद्युत उपखंड अधिकारी एनएन भारतीय का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र में कुछ जगहों पर तार गिरने से समस्या आई थी जिसे सही करने में विद्युत कर्मी लगे है। शाम तक लाइन चालू हो जाएगी। मनकापुर में जंगल के बीच 5 ग्राम पंचायत हैं जिसमें महादेवा, सतिया, परसापुर थनावा, सुरजापुर, व हरदवा में रात 12 बजे से लाइट नहीं है। सुबह रघुराज नगर फीडर पर लाइट न आने के बारे में पता किया गया तो बताया गया कि रात में बरसात के कारण 33 केवी लाइन में तरबगंज रोड पर केबल बाक्स जल गया है जिस कारण विद्युत व्यवस्था बंद है। जल्द ही उसे बना कर विद्युत बहाल हो जाएगी। शहर में भी दोपहर में करीब ढाई घंटे तक बिजली गुल रही। आसमान से बिजली के कड़कने की आवाज से लोग सहमे रहे। रह-रह कर तेज हवा व बारिश से लोग बेहाल रहे।

हल्की बरसात ने खोलकर रख दी चाक-चौबंद व्यवस्था की पोल

करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार: रविवार को दिन में हुई हल्की सी बरसात ने सारी चाकचौबंद व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है। दोपहर में हुई बरसात से पहले से ही जल निकासी की त्रासदी झेल रहे नगर करनैलगंज की कई सड़कों को जलमग्न कर डाला।

बरसात के बाद नगर की स्टेशन रोड कीचड़ युक्त पानी भर गया। जिसमें से होकर वाहन चालकों को गुजरना पड़ रहा था। तो वहीं नगर में कई अन्य स्थानों पर भी जलजमाव जैसी स्थिति नजर आई। ऐसे में अन्य राहगीरों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना था कि जब बरसात से पहले ही यह हाल है तो बरसात के मौसम में क्या आलम होगा।

बारिश से सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार

दो वांछित आरोपी किए गए गिरफ्तार

उमरी, बेगमगंज: गोंडा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान में उमरी बेगमगंज पुलिस ने न्यायालय से फरार घोषित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

थाना अध्यक्ष संजू वर्मा ने बताया कि अनीता देवी पत्नी दीप राज यादव निवासी गोपालपुर पारस पट्टी पुरवार राम अचल यादव निवासी कोटहन पुरवा ग्राम सभा बनुआ को न्यायालय के आदेश के क्रम में गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है टीम में उप निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी अवधेश यादव कांस्टेबल पीयूष यादव राहुल कुमार महिला कांस्टेबल रितिमा रहीं।

अलग-अलग मारपीट में आठ लोगों पर केस

मनकापुर, गोंडा

अमृत विचार: रास्ते के विवाद में दो अलग-अलग गांव के आठ लोगों के खिलाफ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

क्षेत्र ग्राम मिश्रौलिया गोसाई के मजरा नगराडीह के रहने वाले धर्मेन्द्र यादव पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि क्षेत्र के ग्राम मछली गांव के ही विपक्षी ननकू, चरगे, सादिक व अब्दुल्ला ने एक राय होकर घर जाते समय रास्ते में रोक करके लाठी डंडे व मूका थप्पड़ से मारा पीटा। पुलिस ने उक्त चार लोगों के खिलाफ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के ग्राम अम्बरपुर के मजरा बड़की खेसरी के रहने वाले बब्बन ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि बीते शनिवार की देर सायं अपने खेत से घर जाते समय गांव के ही जगदम्बा, दिनेश, कमलेश व पुष्पा देवी ने रास्ता रोक कर कहा कि इधर से क्यों जा रहे हो। इस पर उसे रोकने का कारण पूछने पर उक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारापीटा। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि दोनों पीड़ित की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ मार-पीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

घर से निकलने वाली थी बरात प्रेमिका ने थाने पर किया हंगामा

नवाबगंज, गोंडा: शादी के लिए दूल्हा बरात लेकर निकलने वाला था कि प्रेमिका ने थाने पर हंगामा कर दिया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने दूल्हे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शादी रुकवा दी।

इस्माइलपुर गांव निवासी एक दूल्हा शनिवार को अपनी बरात लेकर थाना क्षेत्र के एक गांव के लिए निकलने वाला था। तभी दूल्हे की प्रेमिका ने थाने पर पहुंच दूल्हे के साथ चार साल पहले कोर्ट में शादी करने की बात कह कर शादी रुकवाने की मांग की। टाल-मटोल के बाद पुलिस ने दूल्हे के परिजनों को थाने पर बुलाकर मामले के बारे हकीकत जानने का प्रयास किया। दोनों पक्षों की बातचीत के बाद मामले का हल न निकलने के बाद पुलिस ने प्रेमिका की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। उधर लड़की वालों को दूल्हे के पहले से कोर्ट मैरिज करने के बारे में जानकारी मिलते ही शादी करने से इंकार कर दिया। दूल्हे की प्रेमिका, उसकी चचेरी विधवा भाभी है। प्रेमिका ने बताया कि उसकी शादी करीब बारह साल पहले हुई थी। उसके एक ग्यारह साल का लड़का भी है। उसके पति की छह साल पहले मृत्यु हो गई थी। उसके बाद उसके चचेरे देवर ने प्रेमजाल में फंसा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। नवंबर 2020 में कोर्ट में जाकर दोनों ने शादी कर लिया और दोनों पति-पत्नी के रूप में रहने लगे। पीड़ित प्रेमिका ने बताया कि शादी के बाद से ही प्रेमी उसके साथ मार-पीट करते हुए दहेज की मांग करने लगा। प्रेमी व पति से परेशान हो वह अपने मायके चली आई। शनिवार को जानकारी मिली कि उसका पति शादी करने जा रहा है। तब वह थाने पर पहुंच कर शादी रूकवाने की गोहार लगाई। देर रात तक दोनों पक्षों का थाने पर जमावड़ा लगा रहा।

राम-सीता व शिव की निकाली शोभायात्रा

रुपईडीह, गोंडा: प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में कस्बा कौड़िया बाजार में रगड़गंज केंद्र की प्रभारी बीके सुनीता व जिला पंचायत सदस्य मनोज कुमार शुक्ल की अगुवाई में भाई बहनों ने शिव जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर भगवान राम, सीता, राधे कृष्ण व शिव जी की शोभायात्रा निकाली।

शोभायात्रा में ग्राम प्रधान विवेक शुक्ल और सुनील कुमार, गिरीश चंद्र पार्टी, योगिनी, चंद्रशेखर तिवारी, गंगा, प्रमेश त्रिपाठी, पावनी, सुदामा सोनी, देवी, सत्यम, रामदुलारे मिश्र, ननकू, विमल कुमार, दीप नारायण सोनी, बीके आदि शामिल रहे।

प्रधान के घर में हुई लूट की रिपोर्ट दर्ज

खरगूपुर, गोंडा: प्रधान के घर हमला, जेवर व नकदी की लूट सहित वाहन में तोड़फोड़ तथा फायर करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर सात नामजद सहित पांच अज्ञात पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

मामला ढाई साल पूर्व थाना क्षेत्र के पंचायत बलही जोत का है। यहां की प्रधान अवंतिका पांडे का आरोप है कि चार नवंबर 2021 को गांव के ही सालिक राम, दीपक, पिंटू, राम विलास आदि द्वारा उसके घर में घुसकर हमला किया गया था तथा आलमारी से 15 लाख रुपये के जेवर तथा पांच लाख नकद लूट ले गए। आरोप है कि आरोपी ग्राम पंचायत में विकास के लिए आए धन की मांग करते थे जिसे न पूरा करने पर उक्त घटना को अंजाम दिया था। अवंतिका पांडे का यह भी आरोप है कि घटना के बाद 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी गई। लेकिन पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद डीआईजी पुलिस अधीक्षक तथा जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। पीड़िता ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की थी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोण्डा

पत्रांक: 2110 /एक-ई-निविदा/टैम्पो/ई-रिक्शा/2023-24 दिनांक:-29 फरवरी, 2024

ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, गोण्डा के क्षेत्रान्तर्गत टैम्पो/ ई-रिक्शा ठहराव शुल्क की वसूली हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए इच्छुक व्यक्तियों / फर्मो से दिनांक 01.03.2024 से 16.03.2024 सायं 05: 00 बजे तक, ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जो 18.03.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे निविदा समिति के द्वारा खोली जायेगी। निविदा शुल्क आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से खाता संख्या 50364326709 IFSC Code IDIB000C637 इण्डियन बैंक शाखा कलेक्ट्रेट परिसर गोण्डा में जमा करना अनिवार्य होगा। शुल्क जमा किये बिना अपलोड किये जाने वाली निविदा निरस्त कर दी जायेगी। निविदा की नियम व शर्ते www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
गोण्डा

कार्यालय ग्राम पंचायत तिलका, विकास खण्ड कटरा बाजार, गोण्डा

पत्रांक :- मेमो दिनांक: - 28/02/2024

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-2024 में मनरेगा योजनान्तर्गत चयनित कार्य कुकुरभुकवा में सुरेन्द्र के घर से मोतीलाल के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे- ईट, सीमेन्ट, गिट्टी, मौरंग, बालू, ईट रोड़ा, स्था0 बालू इत्यादि सामानों से आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक : - 04-03-2024 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा को लेकर किसी भी प्रकार का अधिकार ग्राम प्रधान का होगा।

निविदा खुलने की तिथि- 05-03-2024

अभिषेक सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत तिलका,
वि0ख0-कटरा बाजार - गोण्डा
पिन-271503

रविन्द्र कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तिलका,
वि0ख0-कटरा बाजार - गोण्डा
पिन-271503

कार्यालय ग्राम पंचायत तिलका, विकास खण्ड कटरा बाजार, गोण्डा

पत्रांक :- मेमो दिनांक: - 28/02/2024

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-2024 में मनरेगा योजनान्तर्गत चयनित कार्य सुभानअल्ला के घर से किशोरी के घर तक सी0सी0रोड निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे- ईट, सीमेन्ट, गिट्टी, मौरंग, बालू, ईट रोड़ा, स्था0 बालू इत्यादि सामानों से आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक : - 04-03-2024 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा को लेकर किसी भी प्रकार का अधिकार ग्राम प्रधान का होगा।

निविदा खुलने की तिथि- 05-03-2024

अभिषेक सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत तिलका,
वि0ख0-कटरा बाजार - गोण्डा
पिन-271503

रविन्द्र कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तिलका,
वि0ख0-कटरा बाजार - गोण्डा
पिन-271503

दिखाई प्रतिभा आरबीएलबी चिल्ड्रेन एकेडमी मोकलपुर धर्मेंद्र नगर में कार्यक्रम का आयोजन, प्रतियोगी परीक्षाओं में टॉप टेन बच्चों को किया गया सम्मानित

वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

बभनजोत, गोंडा

अमृत विचार: आरबीएलबी चिल्ड्रेन एकेडमी मोकलपुर धर्मेंद्र नगर में रविवार को 18वां वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र पाठक ने दीप प्रज्जवलन व माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया। गायक गया लाल यादव ने गीत के माध्यम से कार्यक्रम का संचालन किया। विद्यालय के प्रबंधक ने सभी का स्वागत किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में आने वाले बच्चों को सम्मानित किया। इसमें शाक्षी यादव, ममता जायसवाल, सत्या वर्मा सहित अन्य बच्चों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मान स्वरूप दीवाल घड़ी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भाजपा शिव प्रसाद यादव, सत्य प्रकाश मिश्रा, आशीष तिवारी अतिथि कुमार पाठक, देव व्रत पाठक विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन मिश्रा सहित समस्त स्टॉफ सहित बच्चे मौजूद रहे।

आरबीएलबी चिल्ड्रेन एकेडमी में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

फातिमा मेमोरियल इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव। अमृत विचार

वार्षिक समारोह में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा:नवाबगंज: क्षेत्र के सिरसा गांव में स्थित फातिमा मेमोरियल इंटर कालेज में रविवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कालेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष डॉ सत्येंद्र सिंह तथा पूर्व प्रमुख आजाद विक्रम सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ सत्येंद्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्कूल के छात्र छात्राओं नें एकल, सामूहिक गीत, नाटक तथा नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद कलीम ने मिशन शक्ति, नारी सम्मान तथा छात्राओं को आत्मरक्षा के बारे में जागरूक कर स्वाभिमान से जीने की सलाह दी। उन्होंने छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डी आर यादव ने छात्रों को समाज, परिवार,तथा राष्ट्र का ज्ञान अर्जित करने के लिए उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया।

एक नजर

मांगों के समर्थन में आज ज्ञापन सौपेंगे शिक्षक

बहराइच : जनपद में कार्यरत परिषदीय शिक्षक अपनी मांगो के समर्थन में सोमवार को उत्तर-प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश नेतृत के निर्देशन में जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक व जिला मंत्री विजय कुमार उपाध्याय के निर्देशन में जिले के सभी विकास खण्डों के ब्लाक संसाधन केंद्रों पर अलग अलग सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को अपनी 22 सूत्रीय मांगो के समर्थन विषयक पत्र महा निदेशक स्कूली शिक्षा को सौपेंगे। यह जानकारी उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार यादव ने दी।

छह मार्च से धरना देंगे सनातन समाज के लोग

कैसरगंज, बहराइच : कैसरगंज तहसील क्षेत्र के चक पिहानी गांव में शिवेशवर धाम मंदिर स्थित है। इस मंदिर पर नगर पंचायत के अध्यक्ष द्वारा अपना हक जताया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों ने ग्राम समाज के बंजर भूमि पर बने मंदिर को अलग करने और रास्ता दिए जाने की मांग की थी तहसील प्रशासन ने एक सप्ताह का समय मांगा था। लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी अभी तक कोई निष्कर्ष नहीं निकला इसको देखते हुए सनातन समाज ने 6 मार्च से आंदोलन के लिए एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। सनातन समाज के रितेश श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार, अभिषेक सिंह, मोहित मिश्रा, अवनीश सिंह, संजय चौरसिया, मनोज यादव आदि ने संयुक्त पत्र देकर धरने की बात कही है। मालूम हो कि इसी मंदिर को लेकर अयोध्या छावनी दास के महंत राजू दास भी आवाज उठा चुके हैं। इसके बाद भी जिला प्रशासन द्वारा कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा रहा है।

लात घूसों से ऑटो रिक्शा चालक को सिपाहियों ने पीटा

कैसरगंज, बहराइच : कैसरगंज पुलिस का मजलूमों पर कहर ढालने से नहीं चूकती। पुलिस वाले वर्दी के नशे में इतने चूर है कि मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पालने वाले मेहनतकश आटो रिक्शा चालक पर कैसरगंज पुलिस का कहर ऐसा बरसा कि लात घूसों से पूरे शरीर का सरे राह हुलिया बिगाड़ दिया। पीड़ित ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर विनोद कुमार और आकाश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। इस प्रकरण के संबंध में थाना प्रभारी राजनाथ सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है, मैं तहसील की मीटिंग के उपरांत बहराइच में हूं पहुंच कर जानकारी करता हूं।

बारिश बनी आफत, फसलें हुईं तबाह

बहराइच/महसी

अमृत वचिार : जिले में रवविार दोपहर बाद बारशि के साथ ओलावृष्टि शुरू हो गई। तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि होने से गेहूं की फसल खेतों में गरि गई बारशि से तलिहनी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। कसिान फसल देखकर चतिति हैं।

जलि में शनविार से मौसम में तब्दीली आई। शनविार का पूरे दनि रुक रुक कर बारशि होती रही। वहीं रवविार की सुबह भी बारशि गरज चमक के साथ हुई। रमिझमि बारशि के चलते जहां मौसम में नमी आई। वही कीचड़ और जल भराव से लोगों को समस्याओं का सामना करना पडा। शाम चार बजे पुनः तेज हवाओं के साथ बारशि शुरू हो गई। बारशि के साथ ही ओलावृष्टि भी शुरू हो गई। लगभग पांच मनिट तक 40 से 50 ग्राम के ओले गरि। जलि के कैसरगंज, सदर और महसी तहसील क्षेत्र में ओले गरि। बारशि भी तेज गति से हुई। ओलावृष्टि होने से गेहूं और सरसों की फसल खेतों में गरि गई। बारशि ने सबसे अधकि तलिनी और सब्जी की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। वहीं गेहूं और गन्ने की फसल के लिए बारशि अमृत है। जलि कृषि अधकिारी सतीश कुमार पांडेय ने बताया कि बारशि के साथ ओले भी गरि हैं। नुकसान के लिए सर्वे करवाया जायेगा। इसके बाद नुकसान का आंकलन हो सकेगा।

बहराइच के महसी में गिरी गेहूं की फसल। अमृत विचार

एसडीएम ने मतदाता जागरूकता वाहन को दिखाई हरी झंडी

पयागपुर, बहराइच

अमृत विचार : पयागपुर क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार ने तहसील प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को गांव के बूथों पर जाने के लिए रवाना किया। शासन की मंशानुरूप मतदाताओं को जागरूक करने व बीते चुनाव में जिन पोलिग बूथों पर कम मतदान हुआ वहां पहुंचकर मतदाता को जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

एसडीएम दिनेश कुमार ने कहा कि मतदान महादान है, इसलिए मतदाताओं को अपने अधिकार का प्रयोग बढ़चढ़ कर करना चाहिए। श्री कुमार ने दो पोलिंग बूथ का निरीक्षण कर मतदाताओं को जागरूक करने के अभियान की हकीकत परखी। उन्होंने बताया कि अभियान निरन्तर चलता रहेगा। इस अवसर पर तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार महबूब अंसारी राजस्व लेखपाल और बीएलओ मौजूद रहे।

जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाते एसडीएम। अमृत विचार

51 विद्यालयों का होगा कायाकल्प

विधायक के साथ डीएम ने प्रोजेक्ट अलंकार योजना का किया उद्घाटन

आयोजन

- 37.13 करोड़ की लागत से सिडको संस्था कराएगी निर्माण

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट में रविवार को प्रोजेक्ट अलंकार योजना की शुरुआत नानपारा विधायक के साथ डीएम ने की। इस अभियान के तहत जिले के 51 माध्यमिक विद्यालयों का मरम्मत कार्य होगा। कायाकल्प में 37.13 करोड़ रुपये खर्च आएगा। सिडको से काम कराए जाएंगे। इस अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में गोरखपुर से की है।

प्रोजेक्ट अलंकार योजना अन्तर्गत राजकीय/अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा कक्ष, स्वच्छ पेयजल, बालक/बालिका शौचालय, प्रयोगशाला, पुस्तकालय कक्ष, मल्टीपर्पज हॉल, राजकीय/अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना होगी। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण में गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद बहराइच में प्रोजेक्ट अलंकार अन्तर्गत रुपये 3713.15 लाख लागत की 51 परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के उपरान्त मुख्य अतिथि विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने डीएम मोनिका रानी, सीडीओ रम्या आर, डीआईओएस नरेन्द्र देव, कार्यदायी संस्था यूपी सिडको अधीक्षण अभियंता घनश्याम बिड़ला व अन्य के साथ कलेल्ट्रेट में शिलालेख का अनावरण किया। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार योजनातर्गत वर्ष 2023-24 में माध्यमिक शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन संचालित राजकीय विद्यालयों में जर्जर भवनों के पुननिर्माण/जीर्णोद्वार/अवस्थापना सुविधाएं आदि कार्य हेतु धनराशि रु. 3713.15 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है। 18 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में मल्टीपर्पज़ हाल का निर्माण एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा का कार्य, 04 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में ट्वायलेट ब्लाक का निर्माण कार्य, 03 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, 01 राजकीय माध्यमिक विद्यालय में ट्वायलेट निर्माण स्वच्छ पेयजल की सुविधा कार्य, 01 राजकीय माध्यमिक विद्यालय मे मल्टीपरपज हाल एवं ट्वायलेट निर्माण कार्य तथा 01 राजकीय माध्यमिक विद्यालय में मल्टीपर्पज़ हाल का निर्माण, ट्वायलेट ब्लाक का निर्माण का कार्य प्रस्तावित है। निर्माण कार्य के लिए शासन द्वारा यूपी सिडको कार्यदायी संस्था नामित है।

कलेक्ट्रेट में निर्माण कार्य को लेकर उद्घाटन करते विधायक और मौजूद डीएम, सीडीओ।

ये विद्यालय चयनित

डीएम ने बताया कि जीआईसी बहराइच एवं जीजीआईसी नवाबगंज के विद्यालय भवन का निर्माण, राजकीय बालिका इण्टर कालेज नूरपुर, लखैयाकला, बसाहियापाते व कैसरगंज में ट्वायलेट ब्लाक का निर्माण जीआईसी चकसौगना में स्वच्छ पेयजल की सुविधा, राजकीय माडल इण्टर कालेज बड़ागांव, जीजीआईसी हुज़ूरपुर व राजकीय हाईस्कूल बदरौली में स्वच्छ पेयजल कार्य प्रस्तावित है। राजकीय हाईस्कूल रामपुर धोबियाहार, पटना, पतरहिया, भगतापुर, चाकूजोत, किशुनपुर, गंगापुर, सेमरौना, सेमरियावां, विशेश्वरगंज, राजापुर कला, सलारपुर, पुरैना रघुनाथपुर, परगहवा, सोनवरसा, गोड़हिया न-4, अहाता, परसेण्डी, मुस्तफाबाद, राजकीय इण्टर कालेज रमपुरवा व जीजीआईसी अचौलिया मल्टीपर्पज़ हाल, राजकीय हाईस्कूल इटहा, ऐलिहा, समसातरहर, भोपतपुर चौकी, जिगनिया छतरपाल, गंगाजमुनी, बसन्त टेपरा, चहलवा, उर्रा बाज़ार, रामपुर मटेही, पकड़िया दीवान, टेण्डवा सिस्टीपुर, बहोरिकापुर, नकाही, मैकूपुरवा, बौण्डी, गुलरिहा गाज़ीपुर, कुरसण्डा में पेयजल व मल्टीपर्पज़.हाल, राजकीय हाईस्कूल नरौंदा में स्वच्छ पेयजल सुविधा, ट्वायलेट एवं मल्टीपर्पज़. हाल, राजकीय हाईस्कूल उमरी में ट्वायलेट व मल्टीपर्पज़.हाल बनेगा।

माता-पिता पियर एजुकेटर संवेदीकरण की बैठक

नानपारा, बहराइच: बलहा में फिजिसियन फार सोसल रिस्पांसबिलिटी फिनलैंड व ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फार मदर एंड चाइल्ड दिल्ली के साझा प्रयास से सवेरा परियोजना संचालित है। कार्यक्रम प्रबंधक आदर्श मिश्रा ने बताया परियोजना 15 ग्राम पंचायत के अंतर्गत 72 गांवों में अनवरत कार्य कर रही है। समय समय पर पियर एजुकेटर/सेवा प्रदाताओं के साथ संवेदीकरण बैठक परियोजना की गतिविधियों का अहम हिस्सा है। इसी क्रम में माता/पिताओं की भूमिका पियर एजुकेटर के रूप में कितनी अहम और महत्वपूर्ण है के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अपने गांवों में होने वाली घटनाओं जिसमे महिला/पुरुष व समाज को हिंसक गतिविधियों का सामना करना पड़ा के बारे में अपनी बात रखी। किस प्रकार से हम सब मिलकर हिंसा भेदभाव पुरानी परम्परायें प्रथाएं रूढ़ि वादी सोंच को कम या खत्म करने पर चर्चा परिचर्चा हुई। गीत संगीत खेल व अन्य गतिविधियों के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने अपने अपने गांवों को हिंसा मुक्त गांव बनाने के लिए शपथ ली। इस दौरान गौतम कुमार, रीनू शुक्ला, कविता शुक्ला, विनीता शर्मा, किशोरी लाल, सोना देवी आदि उपस्थित रहे।

पत्नी को एएनएम का कोर्स करवाया, फिर अस्पताल खुलवाया

- नेपाल निवासी पति से जमीन बेचवाई, अब घर से भगा रही पत्नी और साले
- पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच

बहराइच

अमृत विचार : बौंडी थाना क्षेत्र निवासी एक महिला का विवाह नेपाल से हुआ। नेपाल में युवक ने पत्नी को एएनएम कोर्स करवाया। पत्नी के कहने पर पूरी संपत्ति बेचकर अस्पताल जिले में खुलवा दिया। अब पत्नी और साले युवक की पिटाई कर उसे बेघर कर रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बौंडी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला सुलचंदा का विवाह नेपाल निवासी जुगराज पुत्र गुड़ाई के साथ वर्ष 2010 में हुआ था। पत्नी के शिक्षित होने पर पति ने नेपाल से ही उसे एएनएम का कोर्स करवाया। जुगराज का कहना है कि एएनएम का कोर्स पूरा होने के बाद पत्नी ने अस्पताल खुलवाने की बात कही। काफी सोच समझकर उसने नेपाल में अपनी सारी जमीन 77 लाख रूपये में बेच दी। इसके बाद पति और पत्नी अपने घर आ गए। ग्रामीण का कहना है कि उसने पत्नी के कहने पर फखरपुर थाना क्षेत्र के माधवपुर गांव में अस्पताल खुलवा दिया। जिसमें साला भी देखरेख कर रहा है। लेकिन अब पत्नी और साला दोनों उसे घर से भगा रहे हैं। इतना ही नहीं पत्नी हाथ पकड़ती है तो साला पिटाई करता है। अब बेघर हुआ जुगराज न्याय के लिए थाने पहुंचा। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार राय ने बताया कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

साले और पत्नी की पिटाई में घायल युवक।

अपने नाम खुलवाया अस्पताल

नेपाल निवासी पति जुगराज ने बताया कि वह अपनी पत्नी पर बहुत विश्वास करता था। जिसके चलते उसने अपनी सारी पैतृक संपत्ति बेचकर 77 लाख रूपये एकत्र किया। पत्नी के कहने पर उसके नाम से प्राइवेट अस्पताल खुलवाया, लेकिन अब उसके नाम से कुछ नहीं है। पत्नी और साला ही उसे मार पीटकर घर से भगा रहा है। अब वह बेघर हो गया है।

सड़क हादसों में युवक की मौत, 10 घायल

बहराइच/मिहीपुरवा

अमृत विचार : जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि मां बेटे समय 10 लोग घायल हो गए। सभी को क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इनमें पांच घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मटेरा थाना क्षेत्र के गौरा धनौली गांव निवासी रामनरेश (39) पुत्र रामदीन पैदल बाजार से वापस घर आ रहे थे। गांव के निकट अज्ञात बाइक ने रामनरेश को टक्कर मार दिया। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया वहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर कोतवाली मुर्तिहा के जंगल में बिछिया मिहीपुरवा मार्ग पर बोलेरो और कर में टक्कर हो गई। प्रभारी निरीक्षक अमितेंद्र कुमार ने बताया कि बोलेरो में मिहीपुरवा की तरफ से आ रही थी। जबकि कार खैरीघाट थाना क्षेत्र के पंडितपुरवा से आ रही थी। दोनों में आमने-सामने के टक्कर हो गई। हादसे में छह लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सीएचसी मोतीपुर में दो घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। उधर कोतवाली नानपारा के गूलर गांव के पास बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे हादसे में संगीता मौर्य पत्नी राजेंद्र उनका पुत्र तरुण और बेटी शालिनी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य के नानपारा में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली देहात के जगपतिपुर में साइकिल सवार गिरने से घायल हुआ है।

बाग में पड़ा मिला युवक का शव

जांच करते सीओ और थानाध्यक्ष।

बहराइच, अमृत विचार : जनपद के ग्राम पंचायत अरई पंडितपुरवा में रविवार सुबह एक युवक का शव बाग में पड़ा मिला। शव मिलने की जानकारी होने पर पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची। जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अरई के मजरा मंडितपुरवा में बाग स्थित है। इस बाग के निकट से लोग रविवार सुबह निकले तो एक व्यक्ति का शव देखा। शव मिलने की जानकारी पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। थाने में शव मिलने की जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम भी जांच के लिए पहुंची। पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक युवक की पहचान के लिए जिले के अन्य थानों को फोटो भेज कर पहचान के प्रयास किए गए। जिससे मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नियामतपुर निवासी प्रवेश कुमार के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना स्थल का सीओ रूपेश गौड़ ने भी निरीक्षण किया।

सार-संक्षेप

जूनियर शिक्षक संघ के चौथी बार अध्यक्ष बने विद्या विलास

चुनाव में मौजूद मुख्य अतिथि और चुनाव अधिकारी। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ चित्तौरा के तृवार्षिक अधिवेशन में विद्या विलास पाठक चौथी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। शहर के बसंत विहार कॉलोनी रायपुर राजा संघ के सभागार में संपन्न हुए निर्वाचन में क्षेत्रीय मंत्री के रूप में भूपेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष अनीश अहमद निर्वाचन घोषित किए गए। पर्यवेक्षक के रूप में अध्यक्ष शिवपुर एवं जिला प्रवक्ता राधेश्याम कनौजिया एवं जिला उपाध्यक्ष, अध्यक्ष मिहींपुरवा, बलवंत सिंह ने निर्वाचन कराया। निर्वाचन में मुख्य अतिथि प्रांतीय मुख्य संरक्षक उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ राधा कृष्ण पाठक रहे। पाठक ने कहा शिक्षक एक रहे और अपने हको की लड़ाई लड़ते रहे। संगठन को हमारी एकतामजबूती प्रदान करता है सभी सदस्यों को उन्होंने निर्विरोध निर्वाचन संपन्न करने पर बधाई दी और कहा की बहराइच का नेतृत्व ऐसा सशक्त नेतृत्व है जो शिक्षक हितों के लिए सदैव तत्पर रहता है। जिला महामंत्री डॉ प्रवीण श्रीवास्तव ने शिक्षकों के समस्याओं के निदान के लिए सदैव तत्पर रहने का वचन दिया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष विद्या विलास पाठक ने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि जो उन पर विश्वास उन्होंने जताया है उस विश्वास को वह कायम रखेंगे। मंत्री भूपेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष अनीस अहमद ने शिक्षक समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहने का आश्वासन दिया। राष्ट्र वंदना के साथ अधिवेशन समाप्त हुआ।

मानव जीवन के लिए वन्य जीवों का संरक्षण जरूरी

बहराइच, अमृत विचार : विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर कतर्नियाघाट फ्रेन्डस क्लब की ओर से शहर के गोंडा रोड पर चिलवरिया चीनी मिल के निकट स्थित विहान बालक आवासीय विद्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब की ओर से क्लब के अध्यक्ष भगवान दास लखमानी ने वन्य जीवों के चित्र और टाक शो के माध्यम से स्कूली छात्रों को पर्यावरण तथा वन एवं वन्य जीव संरक्षण के प्रति जागरूक किया। लखमानी ने छात्रों को कतर्नियाघाट के क्षेत्रफल, भौगोलिक स्थिति, जैव विविधता, गेरुआ तथा कौड़ियाला नदियों जंगल में पाए जाने वाले वन एवं जलीय जीवों एवं पक्षियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्कूली बच्चों को बाघ, तेंदुआ, जंगली हाथी, चीतल, घड़ियाल समेत 30 वन्य तथा जलीय जीवों एवं पक्षियों के चित्र दिखाये और उनके संरक्षण के बारे में बताया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को चीतल हिरण और बारहसिंहा, घड़ियाल और मगरमच्छ तथा बाघ एवं तेंदुए के बीच अंतर समझाया देश के राष्ट्रीय पशु बाघ की जंगलों में कैसे गणना होती है इसके बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल में पढ़ने वाले सभी 100 स्कूली छात्रों को शिक्षण सामग्री एवं चॉकलेट का वितरण किया गया। इस अवसर स्कूल वार्डन अमित कुमार सिंह, बालिका विद्यालय की वार्डन प्रिया प्रसाद, शिक्षकों में दिलीप कुमार, विनोद कुमार गौतम समेत छात्र मौजूद रहे।

मानव वन्य जीव दिवस पर कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

पुलिस कर्मियों ने की असलहे की सफाई

रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन के साथ पुलिस भी तैयारी में लगी हुई है। इसको देखते हुए रविवार को थाना रुपईडीहा के सभी अधिकारी कर्मचारी द्वारा असलहे की सफाई कराई गई। सभी को असलहे के संबंध में जानकारी दी गई तथा दंगा नियंत्रण की कार्यवाही का अभ्यास कराया गया तथा सभी को आगामी त्योहार शिवरात्रि व आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत प्राप्तआदेशों निर्देशों से अवगत कराया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस सीमा क्षेत्र में सतर्कता बरतने के साथ अन्य सुरक्षा में लगी हुई है।

असलहे की सफाई करते पुलिस कर्मी।

निशुल्क चिकित्सा शिविर में 1200मरीजों का उपचार

रिसिया, बहराइच, अमृत विचार : रिसिया के एक निजी अस्पताल में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित करीब1200 मरीजोउपचार कर दवाएं दी गई। रिसिया के मुस्तफा हॉस्पिटल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर कीमुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह रहीं। जिन्होंने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि जो मरीज दूर इलाज कराने नहीं जा सकते हैं, उन गंभीर बीमारियों के मरीजों को इस शिविर सबसे अधिक लाभ मिलेगा, अस्पताल के प्रबंधक मुहम्मद शफीक शब्बीर ने बताया कि इस शिविर में करीब 1200 मरीज आए थे। जिनका इलाज चंदन हास्पिटल लखनऊ व बहराइच के चिकित्सक डा .अक्षय कुमार, डा .जीशान शब्बीर, डा .यूसुफ, डा .प्रियंका कुशवाहा, डा .नशरा डा .इमरान अहमद, डा .एसके वर्मा, डा .अमित पांडेय, डा . आतिफ रहमान, आदि ने किया, और दवाएं भी दी है। वरिष्ठ चिकित्सक डा .राजू कुमार ने पेट संबंधित मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। मरीजों को स्वस्थ रहने के टिप्स भी दिए गए। शिविर में सबसे अधिक पेट व मूत्र रोग के मरीजों का इलाज किया गया। इस अवसर पर मुहम्मद अशरफ, गुलाम मुहम्मद, निजामुद्दीन, नफीस, बाबू खां, राकेश मित्तल, कृष्णा अग्रहरि, फरमान सहित मौजूद रहे।

शिविर में उपचार करते डॉक्टर।

चार दिन बाद बरामद हुआ शव

बौंडी, बहराइच, अमृत विचार : बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम मंगलवार बारवलिया निवासी 16 वर्षीय नीलू पुत्री राजेंद्र चार दिन पूर्व घास काटने के लिए गई थी। खेत जाते समय पैर फिसलने से वह पानी में बह गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल पाया। रविवार सुबह उसका शव बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि चार दिन बाद नदी से शव बरामद हुआ है।

निर्देश | डीएम ने सड़क सुरक्षा समिति के तहत की बैठक

अवैध वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करें अधिकारी

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ओपी सिंह ने बताया कि माह फरवरी तक ओवरस्पीडिंग के लिए 09, हेल्मेट के बगैर बाईक राईडिंग के लिए 2335, बिना हेल्मेट पिलियन राइडिंग के लिए 839, बिना सीटबेल्ट के लिए 246, रांग साइड के लिए 19, ड्रंक ड्राइविंग के लिए 02, ड्राईंव विद मोबाइल के लिए 102 तथा ओवर लोडिंग यात्री वाहन के लिए 15 चालान, बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर 104, अण्डर एज ड्राइविंग के लिए 04, मानक के अनुरूप न पाये जाने पर 07 स्कूली वाहनो, बिना फिटनेस वाहन संचालन पर 19, व्यवसायिक वाहनों पर स्पीड लिमिट डिवाइस न होने पर 04 तथा मोडिफायड साइसेंसलर तथा प्रेशर हार्न लगे होने की दशा में 06 वाहनों का चालान किया गया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही की जाए तथा की गई कार्यवाही का व्यापक प्रचार-प्रसार भी करें ताकि लोगों द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी न की जाए। डीएम ने कहा कि ओवर स्पीडिंग तथा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरूद्ध परिवहन एवं पुलिस विभाग संयुक्त रूप से कार्यवाई करें। डीएम ने यह भी कहा कि नगर में ई-रिक्शा के संचालन को व्यवस्थित किया जाए। सड़क के किनारे स्थायी तथा अस्थायी रूप से अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध भी कार्यवाई की जाए। डीएम ने निर्देश दिया कि प्राईवेट बस व टैक्सी स्टैण्डों को सुव्यवस्थित कराकर उनसे नियमानुसार शुल्क की वसूली भी की जाए। उन्होंने समिति के सचिव और एनएचआई/एनएच को निर्देश दिया कि जनपद के सभी अंधे मोड़ों अथवा अतिदुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में रेफलेक्टिव इन्डिकेटर बोर्ड स्थापित कराएं। उस स्थान के आस-पास स्थित थानों व अस्पतालों का सम्पूर्ण विवरण जिसमें जिम्मेदार अधिकारियों के मोबाइल नम्बर, स्थान, दूरी इत्यादि का भी उल्लेख किया जाए, ताकि किसी दुर्घटना के समय लोगों को बिना समय गवाए मदद मिल सके। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, प्रभारी सीएमओ डॉ. राजेश गौतम, बीएसए अव्यक्तराम, अधि.अभि. लोक निर्माण प्रान्तीय खण्ड प्रदीप कुमार व खण्ड-01 के अमर सिंह, यातायात निरीक्षक आनन्द यादव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

एसएसबी ने शराब के साथ तीन को पकड़ा

रूपईडीहा, बहराइच : एसएसबी 59वी वाहिनी के जवानों ने बलईगाँव के निकट से नेपाली शराब के साथ तीन लोगों को पकड़ा है। कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के द्वारा चलाये जा रहें अभियान के तहत डी-समवाय की गश्ती दल तथा मोतीपुर पुलिस की संयुक्त गश्त दल ने सीमा स्तम्भ से कुछ दुरी पर एक मोटर साईकिल को रोका, जिसपर तीन लोग सवार थे। पूछताछ तथा सामान तलाशी में उनके पास से 23 बोतल नेपाली शराब बरामद हुई। पकड़े गए लोगों ने अवैध रुप से शराब को नेपाल से भारत में बेचने के नियत से लाने की बात स्वीकारी। जिसके बाद मोटर साईकिल सहित तीनों लोगों को मोतीपुर पुलिस के हवाले कर मुकदमा दर्ज करवा दिया। पकड़े गए लोगों की पहचान अजय रैदास, महेश चमार गाँव- पचासा जिला- बर्दीया (नेपाल) तथा बालक राम गाँव- अचकवा का रहने वाला है। एसएसबी की गश्त दल में उपनिरीक्षक प्रियंका शर्मा, रामचंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत योजना सहयोग दल गठित

बौंडी, बहराइच

अमृत विचार : विकासखण्ड फखरपुर के ग्राम पंचायत टेडवा महंत के ग्राम प्रधान प्रवेश कुमार की अध्यक्षता में पिरामल फाउंडेशन की ओर से पंचायत को सदृढ़ करने के लिए पंचायत के सभी कर्मियों और जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक हुई।

सैफुर्रहमान सिद्दीकी ने सरकार के एलएसडीजी लक्ष्यों के बारे में बताया। उन्होंने प्रधान के निर्देशन में ग्राम पंचायत योजना सहयोग दल का गठन किया और उन्हें उनकी भूमिका के बारे में बताया। वहीं डीपीएल मो. यूसुफ ने बताया कि लोगों के सहयोग से शत-प्रतिशत टीकाकरण, शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों के लोग एक साथ मिलकर एक ग्राम पंचायत का विकास कैसे कर सकते हैं और इसमें गांव के लोगों की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है, पंचायत में शिक्षा को केंद्र में रख कर सभी विद्यालयों में सभी बच्चों का जीरो ड्राप आउट शत् प्रतिशत सुनिश्चित हो सुझाव दिया साथ ही उन्होंने इसके निराकरण के लिए सामुदायिक चौपाल और अन्य गतिविधियों से सुनिश्चित हो पायेगा जिसमें सबकी भागीदारी सबका विकास हो पाए चर्चा की गई। बैठक में प्रधान प्रवेश कुमार वर्मा, सचिव रीता पाल, पिरामल फाउंडेशन के एसपीएल सैफुर्रहमान सिद्दीकी, डी पीएल मोहम्मद युसुफ, गांधी फेलो आयुषी सिंह व पंचायत के जन प्रतिनिधियों, विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

विकास कार्य को लेकर आयोजित बैठक में शामिल लोग।

11वीं अंतर्जनपदीय आर्चरी प्रतियोगिता शुरू

▸▸ नौ जिलों के बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ी हुए शामिल

बहराइच

अमृत विचार : शहर के पुलिस लाइन मैदान में रविवार को गोरखपुर जोन के 11वीं अंतर्जनपदीय आर्चरी प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक ने किया। बालक और बालिका वर्ग के प्रतियोगिता में 9 जिलों के खिलाड़ी शामिल हुए।

पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में गोरखपुर जोन की 11वी अंतर्जनपदीय आर्चरी महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का पुलिस अधीक्षक बहराइच वृन्दा शुक्ला ने शुभारंभ किया। जिसमें गोरखपुर जोन के 11 जिलों में से गोरखपुर, गोंडा, महाराजगंज, देवरिया, संतकबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, बहराइच व सिद्धार्थनगर की टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया इसके बाद एसपी ने तीरंदाजी में निशान लगाया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में बलरामपुर और श्रावस्ती जनपद की टीम किसी कारणवश शामिल नहीं हो सकी है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह, सभी टीम मैनेजर व पुलिस लाइन के अधिकारी आदि मौजूद रहे। साथ में निर्णायक मंडल में अनुपमा धानुकउप क्रीड़ाधिकारी, अभिमन्यु सिंह, रंजीत कुमार और सूरज वर्मा स्कोरर उपस्थित रहे।

निशाना लगातीं पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला। अमृत विचार

क्राप सेमिनार में दिए उत्पादन बढ़ाने के टिप्स

जरवल बहराइच

अमृत विचार : आईपीएल शुगर मिल की ओर से क्राप सेमिनार आयोजित कर किसानों को गन्ने की फसलों में लगने वाले रोगों के बारे में जानकारी देकर नई तकनीक और सन्तुलित उर्वरक प्रयोग कर उत्पादन बढाने की सलाह दी गयी।

आइपीएल शुगर मिल के प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र में एक क्राप सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आइपीएल लखनऊ के मार्केटिंग मैनेजर उर्वरक डा.धर्मेन्द्र तालियान ने किया। मुख्य अतिथि आईपीएल दिल्ली के चीफ मैनेजर यू.एस तेवतिया रहे। गन्ने की फसल में लगने वाली रेडरोड और विल्ट जैसी बीमारियों से बचाव व रोकथाम के लिए ट्राइकोडर्मा का नामक रसायन का छिडकाव करने की सलाह दी गयी। किसानों को संबोधित करते हुए तेवतिया ने कहा कि किसानों को नई तकनीक से खेती करनी चाहिए जिससे कम लागत में अच्छा उत्पादन मिल सके। किसान भाई अपने मिट्टी की जांच करवा कर संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें,जिससे उन्हें कम लागत में अच्छी पैदावार मिल सके। इस अवसर पर गन्ना प्रबंधक सीपी सिंह, सेल्स आफीसर विजेंद्र त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष बासुदेव प्रसाद अरविन्द देशवाल, गौरव भारद्वाज समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

सेमिनार को संबोधित करते अधिकारी। अमृत विचार

चोरी गई बाइक व दो मवेशियों के साथ एक गिरफ्तार

बहराइच : एसएचओ राकेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व मे दरोगा रणजीत यादव, चन्द्रिका प्रसाद, सिपाही हंसराज यादव ने बाबागांव गिदरहिया में दबिश दी। पुलिस ने रविवार को विभिन्न धाराओं में वांछित आरोपी दरगाह थाने के सालारगंज पानी टंकी के पीछे निवासी हसन अली उर्फ कल्लू को धर दबोचा। उसके पास से एक बाइक व दो मवेशियों को बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी पर तमाम आपराधिक केस दर्ज है। इन दिनों वह नानपारा कोतवाली के कस्बे स्थित राकेश टॉकीज के पीछे रह रहा है। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया है ।

एक नजर

करंट लगने से युवक की मौत

बहराइच, अमृत विचार : फखरपुर थाने के खपुरवा के मजरे थलिया ठकुरवा निवासी 26 वर्षीय ननके उर्फ अजय पुत्र सत्तन को रविवार शाम करंट लग गया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन आनन फानन में उसे वाहन पर लादकर शहर स्थित मेडिकल कॉलेज लाए। चिकित्सकों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पुलिस ने कब्जे मे लेकर मार्च्युरी मे रखवाया है।

80 पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

बहराइच , अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की ओर से रविवार को जिले के विभिन्न थानों में तैनात 80 पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। एसपी ने बताया कि इनमें कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल शामिल है। उन्होंने बताया कि सोमवार तक सभी को अपने क्षेत्र में पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

आंधी में गिरा टेंट ,बाल -बाल बचे लोग

बहराइच, अमृत विचार : शहर में स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल में रविवार शाम को 5 :00 बजे से विद्यालय का वार्षिक कौशल कार्यक्रम आयोजित था। जिसमें विद्यालय प्रशासन की ओर से टेंट लगाया गया था। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान तेज आंधी और पानी में टेंट नीचे गिर गया। हालांकि टेंट की चपेट में कोई नहीं आया लेकिन एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया।

विवाद भूल एक साथ रहने को दंपति राजी

बहराइच, अमृत विचार : पति पत्नी मे विवाद होने पर नाराज युवती पति के विरूद्ध केस दर्ज कराने को एक मार्च को नानपारा सीओ राहुल पांडे के दफ्तर पहुंची। पीड़िता को सीओ ने महिला महिला रिपोर्टिंग चौकी भेज दिया। चौकी प्रभारी मंजू यादव के समझाने पर दम्पत्ति ने आपसी विवाद भुलाकर सुलह कर एक साथ रहने को राजी हो गए। मटेरा थाने के मदारगढ़ी निवासनी शाइबा पुत्री खलील खां अपने ससुराली जनों के उत्पीड़न से त्रस्त फरियाद लेकर नानपारा सीओ के ऑफिस पहुंची। मामले की गंभीरता के दृष्टिगत उन्होंने रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी को मुकदमा लिखने का निर्देश दिया ।प्रभारी मंजू यादव ने महिला से बात करते हुए ससुराल पक्ष से श्रावस्ती जिले के सिरसिया थाने के बदरहवा निवासी पति मोहम्मद हुसैन व पिता नूर वारिश को तलब किया। संभ्रांत लोगो की मौजूदगी में प्रयास के बाद दोनो को एक साथ रहने को राजी करते हुए मुकदमे बाजी से निजात दिला दी। साथ ही भविष्य में दोबारा गलती नहीं करने की ताकीद के साथ लोगो की मौजूदगी में दोनो को चौकी से रवाना किया।

विशेश्वरगंज में दो दुकानों का शटर तोड़कर चोरी

तालाब में टूटी मिली तिजोरी, पुलिस ने शुरू की जांच

विशेश्वरगंज, बहराइच

अमृत विचार : जिले के गोंडा मार्ग पर स्थित पुरैना बाजार में शनिवार रात को चोरों ने सराफा की दुकानों का शटर तोड़ दिया। इसके बाद सभी नकदी और जेवरात सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए। कुछ दूरी पर स्थित तालाब में तिजोरी टूटा मिला। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

नगर पंचायत पयागपुर के नूरपुर निवासी शिवा राव पुत्र ननके पासवान की सराफा और बर्तन की दुकान विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के पुरैना बाजार में संचालन करते हैं। शिवा राव ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि शनिवार रात को वह दुकान बंद कर घर चले गए। देर रात को अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़ दिया। इसके बाद चोरों ने तिजोरी तोड़ा। फिर सोने और चांदी के जेवरात समेत एक लाख से अधिक की संपत्ति चोरी की। तिजोरी गांव में स्थित तालाब में पड़ा मिला।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। उधर इसी थाना क्षेत्र के पुरैना मोड़ निवासी कमलेश सोनी पुत्र संतराम सोनी की दुकान का शटर तोड़कर चोर 15 हजार रूपये नकदी समेत तीन लाख रूपये से अधिक की चोरी की। सुबह चोरी की जानकारी होने पर व्यापारियों ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। निरंतर हो रही चोरियों से क्षेत्र के लोगों में दहशत है। सभी ने पुलिस के गश्त पर सवाल उठाया।

चोरों द्वारा काटा गया शटर। अमृत विचार

दुष्कर्म मामले में कोताही पर चौकी इंचार्ज समेत तीन निलंबित

बहराइच: शहर के जीआईसी चौकी इंचार्ज समेत तीन पुलिस कर्मियों को एसपी ने ड्यूटी में कोताही बरतने पर निलंबित कर दिया है। इससे महकमे में हड़कंप मच गया है। दरगाह थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी छह वर्षीय बालिका को 18 वर्षीय युवक अपहरण कर जीआईसी इंटर कॉलेज के निकट ले गया। शनिवार दोपहर में युवक ने छह वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। चंद कदम की दूरी पर स्थित जीआईसी चौकी के पुलिस कर्मी कुछ नहीं कर पाए। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी वृंदा शुक्ला ने सीओ सिटी राजीव सिसोदिया से जांच करवाई। सीओ सिटी की जांच रिपोर्ट रविवार को एसपी वृंदा शुक्ला को मिली। जिस पर एसपी ने चौकी इंचार्ज विनय कुमार मिश्रा और दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। एसपी की इस कार्यवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। वहीं बालिका का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

बच्चों को स्कूल जरूर भेजें अभिभावक

तेजवापुर, बहराइच

अमृत विचार : ग्राम पंचायत एकडला ब्लॉक तजवापुर नमें रविवार को शमा फाउंडेशन की तरफ से बच्चों के लिए रविवार स्पेशल रोचक सरल विभिन्न गतिविधियो पर आधारित बच्चों के लिए मस्ती की पाठशाला लगाई गई।

बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, पुस्तक रीडिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, काव्य प्रतियोगिता, लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, आदि प्रतियोगिता का आयोजन प्रबंधक शमा परवीन ने किया।

कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों को सम्मान पत्र, मैडल, गिफ्ट, मिष्ठान, सामान्य ज्ञान पुस्तक, ऑल इन वन पुस्तक, स्वरचित पुस्तक खूबसूरत बाल कहानियाँ, चॉकलेट व कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों को चाकलेट, सामान्य ज्ञान पुस्तक, ऑल इन वन पुस्तक, आदि वितरित करते हुए अभिभावक सम्पर्क कर शिक्षा के लिए जागरूक किया। कहा कि बच्चे रोज विद्यालय आएं। साथ ही साथ शमा परवीन ने बताया कि मैंने बहुत विपरीत परिस्थितियों में पढ़ाई की है और अपने पैरों पर मजबूती से खड़ी हूँ। मेरा सपना है की हर बच्चा प्रतिदिन विद्यालय जाए मेरा यकीन है कि अगर बच्चा प्रतिदिन विद्यालय समय से जाएगा तो वह जरूर पढ़ लिख कर अच्छा इंसान बनेगा तथा पढ़ लिख कर अपना और अपने परिवार, समाज, और देश का नाम रौशन करेगा। कार्यक्रम में शमा अल्ताफ, मुशीर, किरन, राजू, समीर, सोनम, दिनेश, सूरज, नियाज, संगीता, वन्दना, राजेश कुमार, लवकुश सहित अन्य सदस्य, व अभिभावक भी मौजूद हुए।

प्रतिदिन विद्यालय भेजने वाले अभिभावकों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

मस्ती की पाठशाला कार्यशाला में मौजूद बच्चे। अमृत विचार

विधायक ने प्रोजेक्ट अलंकार योजना का किया शिलान्यास

श्रावस्ती

अमृत विचार : कलक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक भिनगा इन्द्राणी वर्मा ने राजकीय विद्यालयों के जर्जर भवनों में पुर्ननिर्माण/जीर्णोद्धार व अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ''प्रोजेक्ट अलंकार योजना" के तहत कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों का शिलान्यास किया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले के कुल 29 विद्यालयों के कायाकल्प हेतु 405.68 लाख का शिलान्यास किया गया है। जिसमे विद्यालयों के बहुउद्देश्यीय हाल, स्वच्छ पेयजल की सुविधा आदि प्रस्तावित कार्यो को प्रारम्भ कराने हेतु स्वीकृति दी गई है। विधायक भिनगा ने कहा कि छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए सरकार द्वारा जिले के जर्जर भवनो में संचालित हो रहे विद्यालयों का चिन्हांकन कर उन्हें अनुदान प्रदान की जा रही है, ताकि उन विद्यालयों का कायाकल्प हो जाए और छात्र-छात्राओं को आधारभूत/मूलभूत सुविधाएं मिल सके। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक मिथलेश कुमार सहित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिगण तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आईपीएस की नौकरी छोड़ समाजसेवा में दिखाई रुचि

श्रावस्ती

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। श्रावस्ती लोकसभा सीट से करीब आधा दर्जन से अधिक लोग भाजपा की टिकट पर दावेदारी ठोक रहे थे। लेकिन पार्टी नेतृत्व ने साफ सुथरी छवि व उच्च शिक्षा प्राप्त साकेत मिश्र पर अपना भरोसा जताया है। श्री मिश्र को टिकट मिलने से लोगो में भारी उत्साह है। वहीं अन्य दावेदारों के टिकट कटने से उनके चेहरे की हंसी गायब हो गई है। बता दे कि जमीनी स्तर पर साकेत मिश्र लगातार कई वर्षों से मेहनत कर रहे हैं। पार्टी की ओर से उन्हें पूर्वांचल विकास परिषद के सलाहकार के रूप में काम करते हुए विधान परिषद का सदस्य चुना था। साकेत मिश्र, पूर्व आईएएस अधिकारी नृपेंद्र मिश्र के पुत्र है और उनका ननिहाल बहराइच जिले के हासुवापारा गांव में है। उनके साथ पुरानी राजनीतिक विरासत के तौर पर बहराइच के पूर्व सांसद उनके नाना पं. बदलूराम एडवोकेट का रसूख भी जुड़ा है। साकेत मिश्रा ने भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के विभिन्न स्कूलों में अध्ययन किया। उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज में दाखिला लिया और अर्थशास्त्र में बीए (ऑनर्स) के साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त की। सेंट स्टीफंस में उन्हें राजपाल मेमोरियल अवार्ड मिला। इसके बाद उन्होंने आईआईएम कलकत्ता से एमबीए किया और फाइनेंस और मार्केटिंग में दोहरी पढ़ाई की। साकेत ने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल और लंदन बिजनेस स्कूल में उन्नत पाठ्यक्रमों में भी भाग लिया है। साकेत को 1994 में भारतीय पुलिस सेवा (यूपी कैडर) के लिए चुना गया था। उन्होंने निवेश बैंकिंग में अपना करियर बनाया। 1994 में भारतीय पुलिस सेवा से बाहर निकलने के बाद, साकेत ने डॉयचे बैंक के साथ अपने निवेश बैंकिंग करियर की शुरुआत की । उन्होंने वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधन भूमिकाओं सहित भारत, हांगकांग और सिंगापुर में डॉयचे बैंक के साथ काम किया। इसके बाद, वह रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड में शामिल हो गए और एक प्रबंध निदेशक के रूप में, कई एशिया-प्रशांत जिम्मेदारियां संभालीं। साकेत फिर भारत लौट आए और एक एनबीएफसी के सीईओ बन गए। साकेत मिश्रा को हमेशा से भारत के युवाओं का मार्गदर्शन करने का शौक रहा है। स्कूलों और कॉलेजों में बोलने के अलावा, वह भारतीय कॉर्पोरेट मामलों के संस्थान में सहायक संकाय के रूप में कार्य करते हैं ।

साकेत मिश्रा।

फागुन की बरसात से कहीं खुशी, कहीं गम का माहौल

श्रावस्ती, अमृत विचार : जिले में शनिवार से हो रही बरसात ने कहीं खुशी तो कहीं गम का मौहाल बना दिया है। फागुन महीने में होने वाली इस बरसात से किसानों को फायदा हुआ है। किसान श्यामलाल वर्मा ने बताया कि गेहूं की फसल में इस समय दाने के भराव का समय है इस लिए कोई नुकसान नही है। तराई के किसान शिवसहाय लाल श्रीवास्तव ने बताया कि तराई की जमीन बलुई होने के चलते उसमे नमी की कमी थी, किंतु बरसात से यह कमी पूरी हो चुकी है। अब फसल में दाने भरे हुए लगेंगे। राजितराम ने बताया कि उनकी सरसो की फसल कट चुकी थी जिससे उसको थोड़ा नुकसान हो गया है। जिला कृषि अधिकारी अनिल प्रसाद मिश्र ने बताया कि जो फसलें कट चुकी हैं उन्हें तो थोड़ा नुकसान होगा ही। यदि तेज हवा नही चलती है तो गेहूं, अरहर, मक्का आदि को कोई नुकसान नही होगा।

सपा-कांग्रेस की संयुक्त बैठक में दिखी इंडिया गठबंधन की ताकत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचारः कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की संयुक्त बैठक में इंडिया गठबंधन की ताकत रविवार को दिखाई दी। बैठक में सपा के तीनों विधायकों समेत सपा और कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता एक साथ मंच पर दिखे। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नारे पीडीए को जीत का आधार बताया गया। एक स्वर से कांग्रेस उम्मीदवार को विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। न केवल कांग्रेस बल्कि समाजवादी पार्टी के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर था जब दोनों पार्टियों के सभी नेता एक मंच पर थे। सपा के कद्दावर नेता रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा के पुत्र पूर्व मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि पूरे देश के लोग चाहते थे कि भाजपा को हराने के लिए एक सशक्त गठबंधन बने और इंडिया गठबंधन बन गया। हमारे नेता का नारा पीडीए है। जो घर-घर पहुंच गया है। यही पीडीए गठबंधन प्रत्याशी की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा। समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता आगे निकलकर कंधे से कंधा मिलाकर गठबंधन प्रत्याशी के साथ चलेगा। हमारे तीन विधायक हैं लोकसभा क्षेत्र में पीडीए भरा पड़ा है। हमें 200 वोटों से चुनाव हरा दिया गया था लेकिन हम कुर्सी विधानसभा से दस हजार वोटों से तनुज पुनिया को जिताकर भेजेंगे।

पूर्व लोक निर्माण मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने गठबंधन प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने की अपील के साथ कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस-समाजवादी पार्टी का गठबंधन हुआ है, बीजेपी परेशान है। बैठक को पूर्व विधायक रतनलाल राव, रामगोपाल रावत, राजलक्ष्मी वर्मा, राममगन रावत, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, अध्यक्ष फतेहपुर इरशाद अहमद कमर, अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा, नईम सिद्दीकी, अजय वर्मा, बबलू, अमरनाथ मिश्रा, पूनम यादव, नसीम, कीर्ति, जंग बहादुर पटेल, कमल भल्ला, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हफीज भारती आदि ने संबोधित किया।

11वीं में प्रवेश लेने वाले छात्र -छात्राओं को मिलेगा निःशुल्क टैबलेट

संतकबीरनगर

अमृत विचार : संस्थान के प्रबन्ध निदेशक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं को निःशुल्क टैबलेट प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज के तकनीकी युग में डिजिटल उपकरणों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। सूर्या संस्थान बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। छात्र छात्राओं को आनलाइन शिक्षा की प्रतिस्पर्धा में शामिल कराने के लिए संस्थान प्रति वर्ष कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने वाले हर बच्चे को निःशुल्क टैब वितरित करता है। उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद टैबलेट वितरण की तिथि घोषित कर दी जाएगी।

एक नजर

आज सीएम को ज्ञपन भेजेंगे पेंशनर्स

सुलतानपुर, अमृत विचार : संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण समिति की ओर से सोमवार को तिकोनिया पार्क में एक अहम बैठक होगी। इसके बाद 17 सूत्री मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। जिला मंत्री झिनकू पांडेय ने बताया कि ज्ञापन को लेकर रविवार को बैठक कर रणनीति बनाई गई। बैठक में सह संयोजक डा. देवी रमण त्रिपाठी, चिन्ता मणि शर्मा, मंडल कोषाध्यक्ष वसंत कुमार पाठक, जिलाध्यक्ष सुयश नारायण उपाध्याय आदि रहे।

अज्ञात वाहन की ठोकर से साइकिल सवार घायल

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : चार पहिया वाहन के टक्कर मार देने से एक साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। रविवार को चादा थाने के साढापुर गांव के घनश्याम निषाद (50) देवाढ पुल पार कर बिजेथुआ रोड पर कुछ दूर गए थे। तभी चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सहायता से उन्हें सीएससी कादीपुर लाया गया। जहां पर उनका उपचार चल रहा है। चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पीड़ित के बेटे विवेक निषाद की तहरीर पर अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

सीएचसी पर मनाया गया विश्व श्रवण दिवस

सुलतानपुर, अमृत विचार : जयसिंहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को विश्व श्रवण दिवस मनाया गया। चिकित्सा अधीक्षक व नोडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह की मौजूदगी में श्रवण दिवस के अवसर पर कान की समस्याओं को लेकर लोगो को जागरूकता किया।श्रवण दिवस पर ऐसे मरीजों जिन्हें कान से जुड़ी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। जिसमें कान से मवाद आना, कम सुनाई देना, कान में भारीपन रहना, सहित अन्य कान जुड़ी समस्याओं का निशुल्क उपचार किया गया। नोडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह ने बताया कि श्रवण दिवस के अवसर पर क्षेत्र के गांव से आने वाले 210 मरीज का निशुल्क उपचार किया गया। और इसी क्रम में क्षेत्र के अस्पताल में आयोजित आयुष्मान भव मेले में सेमरी बाजार पीएचसी पर 102, जासापारा 82, बेलहरी 110, हयातनगर 89 मरीजों का उपचार किया गया। इस मौके पर देवी प्रसाद तिवारी, शालिनी पांडेय, रूपम आदि मौजूद रहे।

दहेज की मांग पूरी न होने पर युवती को छत से नीचे फेंका

लंभुआ, सुलतानपुर

▸▸ **पिता की तहरीर पर पति समेत ससुरालीजनों पर मुकदमा दर्ज**

अमृत विचार: दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को छत से फेंक दिया। दोनों पैर व रीढ़ की हड्डी टूट जाने पर मायके लाकर छोड़ गए। पीड़ित पिता की तहरीर पर पति समेत ससुरालीजनों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के राजाराम गुप्ता ने अपनी पुत्री कुसुम की शादी लगभग 13 महीने पहले जौनपुर जनपद के बदलापुर मुखलिसपुर निवासी राधेश्याम गुप्ता से किया था। विवाह के समय ही लाखों की नगदी जेवरात तथा समान इत्यादि दिया था। शादी के समय ही रस्म पूरी होते समय खिचड़ी के वक्त ससुराली जनों ने एक लाख रुपए की और मांग कर ली। लोगों के समझाने बुझाने के बाद किसी तरीके से शादी हुई। पिता ने आरोप लगाया कि उसके बाद से ही हमारी पुत्री को पति राधेश्याम, ससुर पुजारी गुप्ता तथा सास प्रताड़ित करने लगे। 29 फरवरी को उसे छत से नीचे फेंक दिए, जिससे दोनों पैर में फैक्चर हो गया। कमर की हड्डी में भी फ्रैक्चर हो गया। इसके बाद विवाहिता को मायके में लाकर छोड़ दिए। विवाहिता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

धूमधाम से निकली कलश यात्रा

संवाददाता, सुलतानपुर

▸▸ **पाल्हनपुर झलिया स्थित नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम**

अमृत विचार: भदैंया विकासखंड के पाल्हनपुर झलिया गांव में नवनिर्मित मंदिर से अष्टभुजा भवानी धाम, पाल्हनपुर, पितांबरपुर, नौबस्ता, शिवपुर, पाण्डेयपुर तक लगभग पांच किलोमीटर लंबी मूर्ति कलश यात्रा निकाली गयी। आयोजक मंडली के पुजारी रमेश दास ने बताया कि झलियहवां गांव में नवनिर्मित मंदिर में सोमवार को विधि विधान से वैदिक रीति रिवाज से मुख्य यजमान आशा देवी एंव रमेश मिश्रा की अगुवाई में मां विंध्यवासिनी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया है। श्रीपाल, विजय पाल, चंद्र प्रताप, विनय मिश्रा अजय आदि मौजूद रहे।

मंदिर में मूर्ति स्थापना के पहले निकाली गई शोभायात्रा। अमृत विचार

बिगड़ा मौसम का मिजाज, बारिश से फसलें हुईं चौपट, किसान चिंतित

बरसात के कारण नगर के कई इलाकों में बाधित रही बिजली

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: शनिवार रात से रविवार की शाम तक कभी तेज तो कभी रुकरुक हुई बरसात व तेज हवाओं ने किसानों को काफी नुकसान पहुंचाया है। कई इलाकों में ओले पड़ने से सरसों, गेहूं के साथ अन्य फसलों को काफी नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया कि खेतों में सरसों कटी थी, जो कि भींग गई। दूसरी ओर तेज हवा के कारण कई इलाकों में बिजली अभी भी बाधित है।

जिले में अगर फिर से तेज बारिश हुई तो दलहन-तिलहन की फसलों को सबसे अधिक नुकसान होने का डर है। पिछले साल मार्च में बेमौसम बारिश के चलते गेहूं की फसल चौपट हो गई थी। मौसम विभाग ने रविवार को भी बारिश होने का अंदेशा व्यक्त किया है। यह मौसम सेहत के लिए भी नुकसानदेह है। जनवरी में कड़ाके की ठंड ने लोगों को परेशान किया। वहीं फरवरी में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। मार्च के पहले सप्ताह में ही मौसम का रुख बदला गया। जिससे देखते ही किसान सरसों की कटी हुई फसल को छायादार स्थान पर रखे है। हालांकि, यह मौसम सेहत के लिए नुकसान देह है। जरा सी लापरवाही के चलते लोग तत्काल बीमार पड़ रहे हैं।

जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र में बारिश से सरसों की फसल को पहुंचा नुकसान।

7.8 मिमी रिकार्ड की गई बारिश

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के वैज्ञानिक डा. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि रविवार को अधिकतम तापमान 24 तो न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 90 तो न्यूनतम 54 प्रतिशत रही। हवा की गति 4.7 किमी प्रति घंटा रही। बर्षा 7.8 मिमी रिकार्ड की गई। उन्होंने बताया कि आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के से मध्यम बादल रहने एवं अधिकतर स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। हवा सामान्य व सामान्य से तेज गति से पूर्वी चलने की संभावना है।

किसानों को डरा रहा बिगड़ा मौसम

सुलतानपुर : जयसिंहपुर क्षेत्र के किसान सुनील मिश्र ने बताया कि अचानक से बिगड़े मौसम से सरसो की अगेती फसल को नुकसान हो रहा है। कटी हुई सरसो को छाया में रखा गया है। जो खेत में है उसकी भी फली बरसात से खुल कर खेत में गिर रही है। दुर्गेश तिवारी की मानें तो नमी के चलते सरसो की बुआई पिछड़ गई है, सरसो में फूल आए हैं। बरसात के चलते फूल गिर जा रहे हैं, पैदावार कम हों जायेगी। पीढ़ी के किसान नंदलाल ने बताया कि सरसो व मटर की बुवाई एक साथ हुई थी, सरसो पक गई हैं। मटर में फलिया आ रही है, बरसात से सरसो जमीन पर फैल रही है।

सुनील मिश्र

दुर्गेश तिवारी

नंदलाल

चेन उतरने से 11 घंटे ठप रही चीनी की पेराई

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार: शनिवार शाम को रिटर्निंग बगास सिस्टम का चेन उतर जाने के कारण चीनी मिल में गन्ना पेराई का कार्य ठप गया। रविवार भोर खराबी को दूर कर मिल संचालित की गई। इस दौरान करीब 11 घण्टा चीनीमिल बंद पड़ी रही है। किसान सहकारी चीनीमिल जर्जर संयंत्रो के कारण आए दिन बंद पड़ जा रही है। जिसका खमियाजा गन्ना किसानों को उठाना पड़ रहा है। शनिवार शाम करीब पांच बजे रिटर्निंग बगास सिस्टम का चेन उतर जाने से मिल में गन्ना पेराई का कार्य बंद पड़ गया। रविवार भोर चार बजे मिलकर्मियो ने रिटर्निंग बगास सिस्टम के चेन को ठीक किया।

बाइक देने से मना किया तो पीटा, केस दर्ज

कादीपुर। बाइक देने से मना करने पर एक युवक की लात घूसों से जमकर पिटाई की गई। कस्बे के तुलसी नगर मोहल्ले के दिनेश मोदनवाल का आरोप है कि एक मार्च रात नौ बजे विपक्षी उनसे बाइक मांगने आए। बाइक देने से मना करने पर विपक्षियों ने लात घुसो से जमकर उसकी पिटाई की। जिससे उन्हें काफी चोट आई। शनिवार को पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मोहल्ले के ही शमशाद एवं आरिफ के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में कक्षा आठ की छात्रा के साथ दरिंदगी का मामला प्रकाश में आया है। सोशल मीडिया पर सामूहिक दुष्कर्म का वीडियो वायरल होने के बाद पिता ने मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस एक आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसकी नाबालिग पुत्री कक्षा आठ की छात्रा है। बीते 18 दिसंबर को गांव के दो युवक उसकी पुत्री को गांव के बाहर स्थित झाड़ी में ले गए। जहां दोनों युवकों ने दुष्कर्म किया, उसका वीडियो भी बनाया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दोनों आरोपितों ने कई बार दुष्कर्म किया। इस बीच जब छात्रा बुलाने पर नहीं गई तो आरोपितों ने वीडियो वायरल कर दिया। परिजनों को मामले की जानकारी हुई। पिता के तहरीर पर पुलिस ने गांव के दो युवकों के ऊपर सामूहिक दुष्कर्म, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम में केस दर्ज किया है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद छात्रा का मेडिकल करवाया है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया केस दर्ज कर एक आरोपित को हिरासत में लिया गया है। दूसरे आरोपित की तलाश की जा रही है।

शटरिंग करते समय राजगीर को लगा करंट, मौत

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार : छत डालने के लिए उसकी शटरिंग के दौरान सरिया उठाते समय हाई टेंशन तार में छू गया। इससे राजगीर करंट चपेट में आ गया और वहीं उसकी मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के बेलाही गांव में रविवार को सायरा बानो के यहां छत डालने के लिए बहमरपुर निवासी राजगीर अमीन (48) पुत्र रहमतुल्लाह मजदूरों के साथ गया था। वह छत डालने के लिए शटरिंग कर रहा था और सरिया बिछाने का काम कर रहा था। उसी समय वह सरिया को ऊपर उठाया। ऊपर हाई टेंशन तार में वह सरिया छू गया, जिससे करंट की चपेट में आ गया। करंट की चपेट में आने से मौके पर ही राजगीर की मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि राजगीर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

अखंडनगर को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग

कैबिनेट मंत्री का अखंडनगर में किया गया स्वागत। अमृत विचार

अमृत विचार : एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए वित्त एवं संसदीय कार्य के मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का अखंडनगर चौराहे पर जोरदार स्वागत किया गया। यहां ग्रामीणों ने उन्हें एक ज्ञापन देते हुए अखंडनगर को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग उठाई। कैबिनेट मंत्री श्री खन्ना यहां शिवनाथ वर्मा स्मारक महाविद्यालय देवनगर में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। अखंडनगर बाजार में वासुदेव यादव एवं अन्य भाजपा नेताओं ने माल्यार्पण करके उनका स्वागत किया। साथ ही अखंडनगर बाजार (बेहराभारी) को नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने के लिए एक मांग पत्र भी सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि अखंडनगर की बढ़ती आबादी और बढ़ते राजस्व के अनुसार क्षेत्र का विकास कार्य नहीं हो रहा है। पूर्ववर्ती सरकारों में भी आवाज उठाई गई, लेकिन मांग पूरी नहीं हुई। अखंडनगर और इसके आसपास के छह सात गांव को मिलाकर करीब 20 हजार आबादी है। ऐसे में इसे नगर पंचायत का दर्जा मिल जाएगा तो लोगों को लाभ मिलेगा। यह इलाका जिले की पूर्वी क्षोर है। जिला मुख्यालय से 70 से 80 तो तहसील मुख्यालय से करीब 20 किमी दूर है। यहां राम आसरे तिवारी, देवनारायण, कमलेश राव, महेन्द्र मौर्या, राहुल सिंह, अनुज यादव, राम आसरे वर्मा, मूलचंद्र त्रिपाठी, रियाज अली, अकबर अली आदि रहे।

30 लाख से होगा हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार

पूजन के साथ शुरू हुआ हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य। अमृत विचार

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : कस्बे में स्थित पुराने हनुमान मंदिर का 30 लाख की लागत से जीर्णोद्धार किया जाएगा। रविवार को विधि-विधान पूर्वक मंदिर परिसर में भूमि पूजन किया गया। यह कार्य पर्यटन विभाग की ओर से कराया जाएगा। लखनऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोसाईंगंज कस्बे में पुराना हनुमान मंदिर है। मंदिर का भवन जर्जर हो गया था। मंदिर के सुंदरीकरण के लिए 29 लाख 86 हजार रुपया पर्यटन विभाग से स्वीकृति हुआ है। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल मंदिर जीर्णोद्धार का कार्य करवाएगी। पंडित करुणा शंकर शुक्ला व लक्ष्मी शंकर शुक्ला ने विधि-विधान पूर्वक पूजन किया। जिला पर्यटन अधिकारी/जिला सूचना अधिकारी धीरेंद्र कुमार, संतोष चतुर्वेदी पप्पू, राजेश पांडेय, पवन चतुर्वेदी राजू, आदि पूजन में शामिल हुए। इसके बाद जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया गया। बड़ी संख्या में भाजपाई व ग्रामीण यहां मौजूद रहे।

प्रतिष्ठानों पर लगाएं सीसीटीवी कैमरा: थानाध्यक्ष

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : रविवार को थानाध्यक्ष ज्ञानचन्द्र शुक्ला की अध्यक्षता में थाना परिसर में महाशिवरात्रि व रमजान त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में थानाध्यक्ष ने व्यापारियों से सुरक्षा की दृष्टि से प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की। थानाध्यक्ष ज्ञानचन्द्र शुक्ला ने कहा महाशिवरात्रि व रमजान का लोग आपस में सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये। त्योहारों में सौहार्द बिगड़ने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी गड़बड़ी करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा।

कुड़वार क्षेत्र में आगजनी करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: कुड़वार थाना क्षेत्र के कस्बे के बगल पानी की टंकी के पास बीते 7 जनवरी की रात अज्ञात द्वारा कोचिंग सेंटर में आग लगाकर बेंच कुर्सी सहित अन्य सामान जलाकर राख कर दिया था। जिसका मुकदमा तेजबहादुर सिंह द्वारा 8 जनवरी को लिखाया गया था। 28 जनवरी को भगवानपुर ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में ताला तोड़कर जरूरी कागजात सहित अन्य सामान जलाकर राख कर दिया था।मामले में प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार की तहरीर पर 3 फरवरी को मुकदमा पंजीकृत हुआ था। गुरुवार की रात कस्बे के अलीगंज रोड पर आंचल अग्रहरि की स्कूटी, संतोष तिवारी की पान की गुमटी व सुरेश चंद्र तिवारी की चाय की दुकान की गुमटी को आग के हवाले कर दिया था। घटना के खुलासे के लिए एसपी सोमेन वर्मा द्वारा कई टीमें लगाई गई थी।रविवार को सीओ सिटी ने कुड़वार थाने पर खुलासा करते हुए बताया कि सर्विलास टीम, सीसीटीवी फुटेज की मदद से अभिजीत तिवारी निवासी कुड़वार को हिरासत में लेकर पूछतांछ की गई तो उसने बताया कि गांव निवासी तेजभान तिवारी के साथ मिलकर उसने घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तेजभान की बाइक को बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है। वही अन्य सहयोगी की तलाश जारी है। घटना के खुलासे में लगाई गई टीम में प्रभारी निरीक्षक अरुण द्विवेदी, निरीक्षक यदुवीर सिंह, उप निरीक्षक राम विलास यादव, मुक्ताबुद्दीन, आरक्षी रामकुमार, अनुज तिवारी व इमाम हुसैन रहे। टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपए का इनाम दिया गया है।

एक रोटी कम खाएं, बच्चों को जरूर पढ़ाएं

▸▸ **संत गाडगे के इस मंत्र को घर-घर पहुंचाने का लिया संकल्प**

▸▸ **तिकोनिया पार्क में धूमधाम से मनाई गई संत गाडगे की जयंती**

संत गाडगे जयंती पर सम्मानित किए गए मेधावी अमृत विचार

तिकोनिया पार्क में आयोजित जयंती समारोह में शामिल लोग।

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार : राष्ट्र संत गाडगे जयंती समारोह रविवार को तिकोनिया पार्क में धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि जय सिंह आईएएस सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार रहे। अध्यक्षता भगवान दिन यादव समाजसेवी ने किया।

विशिष्ट अतिथि प्रदीप कनौजिया उपनिदेशक कृषि विभाग, कृपा शंकर, विनोद कुमार प्रधान हरीश धोबी वाला, डॉ राजकरण, भोले वर्मा, भारत राम, श्याम लाल निषाद अन्य का स्वागत संगठन के राकेश चौधरी, सुरेश लाल, कमलेश, सुभाष चौधरी, विजय भास्कर, राजेश कनौजिया, त्रिवेणी प्रसाद व अन्य ने किया। मुख्य अतिथि ने समाज को जोड़ने की बात कही। समाज को संत गाडगे के बताएं शिक्षा अभियान को घर-घर पहुंचाने के लिए संकल्प लेने का निर्णय लिया। प्रदीप ने पाखंड अंधविश्वास से दूर रहने को कहा। डॉ राजकरण ने बताया कि समाज को एकजुट होकर रहना है। संचालन राजेश कुमार कनौजिया और विजय भास्कर ने किया।

जयंती में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में अच्छे नंबरों से पास कई छात्र छात्राओं रुचि, सुमन, अर्पिता, कोमल, पुष्पा, महेश आशुतोष आदि को लूसेंट किताब देकर सम्मानित किया गया। जरुरतमंद महिलाओं को साड़ी दी गई। जयंती आयोजक संजीव भास्कर ने आए हुए सभी के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश, सचिन, सुनील, राम अचल, सुभाष चौधरी, सुरेश, दिनेश आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भदैंया के एडीओ पंचायत को मिला दूबेपुर का भी प्रभार

सुलतानपुर। विकासखंड दूबेपुर के प्रभारी एडीओ पंचायत दिनेश कुमार सिंह को विकास भवन सम्बद्ध होने के कारण एडीओ पंचायत का पद रिक्त हो गया था। जिला पंचायत राज अधिकारी ने भदैयां के एडीओ पंचायत सतीश कुमार श्रीवास्तव को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे आवासीय जमीन व आवास के समस्त कागजात दस्तावेज वास्तव में गुम हो गया है। खोजने पर भी नहीं मिल रहा जमीन व आवास का गाटा सं0 71,72,73,74 है। किसी को मिला हो तो देने का कष्ट करें।–
भवानी फेर मिश्र सुत राम नेवाज मिश्र, निवास– पुरे काली पांडेय मझवारा मायंग, सुल्तानपुर

सेल्फी की लगी होड़ | पिता ने शाही अंदाज में बेटी को हेलीकॉप्टर से विदा किया

हेलीकॉप्टर से दूल्हे को लेकर पहुंची दुल्हन

कूरेभार, सुलतानपुर

अमृत विचार: कूरेभार थाना क्षेत्र के शंकरगढ़ में जब हेलीकॉप्टर से अपने दूल्हे को लेकर पहुंची दुल्हन तो कौतुहल मच गया। प्रतापगढ़ में एक पिता ने अपनी बेटी की विदाई हेलीकॉप्टर से किया है। जिले में इस तरह का यह पहला मामला है।

रविवार को थाना क्षेत्र के शंकर गढ़ गांव में जब दुल्हन हेलीकॉप्टर से दूल्हे के साथ पहुंची तो हेलीकॉप्टर और दुल्हन को देखने के लिये भीड़ उमड़ पड़ी। साथ ही ग्रामीण हेलीकॉप्टर के साथ सेल्फी लेने वालों की होड़ सी लगी रही। जहां हेलीकॉप्टर के लैंडिंग के समय थाने की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिये मौजूद रही। शंकरगढ़ निवासी सत्य प्रकाश पांडेय के पुत्र सतीश पांडेय जो कि अहमदाबाद की एक कंपनी में सीनियर इंजीनियर है। उनकी बारात शनिवार को प्रतापगढ़ जिले के पट्टी अंतर्गत उपाध्याय का पुरवा निवासी कृपा शंकर के यहां गई थी।

कृपा शंकर की बेटी शिवा के साथ सतीश ने सात फेरे लिए। शादी संपन्न होने के बाद रविवार की सुबह पिता कृपा शंकर ने अपनी इकलौती बेटी शिवा की शाही अंदाज में विदाई हेलीकॉप्टर से करके अपने सपने को पूरा किया। रविवार को कूरेभार के शंकरगढ़ में हेलीकॉप्टर से आयी दुल्हन को देखने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई। हेलीकॉप्टर के साथ सेल्फी लेने वालों की होड़ सी लग गई।

दुलहन व दूल्हे और हेलीकॉप्टर के साथ लोगों ने ली सेल्फी। अमृत विचार

टावर से केबल चुराने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार: कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पतीपुर टावर के निकट पुलिस ने गस्त के दौरान रविवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की है।

शिवगढ़ थाना क्षेत्र के एसआई प्रदीप कुमार यादव, सिपाही अखिलेश यादव के साथ रविवार की भोर शिवगढ थाना जा रहे थे। पतीपुर मोबाइल टावर के पास सड़क पर एक युवक दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे देखकर पुलिस ने युवक को पकड़ कर थाने ले आई। जिसकी पहचान कोतवाली देहात के उतुरी गांव निवासी पिंटू के रुप में की गई है। पकड़ा गया युवक पुलिस की पूछताछ के बाद में टावर की चोरी का वांछित अभियुक्त निकला है। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शिवगढ़ एसओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि एक पखवारे पूर्व सकरसी में लगे मोबाइल टावर में चोरी करते समय अभियुक्त के साथी रवी को ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने पकड़ लिया था। जिसे पहले ही जेल भेजा जा चुका है। पकड़े गए अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। जिसे गिरफ्तार कर केबिल सहित न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक–03.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा, विकासखंड मोतिगरपुर , जनपद सुलतानपुर अंत्येष्टि स्थल विकास योजना/राज्यवित्त/पंद्रहवां वित्त/ मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–04.03.2024 से 11.03.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा , विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–11.03.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण	शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में)
01	ग्राम पंचायत मे अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य ।	24.39 लाख रुपये।	बालू, मोरंग, पत्थर (20mm) ईटगिट्टी, सीमेन्ट, ईट, गिट्टी, सरिया, लोहे की पाइप,सीमेंट चद्दर शेड, हैंडपंप, दरवाजा, खिड़की, गेट, मिट्टी आदि	100

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान **ग्राम पंचायत सचिव**

ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

अमृत विचार
www.amritvichar.com

उद्यमेनैव हि सिध्यन्ति, कार्याणि न मनोरथै ।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य, प्रविशन्ति मृगा: ॥

प्रयत्न करने से ही कार्य पूर्ण होते हैं, केवल इच्छा करने से नहीं, सोते हुए शेर के मुख में मृग स्वयं प्रवेश नहीं करते हैं।

संपादकीय

देश की मजबूती के लिए

राष्ट्र की मजबूती के लिए उसका रक्षा क्षेत्र में मजबूत होना बहुत जरूरी होता है। इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता उसे और मजबूत करती है। एक समय भारत रक्षा क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। इस मोर्चे पर भारत की स्थिति धीरे-धीरे बदल रही है। भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को लेकर आगे बढ़ रहा है। गौरतलब है कि जैसे-जैसे देश की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर मजबूत हो रही है, भारत रक्षा क्षेत्र के लिए जरूरी सामानों के आयात को कम कर रहा है और उसके लिए 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत घरेलू बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दे रहा है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए भारत सरकार ने कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं। इसके तहत रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार किए गए हैं। इससे देश में रक्षा विनिर्माण और प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर केंद्र सरकार सेना को स्वदेशी हथियारों और उपकरणों से लैस करने के लिए अभियानरत है। स्वदेशी उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ रक्षा खरीद पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इसी महत्वाकांक्षी पहल को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को डिफकनेक्ट 2024 का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। डिफकनेक्ट 2.0 कार्यक्रम देश की सेना को मजबूत करेगा। देश के रक्षा नवाचार परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सशस्त्र बलों, रक्षा उद्योग के प्रमुख उद्यमियों, स्टार्ट-अप, शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं सहित सभी महत्वपूर्ण हितधारकों को एक साथ लाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक आयोजन का उद्देश्य सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देना, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करना और रक्षा क्षेत्र में सहयोग, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक परिवर्तनकारी मंच प्रदान करना है। पहल का उद्देश्य डिफेंस स्टार्टअप्स के साथ नियमित रूप से जुड़ने की रणनीति को जारी रखना है। यह अवसर स्टार्टअप्स के लिए निवेश प्राप्त करने और भविष्य के परिचालनों का नेतृत्व करने को लेकर लाभ उठाने के लिए है। दुनिया में बहुत सी चीजें भारत को प्रभावित कर रही हैं। भारत के पास इस विश्व व्यवस्था में बदलाव के बीच खुद को मजबूत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसलिए सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण है कि हम अपनी रक्षा, शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत बनें।

विज्ञान लोकप्रियकरण के प्रति आमजन का दृष्टिकोण

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विज्ञान लोकप्रियकरण का मामला यूनेस्को के एजेंडा पर हमेशा से ही मौजूद है। इस बाबत इसके एक दस्तावेज 'साइंस पॉपुलराइजेशन-इट्स हिस्ट्री, ट्रिम्फ्स एंड पिटफाल्स', इम्पैक्ट स्टडीज संख्या-144 से विश्वस्तरीय जानकारी मिलती है।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी की जानकारी के तकनीकी पक्षों और वैज्ञानिक जानकारी को प्रयोगशालों और संस्थानों से बाहर निकालकर इसके लोकप्रिय संस्करण को देश के लोगों से इनकी ही भाषा में साझा करने की भी जरूरत होती है। ताकि समावेशी विकास में आमजन की भागीदारी बनी रहे। खेदजनक है कि विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति भारत के लोगों का दृष्टिकोण और पसंद क्या हैं, इस बारे में एक-दो बार के रैंडम सर्वेक्षणों के अलावा अखिल भारत स्तर का सर्वेक्षण नहीं हुआ है।

जापान ने अपने यहां किए गए एक सर्वेक्षण में पाया कि लोगों के मुताबिक उनका सर्वाधिक रुझान मेडिकल ट्रीटमेंट्स, फिर क्रम से टेक्नोलॉजिकल उपलब्धियों, बेसिक साइंसेज, मिलिट्री, इकोनॉमी, यूनिवर्सिटी एजुकेशन, प्राइमरी ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ऑफ सबसे कम पॉलिटिक्स में है। 87 प्रतिशत जापानी लोग चाहते हैं कि राष्ट्रीय सरकार ही साइंटिफिक रिसर्च में सर्वाधिक खर्चा करे। भारत में यह क्रम बदल सकता है। वाशिंगटन डीसी से ऑपरेट करने वाली स्वतंत्र संस्थी 'पेव रिसर्च सेंटर' के डेटा के अनुसार भारत में क्रम से यह पैटर्न कि हम लोग मिलिट्री, वैज्ञानिक उपलब्धियों, मेडिकल ट्रीटमेंट, यूनिवर्सिटी एजुकेशन, प्राइमरी और सेकेंडरी एजुकेशन, टेक्नोलॉजिकल अचीवमेंट्स, पॉलिटिकल अचीवमिनट्स के बाद इकोनॉमी को तरजीह देने वाले लोग हैं। पड़ोसी बांग्लादेश में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में लोकप्रियकरण कार्यक्रम अधिकांश तौर से भारतीय पैटर्न पर ही आधारित हैं। यहां सोसाइटी फॉर द पॉपुलराइजेशन ऑफ साइंस सन् 2001 में स्थापित किए जाने के बाद से अच्छा काम कर चुकी है।

विज्ञान लोकप्रियकरण का मामला यूनेस्को के एजेंडा पर हमेशा से ही मौजूद है। इस बाबत इसके एक दस्तावेज 'साइंस पॉपुलराइजेशन-इट्स हिस्ट्री, ट्रिम्फ्स एंड पिटफाल्स', इंपैक्ट स्टडीज संख्या-144 से विश्वस्तरीय जानकारी मिलती है। अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के अलावा चीन और जापान में आमजन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने के लिए जो तरीके उन्नीसवीं और बीसवीं सदी में अपनाए गए थे अब उनसे वे लोग बहुत आगे निकल चुके हैं। जबकि हमारे यहां आयोजित

विज्ञान के विषयों के प्रति रुचि तो हम पैदा कर सकते हैं, लेकिन बीज रूप में मौजूद उस प्राकृतिक रुझान का अंकुरण होने की अवस्थाएं पैदा नहीं कर सकते जिससे एक व्यक्ति खोजकार्य या अन्वेषण करने के लिए उद्धत हो पाए।

होने वाले विज्ञान लोकप्रियकरण के कार्यक्रमों में आमजन की भागीदारी अभी परोक्ष और दर्शक जैसी ही बनी हुई है। सक्रिय भागीदारी के लिए इनोवेशन दिखाई नहीं देती। विज्ञान लोकप्रियकरण के सभी उपायों के मद्देनजर भारत की स्थिति को हम जिस मानकीकृत, खास तरीके से जान सकते हैं वह है देश में उन संस्थानों और संगठनों की 'ट्रांसपेरेंट रैंकिंग' के बारे में जानना जिनकी गतिविधियों को आंकने का तरीका 'गूगल स्कॉलर साइटेशंस' अर्थात् ऐसे शोधपत्रों का उद्धरण दिए जाने की बारंबारता जिन्हें हमारे उन वैज्ञानिकों ने प्रकाशित किया है, जो टॉप 429 इंस्टिट्यूशंस में काम करते हैं। उनकी लोकेशंस विभिन्न बड़े शहरों में है।

तिरुवनंतपुरम (केरल) में एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में कार्यरत इनफार्मेशन साइंटिस्ट गंगन प्रताप द्वारा सन् 2020 में प्रकाशित एक अध्ययन से मालूम हुआ है कि हमारे टॉप 439 संस्थानों के शोधकर्ताओं ने जो शोधपत्र लिखे उन्हें कुल मिलाकर एक करोड़ बाईस लाख 80 हज़ार और 756 की संख्या में उद्धृत किया गया था। ये संस्थान भारत में 188 शहरों में ही कंद्रित हैं जबकि 22 प्रांतों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में नगरों की कुल संख्या 4 हज़ार है। इससे यह प्रश्नमूलक संकेत मिलता है कि जिन नगरों में अधिक वैज्ञानिक संस्थान मौजूद हैं क्या वहां के लोगों में बाकी के नगरों में निवास करने वाली जनसंख्या के मुकाबले में वैज्ञानिक अभिरुचि का स्तर ऊंचा है, अर्थात यह मालूम करना है कि इन संस्थानों की गतिविधि का इनके परिसर के 50 किलोमीटर के व्यास में अर्थात 196 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में रहने वाले लोगों पर क्या असर हुआ है? इस बारे में निश्चित रूप से तो नहीं लेकिन अनुमान से कहा जा सकता है कि 'शायद' यह स्तर ऊंचा होता है। इस जाहिरा असमानता को दूर करके समानता के स्तर पर लाना असंभव है लेकिन कम जरूर किया जा सकता है। अपने तौर से सर्वे के जो प्रयास मैंने ऑनलाइन किए इन्हें चालीस साल के अपने अनुभव को मिलाकर देखता हूं कि नॉन-कमर्शियल पॉपुलर साइंस पब्लिकेशन्स और इनके वितरण के मामले में शासकीय वित्त पोषण से चलने वाली रूस (सोवियत काल) की 'मीर', 'रादुगा' और 'प्रोग्रेस' एजेंसीज़ के प्रकाशन दुनियाभर में सर्वश्रेष्ठ हैं। अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के देशों के लोग एक नया कांसेप्ट 'सिटीजन्स साइंस' लेकर आए हैं इस बाबत करीब एक दशक से भी अधिक समय से काम कर रहे हैं। उनका ख्याल है कि इस कार्यक्रम में विज्ञान पढ़ने वाले युवजनों और स्थानीय आमजन को कुछ ट्रेनिंग देकर प्रकृति संरक्षण, यथा -बायोडाइवर्सिटी कंजर्वेशन, जैसे काम में पेशेवर वैज्ञानिकों के साथ काम करने हेतु लगाया जा सकता है। लेकिन इस बारे में उनके ही कुछ विद्वज्जनों का विचार है कि सिटीजन साइंटिस्ट्स द्वारा इकट्ठा किए जाने वाले डेटा की विश्वसनीयता, संचालित कार्यक्रमों में 'रिस्क' से उनका सामना होने के अलावा 'नैतिक मुद्दे' भी जुड़े हुए हो सकते हैं।

'एनवायरनमेंटल साइंस एंड पालिसी जर्नल' के दिसंबर 2015 के अंक में प्रकाशित एक समीक्षा पत्र में जो लिखा गया है उसका भाव यह कि 'आम लोगों और पेशेवर वैज्ञानिकों के बीच सहयोग-अनुसंधान एक महत्वपूर्ण नवोन्मेषी प्रवृत्ति है। नागरिकों ने पेशेवर वैज्ञानिकों को जानवरों और पौधों की आबादी, कैनाइन व्यवहार, आकाशीय वस्तुओं, पर्यावरण प्रदूषकों, मत्स्य पालन, व्हेल ध्वनियां, मौसम विज्ञान और आक्रामक प्रजातियों के बारे में जानकारी जुटाने के दौरान मदद की है।' आपत्तियों के बावजूद वैज्ञानिकों और आम लोगों के बीच होने वाले सहयोग, विज्ञान और समाज के लिए कई लाभ प्रदान करते हैं, लेकिन वे नैतिक प्रश्न और चिंताएं भी उठा सकते हैं। देखा जाय तो हमारे देश में विज्ञान लोकप्रियकरण आंदोलनों और अन्य अवसरों से पेशेवर वैज्ञानिकों के जुड़ने के दौरान अनेक युवजनों ने मौसम, फसलों, कीट-पतंगों, कृषि-सूचना प्रौद्योगिकी तंत्र की स्थापना जैसे कि 'किसान संचार', प्राकृतिक आपदा के समय सूचना तंत्र को कायम रखने के लिए 'हैम-रेडिओ', पुरातत्व और कला के वैज्ञानिक पक्षों की विवेचना और विमर्श, पर्यावरण और प्रकृति की जानकारी देने और संरक्षण कार्य में सक्रिय भागीदारी के लिए कई वर्ष पहले ही एनजीओ बनाने और यू-ट्यूब चैनल्स चालू करने जैसे काम शुरू कर लिए थे। विज्ञान के विषयों के प्रति रुचि तो हम पैदा कर सकते हैं, लेकिन बीज़ रूप में मौजूद उस प्राकृतिक रुझान का अंकुरण होने की अवस्थाएं पैदा नहीं कर सकते जिससे एक व्यक्ति खोजकार्य या अन्वेषण करने के लिए उद्धत हो पाए। यह गुण सहज होता है और स्वतःस्फूर्त भी। जिन बालकों और युवजनों में ऐसा स्फुरित हो जाए तो प्रारंभिक दौर में तो वे इसमें ही रुझान बनाए रखते हैं। अगर मैथड ऑफ़ साइंस बाद में नहीं अपनाया गया तो ये अन्वेषक नहीं बन पाते। बचपन के दिनों में कुछ बच्चे लचर, ढीले और मंद दिखाई दे सकते हैं, लेकिन बाद में कुछ ऐसा घटता है जिसके कारण या स्वतःस्फुरित आंतरिक परिवर्तन की वजह से इनमें अचानक से प्रतिभा का प्रस्फुटन होता है और टॉमस अल्वा एडिसन की तरह, आइन्स्टाइन की तरह वह निखरता है। श्रीनिवास रामानुजन की तरह वह जन्म से ही अगर एक किशोर वय का बालक प्रतिभावान है और गणित में गूढ़ ज्ञान के प्रतिपादन से एक अर्से से लंबित पड़ी जटिल समस्याओं को सुलझाता है, तो निश्चय ही वह रामानुजन की नस्ल का व्यक्ति है। एक राष्ट्र की उत्पादक क्षमता उस देश के लोगों की वैज्ञानिक नए ज्ञान के सृजन और पुराने को नए सिरे से व्याख्यायित करने के कौशल पर निर्भर करती है। मेरे ख्याल से हमारे प्रधानमंत्री ने कौशल विकास की जो बात बहुत पहले कही थी उसका आशय इसके अलावा और क्या हो सकता है? विज्ञान दिवस जैसे अवसरों पर अखिल भारत स्तर पर संस्थानों में अनेक तरीके से विविध कार्यक्रम किए जाते हैं जिनमें आत्मगौरव का भाव तो बहुत होता है, लेकिन पारंपरिक दिखावे की भी कमी नहीं होती।

प्रसंगवश

दूरसंचार का उत्थान-पतन

पिछले दिनों सरकारी फोन विभागीय कार्मिकों के साथ था। व्यथा-गाथा सुनी। मुझे अपनी तरुणावस्था का दौर याद आया। काला चोगा होता था। आठ इंच लंबा-चौड़ा यह भाष्य यंत्र जिस घर में रहता था उसकी प्रतिष्ठा मोहल्ले में ऊंची होती थी।

मेरे स्मृति पटल पर सनातन फोन रिसीवर (चोगा) उभर आता है। उसके साथ लगभग दो-तीन फीट का तार जुड़ा रहता था। चोगा उठाकर लोग बात करते थे। रिसीवर का एक हिस्सा कान में तथा दूसरा हिस्सा मुंह के पास रखा जाता था। टेलीफोन की घंटी जब पूरे घर में गूंजती थी तो खुशी की लहर दौड़ जाती थी। अगर दो-चार मेहमान बैठे हुए हैं और उनके सामने टेलीफोन की घंटी बज जाए तो इसका अर्थ बहुत शुभ सूचक माना जाता था। गर्व से गृह स्वामी की आंखें चौड़ी हो जाती थीं कि देखो हमारे घर टेलीफोन की घंटी बज रही है। फिर आया मोबाइल का दौर। बीएसएनएल और एमटीएमएल बुलंदी पर रहे। मगर गिरावट आ गई जब निजी व्यापारी भी प्रतिस्पर्धा में आ गए। नतीजन आज सरकारी मोबाइल साढ़े नौ करोड़ पर गिरे। निजी तो सवा सौ करोड़ छू रहीं हैं। निजी कंपनियां भी हैं। आज लैंडलाइन फोन के करीब सवा दो करोड़ ग्राहक हैं। निजी के तो कई गुना हैं। सरकारी कार्मिक लोग बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं।

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के नाम से जाना जाने वाली एक सार्वजनिक क्षेत्र की संचार कंपनी है। 31 मार्च 2008 को 24 प्रतिशत के बाजार पूंजी के साथ यह भारत की सबसे बड़ी, संचार कंपनी रही। भारत में सम्मानित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में थी। मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों में सबसे पहली कंपनी रही जिसने इनकमिंग कॉल को पूर्णतया फ्री किया। दूरसंचार के क्षेत्र में भारत सरकार का लोगों में विश्वास बढ़ाया। सरकारी फोन कंपनी से कांग्रेस सरकार की प्रतिष्ठा बढ़ी थी। तब हिमाचल के पं. सुखराम शर्मा संचार मंत्री थे। भारत में पहली मोबाइल बात मंत्री जी ने पश्चिम बंगाल की माकपा मुख्यमंत्री ज्योति बसु से 3 जुलाई 1995 में (कलकत्ता से नई दिल्ली) की थी। करिश्मा लगता था। फिर आया दुर्भाग्य का दौर। इस सार्वजनिक उपक्रम का घाटा करोड़ नहीं, अरबों रुपयों में होने लगा। तब

टेलीकॉम सेक्टर मामलों के जानकार के मुताबिक स्थिति इतनी बिगड़ी कि बाजार में एक सोच ऐसी भी थी कि मंत्रालय में कुछ लोग कथित तौर पर चाहते थे कि बीएसएनएल का मार्केट शेयर गिरे ताकि निजी ऑपरेटरों को फायदा पहुंचे।

संप्रग सरकार (मनमोहन सिंह) के मंत्री थे तमिलनाडु के द्रमुक के ए. राजा और मारन आदि। कुछ शीर्ष पत्रकारों ने भी बहती गंगा में हाथ धो लिया। लाइसेंस की लूट मची थी। नतीजन अब बीएसएनएल अपने पौने दो लाख कार्मिकों को वेतन नहीं दे पा रही है।

अचरज की बात है कि बीएसएनएल तो बंदी की कगार पर है, मगर जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया जैसी प्राइवेट कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं। कभी सबसे प्रतिष्ठित टेलिकॉम कंपनी मानी जाने वाली बीएसएनल के आज देश में 11.5 करोड़ मोबाइल यूजर हैं। देश में उसका मार्केट शेयर केवल 9.7 फीसदी है। एक कार्मिक ने उसे दौर का किस्सा बताया। बीएसएनएल के एक अधिकारी गुजरात गए थे। तब शाम को उनकी तबीयत गड़बड़ाई तो उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। इस पर कर्मचारी यूनियन के महासचिव बताते हैं : "डॉक्टर ने मुझसे कहा आप पहले मेरी मदद करिए, तब मैं आपकी मदद करूंगा। मेरे पास बीएसएनएल का मोबाइल है। कॉल सुनने के लिए मुझे सड़क पर जाना पड़ता है। चिल्ला कर बात करनी पड़ती है। आप पहले मेरी समस्या का समाधान करिए।" एक्सपर्ट बताते हैं कि इस दौर में मंत्रालय से भी सहमति आने में भी वक्त लग रहा था। टेलीकॉम सेक्टर मामलों के जानकार के मुताबिक स्थिति इतनी बिगड़ी कि बाजार में एक सोच ऐसी भी थी कि मंत्रालय में कुछ लोग कथित तौर पर चाहते थे कि बीएसएनएल का मार्केट शेयर गिरे ताकि निजी ऑपरेटरों को फायदा पहुंचे। जब 2014 में लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिक्र किया था कि बीएसएनएल ने "ऑपरेटिंग" मुनाफा कमाया है तो आशा बंधी थी। मगर अब मोदी की गारंटी की प्रतीक्षा है कार्मिकों को।

विकास व समृद्धि के लिए अहम है महिलाओं का स्वास्थ्य

डॉ. अमित वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

प्रकृति में हर चीज का संतुलन है। इससे संसार के कुछ भागों में वहां की अधिकार धन-दौलत कुछ गिने-चुने लोगों के पास होती है।

महिलाओं का स्वास्थ्य व पोषण समाज की समृद्धि और स्थिति के प्रति महत्वपूर्ण योगदान देता है, क्योंकि एक स्वस्थ महिला ही समाज की स्थिति को सुधार सकती है। इसका सीधा असर समाज के पोषण के प्रति होता है। इसलिए हमारे समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण की देखभाल बेहद महत्वपूर्ण है। किसी भी महिला को अपने दैनिक कार्य करने, बीमारियों की रोकथाम तथा सुरक्षित व स्वस्थ प्रसव के लिए अच्छे भोजन की आवश्यकता होती है, लेकिन फिर भी पुरे संसार में किसी अन्य स्वास्थ्य समस्या की तुलना में महिलाओं को कुपोषण का सबसे अधिक सामना करना पड़ता है। इसके वैसे तो बहुत कारण होते हैं, लेकिन मुख्यता थकावट, कमजोरी, अशक्तता और बुरा स्वास्थ्य हो सकता है।

प्रकृति में हर चीज का संतुलन है। इससे संसार के कुछ भागों में वहां की अधिकार धन-दौलत कुछ गिने-चुने लोगों के पास होती है। कुछ किसान अन्न देने वाली फसलों की बजाय गन्ना व तंबाकू उगाते हैं, क्योंकि उनसे ज्यादा आमदनी होती है। गरीब लोग कर्जे लिए गए जमीन के छोटे से टुकड़े पर खेती करते हैं। जबकि उस जमीन के मालिक फसल का एक बड़ा भाग हड़प जाते हैं। गरीबी रेखा का सबसे ज्यादा कुप्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि चाहे खाने के लिए कितना भी कम हो, महिलाओं को सबसे कम भोजन मिलता है, क्योंकि महिलाएं तभी भोजन करती हैं जब पुरुषों व बच्चों ने खा लिया हो अर्थात् वे सबसे अंत में खाती हैं। इसलिए भुखमरी तथा कुपोषण की समस्या का तब तक कोई समाधान नहीं निकल सकता है जब तक जमीन व अन्य संसाधनों का न्यायपूर्वक वितरण नहीं होता है और महिलाओं को पुरुषों के बराबरी का दर्जा नहीं मिलता है। इन सबके बावजूद, अनके ऐसी बातें हैं जिनका पालन करके लोग, कम पैसे में भी बेहतर भोजन प्राप्त कर सकते हैं। यथासंभव पौष्टिक भोजन खाकर वे अपनी सामर्थ्य में वृद्धि कर सकते हैं और जब लोगों का पेट भरा होगा तो वे अपने परिवार व समुदाय की आवश्यकताओं पर ध्यान लगा सकते हैं और उनमें परिवर्तन लाने के लिए कार्यरत हो सकते हैं। एक स्वस्थ महिला के लिए उसके शारीरिक स्वास्थ्य का संतुलित होना, मानसिक स्थिति का स्थिर होना और सामाजिक संबंधों में सकारात्मक भूमिका निभाना महत्वपूर्ण है।

महिलाओं का पोषण उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, एक स्वस्थ पोषण महिलाओं को ऊर्जा प्रदान करता है, उन्हें रोगों से बचाता है और उनके शारीरिक और मानसिक विकास को समर्थ बनाता है। सही पोषण न केवल महिलाओं के व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बनाए रखता है, बल्कि उनकी प्रजनन क्षमता और समाज में भागीदारी में भी सुधार करता है। संतुलित आहार संतुलित आहार महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें फल, सब्जियां, अनाज, प्रोटीन आदि को सही मात्रा में लेना चाहिए। नियमित व्यायाम उनके शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है और मानसिक स्थिति को सुधारता है। नियमित चेकअप और जांच कराना चाहिए ताकि किसी भी स्वास्थ्य समस्या का समय पर पता चल सके और उसका उपचार किया जा सके। शिक्षा और सहयोग समाज में महिलाओं को स्वास्थ्य व पोषण के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें उपयुक्त सहयोग प्रदान करना चाहिए। स्वास्थ्य और पोषण की सही देखभाल न केवल महिलाओं के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है।

खासकर उन वर्षों में जब वे गर्भवती होती हैं और मां बनती हैं, उस समय सही पोषण और स्वास्थ्य व्यवस्था न केवल उनके लिए, बल्कि उनके गर्भ में पल रहे शिशु के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर अनेक समस्याएं हैं। गर्भावस्था में पोषण संबंधी जानकारी की कमी, अनाधिकृत आहार, उपयुक्त देखभाल की कमी, स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की कमी और महिलाओं के शिक्षा से जुड़ी समस्याएं इनमें से कुछ हैं। समाज को इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्हें सही जानकारी प्राप्त करने और सही आहार लेने का पूरा अधिकार होना चाहिए। साथ ही सरकार को भी समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने के लिए उचित योजनाएं और सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। इस प्रकार महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण का पूरा ध्यान रखकर हम एक समृद्ध, स्वस्थ और समान मानव समाज की ओर प्रगति कर सकते हैं।

सोशल फोरम

पृथ्वी प्लेटफार्म

लोगों को इस प्लेटफार्म से जाते हुए देखते हैं। सोचते हैं कि अभी कौन-सा जाना है। अभी कहां? दुबारा जन्म होगा। ऊपर स्वर्ग-नरक होगा। कहानियां, धारणा, विचार। सब है। कुछ नहीं है। अमीरी-ग़रीबी, सुख-दुख, हर्ष-शोक, सफलता-असफलता कुछ नहीं। हम और आप बस यूं ही गुजर कर चले जाते हैं। संसार में वो पहला इंसान कौन होगा जिसने जमीन पर एक लकीर खींची होगी, कहा होगा ये टुकड़ा मेरा।

संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

कैसे? कोई मालिक हो ही कैसे सकता है? किस पहले ने कहा होगा कि ये मेरा। दूसरे ने माना क्यों? 'मेरी' ही माया है। भ्रम। कौन है सदा के लिए? कितना छोटा है जीवन। दीदी एक कुत्ता पाले बैठी थी। दस-बारह साल वो दीदी के साथ रहा। मर गया तो दीदी रोने लगी। मैंने उसे समझाया था, कुत्ता इतने ही साल ही जीता है।

'दुख तो होगा न?' मैंने दीदी से कहा, "तुम खुश होने के लिए कुत्ता नहीं पालती हो। दुखी होने के लिए पालती हो। जीवन के बारह साल उसके साथ अच्छे गुजरे। इसका जश्न नहीं? जीवन यात्रा है। जश्नदार यात्रा। मिलने का जश्न मनाइए। बिछड़ने का गम नहीं। आदमी अकेला आता है, अकेला जाता है। वो अकेला ही है। यात्रा में मुसाफिर मिलते हैं। अपनी यात्रा सुखद बनाइए। खुश रहते हुए गुजर जाइए। बाबा लोग रोज सुबह-सुबह प्रवचन देते हैं। मुझसे तमाम परिजन प्रश्न पूछते हैं। ये समस्या है, क्या करें?

मैं कहानियों से समस्या का हल बताता हूं। सोचता हूं कि संदेश कई लोगों तक पहुंच जाए। ये सच पहुंच जाए कि जीवन सच में कुछ नहीं। कुत्ता बारह-तेरह। आदमी सत्तर -पचहत्तर। कछुआ ढाई-तीन सौ साल। बहुत मत सोचिए। कुछ हासिल नहीं होगा। किसी को हासिल नहीं हुआ। न ज्ञानी को, न भक्त को। न तर्क से। न अंधविश्वास से। जितने दिन हैं लोगों के साथ रहिए। दीजिए। संग्रह में मत फंसिए। कोई टुकड़ा किसी का न हुआ है, न होगा। जीवन ही एक टुकड़ा है। बहुत बड़े किसी अज्ञात जीवन का। स्टेशन किसी का नहीं। ये सिर्फ एक प्लेटफार्म है। हम सब इंतज़ार कर रहे हैं अगली ट्रेन का। किसी यात्रा में कोई दुबारा कहां मिलता है? कोई नहीं मिलता। कभी नहीं मिलता।

- फेसबुक वॉल से

लगातार कम होता आदमी बने रहने का सलीका और तमीज

अशोक पांडे
हल्द्वानी

इन सब पेड़ों को काटे जाने की तैयारी है। सही खाद-पानी-सूरज मिले तो देवदार का एक पेड़ साल में आठ से दस इंच बढ़ पाता है। उसे सौ-पचास फीट का बनने में कितने साल लगते होंगे, आप हिसाब लगा लीजिए। वैसे पेड़ों का करना भी क्या है! किसी काम तो आते नहीं। हां, पहले के लोग उनकी लकड़ी पर खाना बनाते थे, उनकी छांह में यात्री आराम करते थे। अब तो गैस है। चलने को गाड़ी है। हर घर में एसी लगा है। दुनिया में डंका बज रहा है।

कुमाऊं में एक जगह है जागेश्वर। अल्मोड़ा से कोई चालीस किलोमाटर दूर। इस जगह तक पहुंचने के लिए आपको आरतोला नाम की एक छोटी सी बसावट से मुख्य मार्ग छोड़कर एक छोटी सड़क पकड़नी होती है जिस में प्रवेश करते ही एक दुर्लभ घनी हरियाली आपको अपने आगोश में भर लेती है। दुर्लभ इसलिए कि यह हरियाली देवदार के सैकड़ों बरस पुराने पेड़ों से बनी है।

इन शानदार पेड़ों के बीच से गुजरती हुई पांच-सात किलोमीटर लंबी घुमावदार सड़क आपको अंदर तक हरा कर देती है। आदमी होने का जरा भी सलीका बचा होगा तो आप खुद उस हरे का हिस्सा बन जाएंगे। भीतर से केवल खूबसूरत भावनाएं उमड़ेंगी। आप हैरत, खुशी और शांति से भर जाएंगे। यकीन कीजिए यह रास्ता ऐसा ही है। इसीलिए मुझे इसका एक-एक मोड़ रटा हुआ है। बहुत सारे पेड़ों को पहचानता भी हूं। जागेश्वर पहुंचते ही पहला अहसास यह होता है कि ध्यान या योग करने के अलावा शिव जैसे बीहड़ देवता का मंदिर बनाने के लिए इससे बेहतर जगह ढूंढे से नहीं मिलेगी। पुराणों में इस जगह और इस इलाके के बारे में खूब विस्तार से लिखा गया है। मानसखंड के उनसठवें अध्याय की शुरुआत में ऋषि वेदव्यास इस जंगल के बारे में बताते हैं कि यहां आकर ही शिव ने अपने योगी रूप को प्राप्त किया। यह अद्वितीय जंगल सिद्ध पुरुषों, विद्वानों, ऋषियों और देवताओं को तो प्रिय था ही, ब्रह्मा-विष्णु-महेश की देवत्रयी ने उसे अपना घर भी बना रखा था। यही वजह रही होगी कि यहां उगने वाले शानदार वृक्षों को देवदारु कहा गया। देवदारु यानी देवताओं का वृक्ष। देवदारु के इसी सघन प्रांतर के बीच अपना रास्ता बनाती जटागंगा नाम की एक छोटी सी धारा बहती है। योगीश्वर शिव की तपस्थली होने के कारण इसे जागेश्वर नाम मिला।

ऐसी दिव्य जगह पर हजार-पंद्रह सौ बरस पहले कोई सवा सौ मंदिरों को एक छोटे से परिसर में बनाया गया। प्रमाण हैं कि स्थानीय पत्थरों की मदद से इन मंदिरों को बनाने के लिए तत्कालीन राजाओं ने उड़ीसा और गुजरात के संगतराश बुलवाए थे। इस परिसर और इसके आसपास शिव के बहुत सारे अलग-अलग रूपों को समर्पित कई मंदिर हैं। किसी में शिव नृत्य कर रहे हैं, किसी में वीणा बजा रहे हैं। किसी में उनकी तरुण छवि की उपासना होती है किसी में वे वृद्ध रूप में विराजमान हैं। उनका एक मंदिर तो ऐसा भी है, जहां पूजा करने से किसी भी तरह के उधार से मुक्ति मिल जाती है। शुरुआती बचपन अल्मोड़ा में बीता। तभी से जागेश्वर जाता रहा हूं। मंदिर का शिल्प बहुत आकर्षित करता है। उसमें हर बार कुछ नया देखने को मिल जाता है, लेकिन वहां जाने का सबसे बड़ा आकर्षण अब भी देवदार के आलीशान पेड़ों से घिरी वही घुमावदार सड़क है। उस से गुजरने का कोई भी मौका मैं नहीं छोड़ता।

देवदार के इन पुरातन पेड़ों तले टहलता आदमी आज भी एक बेहद पवित्र, बेहद आदिम इमेज की तरह दिखाई देता है। कभी मुख्य जागेश्वर से डंडेश्वर की तरफ नदी-नदी चलते हुए आएं। इन ऊंचे पेड़ों के पास एक ऐसा चरित्र है, जो इंसान को उसकी क्षुद्रता और प्रकृति के वैराट्य का अहसास कराता है। ये पेड़ अपने आसपास की धरती को भी अपने जैसा उदात्त बनाते हैं। देवदार की सूखी भूरी सुइयों से ढकी उस जमीन पर पैर रखने जैसी मामूली क्रिया भी खुद को पहचानने की शुरुआत की सूरत ले सकती है। बशर्ते आपके पास आदमी बने रहने का सलीका बचा हो और तमीज भी। यह और बात कि ये दोनों चीजें हमारे आसपास लगातार कम और अर्थहीन होती जा रही हैं। हाल ही में हुए एक महापुरुष के जागेश्वर दौरे के बाद नीति-निर्माताओं के मन में आया है कि हजार बरसों से आदमी को जागेश्वर पहुंचा रहा वह रास्ता बहुत संकरा है। नए जमाने की तेज-रफ्तार गाड़ियां आगे-पीछे करने में दिक्कत होती है। समय भी बहुत लगता है। सड़क को चौड़ा करना होगा ताकि जो रास्ता पंद्रह मिनट लेता था अब दस मिनट में पार हो जाए। सारी दुनिया जागेश्वर पहुंच जाए। सबको मोक्ष मिले।

इक्कीसवीं सदी के भारत का सबसे बड़ा सपना यह है कि एक-एक सड़क को इतना चौड़ा बना दिया जाए कि उस पर टैंक चलाए जा सकें। सबको रफ्तार चाहिए। टाइम किसी के पास नहीं है। जागेश्वर वाली सड़क पर मौजूद देवदार के वे एक हजार से ज्यादा पेड़ क्या करें जिन पर चूने से निशान लगा दिए हैं ताकि जब आरियां चलाई जाएं तो उन्हें पहचानने में दिक्कत न हो। इन सबको काटे जाने की तैयारी है। सही खाद-पानी-सूरज मिले तो देवदार का एक पेड़ साल में आठ से दस इंच बढ़ पाता है। उसे सौ-पचास फीट का बनने में कितने साल लगते होंगे, आप हिसाब लगा लीजिए। वैसे पेड़ों का करना भी क्या है! किसी काम तो आते नहीं। हां, पहले के लोग उनकी लकड़ी पर खाना बनाते थे, उनकी छांह में यात्री आराम करते थे। अब तो गैस है। चलने को गाड़ी है। हर घर में एसी लगा है। दुनिया में डंका बज रहा है।

एक नजर

स्वच्छ पेयजल को लेकर किया गया जागरूक

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन जनपद की समस्त ग्राम पंचायत में वॉटर क्वालिटी सर्वेक्षण जल जांच जन जागरूकता कार्यक्रम सामाजिक मानचित्रण फिल्म प्रोजेक्टर वीडियो शो हॉटस्पॉट प्रदर्शनी आई ई सी मैटेरियल वितरण आदि जन जागरूकता के कार्यक्रमों को लेकर आज एजेंसी न्यू जेनेसिस दिल्ली ने जनपद सिद्धार्थनगर विकास खण्ड बर्डपुर मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित खंड विकास अधिकारी राम सुरेश सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामप्यारे एजेंसी कोऑर्डिनेटर शिखा वर्मा गोविंद सिंह विनोद चौहान तरुण त्रिपाठी प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के बाद खंड विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर टीमों को रवाना किया।

पथरा बाजार पर पीस कमेटी की हुई बैठक

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। महाशिवरात्रि, होली और लोकसभा चुनाव पर क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज ने थाना पथरा बाजार पर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र के धर्मगुरु, ग्राम प्रधान, संभ्रांत लोग मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज अखिलेश वर्मा ने लोगों को शासन व उच्चाधिकारियों के आदेशों व निर्देशो की जानकारी दी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक पथरा बाजार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस ने की पैदल गश्त कर लोगों से किया संवाद

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जनपद में कानून व शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने पैदल गश्त की। लोगों से संवाद कर आपस में सौहार्द पूर्वक रहने की अपील की गई। पुलिस बल ने चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास पैदल गश्त की और आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया।

धार्मिक और आध्यात्मिक दर्शन की मजबूत डोर से बंधे हैं भारत-नेपाल

गोरखपुर

अमृत विचार। भारत और नेपाल के बीच भाव और भावना का संबंध है। ऐसा संबंध राजनीति और आर्थिकी के संबंधों से कहीं अधिक मजबूत और गहरा होता है। दोनों राष्ट्रों के संस्कार और स्वभाव एक समान हैं। दोनों धार्मिक और आध्यात्मिक दर्शन की मजबूत डोर से बंधे हुए हैं।

यह बातें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्य प्रदेश के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कही। प्रो. त्रिपाठी रविवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में आयोजित 'भारत-नेपाल सांस्कृतिक अंतर्संबंधों की विकास यात्रा : अतीत से वर्तमान तक' विषयक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के समापन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय और महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के संयुक्त तत्वावधान में हो रहे इस सेमिनार में प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि भारत नेपाल के लिए बड़े भाई की भूमिका में है तो नेपाल, भारत के लिए कवच के समान है। दोनों अपनी इन भूमिकाओं को बखूबी समझते हैं और निर्वहन भी करते हैं। प्राचीनकाल से दोनों राष्ट्रों के बीच अन्योन्याश्रित संबंध हैं। उन्होंने कहा कि नेपाल के शालिग्राम को भारत पूजता ही रहेगा। भगवान श्रीराम और शिवावतार गुरु गोरखनाथ भारत और नेपाल में एक जैसे पूज्य हैं। दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंध है और इसका मूल आधार दोनों की साझी संस्कृति है। समापन सत्र को त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू, नेपाल के संस्कृत विभाग के आचार्य डॉ. सुबोध शुक्ल और दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने भी संबोधित किया।

भारत-नेपाल संबंधों को लेकर आयोजित कार्यशाला में मौजूद अतिथि, छात्र-छात्राएं व अपने विचार व्यक्त करते वक्ता। अमृत विचार

दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाई देने के लिए युवाओं को आगे लाने की आवश्यकता : प्रो. पूनम टंडन

समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि भारत-नेपाल के ऐतिहासिक सांस्कृतिक संबंधों को नई ऊंचाई देने के लिए युवाओं को आगे लाने की आवश्यकता है। इस दिशा में अकादमिक पहल होनी चाहिए। अकादमिक विकास में भारत नेपाल का आपसी सहयोग मील का पत्थर बन सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए गोरखपुर विश्वविद्यालय और नेपाल के विश्वविद्यालयों के बीच करार किया गया है। नेपाल के युवा यहां और यहां के युवा नेपाल जाकर दोनों देशों के बीच रिश्ते को और सशक्त बनाएंगे। प्रो. टंडन ने कहा कि संस्कृति के विस्तार और मजबूती के लिए अकादमिक पक्ष को जोड़ना अपरिहार्य होता है। भारत और उत्तर प्रदेश का वर्तमान नेतृत्व नेपाल के साथ मैत्री संबंध प्रगाढ़ करने के लिए अपने संकल्प को कार्यों में परिलक्षित कर रहा है।

युवाओं के बल पर ठीक रहेंगे संबंध : नारायण ढकाल

समापन सत्र के विशिष्ट अतिथि प्राज्ञीक विद्यार्थी परिषद, काठमांडू, नेपाल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री नारायण प्रसाद ढकाल ने कहा कि युवाओं के बल पर भारत-नेपाल संबंध ठीक रहेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि नेपाल पर भारत के कुछ युवा शोध करें, नेपाली भाषा भी जानें। भारत को बड़ा मन बनाकर चलना होगा, साथ ही नेपाल के मन की शंका को भी दूर करना होगा कि भारत उसकी सार्वभौमिकता सुरक्षित रखेगा। श्री ढकाल ने कहा कि नेपाल के लोग चाहते हैं कि भारत शार्क का नेतृत्व करे। विशिष्ट अतिथि नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के कार्यकारी निदेशक प्रो. सुधन पौडेल ने कहा कि दोनों देशों के मैत्री संबंधों को मजबूत करने की दिशा में यह अंतरराष्ट्रीय सेमिनार एक नए अध्याय की शुरुआत जैसा है और इसके सुखद परिणाम सामने आएंगे।

मैत्री और सहयोग को बढ़ाएगा गोरखपुर घोषणा पत्र

तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में दोनों देशों के अकादमिक विशेषज्ञों, राजनेताओं, विभिन्न संस्थानों एवं संगठनों के प्रतिनिधियों ने सम्यक विचार विमर्श किया। इस विमर्श से प्राप्त निष्कर्षों को आपसी सहमति से गोरखपुर घोषणा पत्र के रूप में पारित किया गया। सबने इस बात को स्वीकार किया कि गोरखपुर घोषणा पत्र भारत-नेपाल के बीच मैत्री और सहयोग को बढ़ाने में काफी कारगर होगा। इस घोषणा पत्र में दोनों देशों के अकादमिक विशेषज्ञों, राजनेताओं, विभिन्न संस्थानों एवं संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस बात पर पूर्ण सहमति जताई कि भारत-नेपाल संबंधों के मूल दोनों देशों के मध्य सदियों पुराने धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध हैं। यह तय किया गया कि दोनों देशों के इस विशिष्ट संबंध को बनाये रखने के लिए दोनों देशों के नागरिकों, बौद्धिकों, राजनेताओं एवं युवाओं को इन सांस्कृतिक संबंधों को पुर्नजीवित करने तथा निरंतर प्रतिष्ठित करते रहने का कार्य करते रहना होगा।

प्रोजेक्ट अलंकार से बदलेगी 28 स्कूल-कॉलेजों की सूरत

माध्यमिक विद्यालयों में विकसित की जाएंगी सभी मूलभूत और आधुनिक सुविधाएं, किया गया उद्घाटन

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गोरखपुर से प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए शिलान्यास एवं छात्र-छात्राओं को टैबलेट स्मार्टफोन का वितरण किया। जिसका लाइव प्रसारण सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, सांसद राज्यसभा बृजलाल, विधान परिषद सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी एवं जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में देखा गया।

जिले स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद प्रोजेक्ट अलंकार के तहत 3527.70 लाख की लागत से राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए बटन दबाकर विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्राजेक्ट अलंकार के तहत 28 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ शौचालय, अतिरिक्त कक्षा कक्ष, प्रयोगशाला आदि मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए कार्यदायी संस्था यूपी सिडको द्वारा कार्य किया जा रहा है। यह जनपद आकांक्षी जनपद के अन्तर्गत चयनित है। जनपद को आकांक्षी जनपद से बाहर निकालने के लिए विकसित होना बहुत जरूरी है। जिसके तहत जनपद के विभिन्न विद्यालयों को कायाकल्प के माध्यम से स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी आदि की व्यवस्था कर विकसित किया जा रहा है। हमारा संकल्प है कि जनपद का प्रत्येक विद्यालय स्मार्ट क्लास की सुविधा से सुसज्जित हो।

जिले स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते सांसद जगदंबिका पाल।

सांसद राज्यसभा बृजलाल ने कहा कि हमारा जनपद आकांक्षी जनपद है जनपद के विकास के लिए सांसद निधि से मल्टीपर्पज हाल, अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण, इंटरलाकिंग, अमृत सरोवर, आदि का निर्माण कराया जा रहा है। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के विकास होने से विद्यालयों की सूरत बदलेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में प्राजेक्ट अलंकार के तहत कुल 28 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में 10 इंटर कालेज तथा 18 हाईस्कूल के विद्यालय हैं। इन सभी 28 विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, शौचालय (बालक/बालिका), प्रयोगशाला, अतिरिक्त कक्षा कक्ष आदि का निर्माण कराया जायेगा। जिससे बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त होगी और वह जनपद का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा नीलोत्तम चौबे, माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

पति से नाराज होकर महिला ने दे दी जान

हरदोई, अमृत विचार। ई-रिक्शा चलाने वाले पति की किसी बात से खफा हुई उसकी पत्नी ने कमरें के अंदर दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मामला शहर के ऊंचा थोक पूर्वी साण्डी रोड का बताया जा रहा है। कोतवाली शहर के मोहल्ला ऊंचा थोक पूर्वी साण्डी रोड निवासी सर्वेश ई-रिक्शा चलाता है। करीब 13 साल पहले उसकी शादी हुई थी। उसके एक बेटी व एक बेटा है। शनिवार की शाम को सर्वेश की 30 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी ने कमरें के रोशनदान में दुपट्टा बांध कर उससे फांसी लगा ली। जैसा कि पुलिस का कहना है कि पति सर्वेश और पत्नी लक्ष्मी के बीच आए दिन किसी न किसी घरेलू बात पर झगड़ा हुआ करता था।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं छात्र-छात्राएं

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह-2023 की थीम आइडेंटिफिकेशन ऑफ एडल्टरेशन इन फूड विषय पर शनिवार शाम पूर्व माध्यमिक विद्यालय पारा नानकार, विकास खंड नौगढ़ में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं के साथ रसोइयों के बीच खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के बारे में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर स्वस्थ जीवन के लिए जागरूक किया गया। आइडेंटिफिकेशन ऑफ एडल्टरेशन इन फूड विषयक कार्यशाला में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवीन्द्र नाथ वर्मा ने छात्र-छात्राओं को खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट को परखने के घरेलू तरीकों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी नौगढ़ धर्मेंद्र कुमार पाल के नेतृत्व में प्रभारी प्रधान अध्यापक उत्सव तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रसोईया तिजिया, सीमा, अनीता एवं अनुचर शिवकुमार सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

वैज्ञानिक कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त करेंगे निर्माण कार्यों का निरीक्षण

गोरखपुर

अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर फेफना-इंदारा खण्ड पर रसड़ा-रतनपुरा-इंदारा स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण विद्युतीकरण सहित का कार्य पूर्ण हो चुका है। 4 एवं 5 मार्च को मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्वी सर्किल इस नव दोहरीकृत (विद्युतीकरण सहित) रेल खंड का निरीक्षण करेंगे एवं स्पीड ट्रायल किया जायेगा।

इसके अलावा पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर गाजीपुर घाट-ताड़ीघाट खण्ड पर पर नई लाइन विद्युतीकरण सहित का कार्य पूर्ण हो चुका है। 06 मार्च को मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्वी सर्किल इस नई लाइन विद्युतीकरण सहित रेल खंड का निरीक्षण करेंगे एवं स्पीड ट्रायल किया जायेगा। रेल प्रशासन की आमजन से अनुरोध है कि निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल के दौरान इस नई लाइन विद्युतीकरण सहित रेलपथ पर न जाये एवं न ही अपने पशुओं को जाने दें। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

सार-संक्षेप

पूर्व राज्यपाल की स्मृति में परिचर्चा का हुआ आयोजन

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। बढ़नी ब्लाक के मढ़नी चौराहे पर पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी की स्मृति में परिचर्चा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' ने कहा कि अजीज कुरैशी का पूरा जीवन राजनीति, शिक्षा और समाज के लिए समर्पित रहा। उन्हे उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड और मिजोरम का राज्यपाल बनने का अवसर मिला। उत्तर प्रदेश का राज्यपाल रहते हुए उन्होंने तत्कालीन समाजवादी सरकार में मौलाना जौहर यूनिवर्सिटी को मान्यता दी। सांसद और विधायक के रूप में वह लोकप्रिय रहे। उन्होंने अजीवन सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य किया। परिचर्चा को जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक शकील शाह, प्रदेश सचिव अनुसूचित जय करन गौतम, राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा अजय चौरसिया, प्रदेश सचिव पिछड़ा प्रकोष्ठ डॉ अमित शर्मा, लोकतंत्ररक्षक सेनानी इब्राहिम बाबा सहित अन्य ने किया। कार्यक्रम का आयोजन मसूद खान ने किया और अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष हरीनरायन यादव ने किया।

बालिका के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर अमृत विचार। नाना के घर आयोजित श्रीमद भागवत कथा में शामिल होने आई बालिका का अपहरण करने का आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी चंद्रभूषण दुबे (38) को रेलवे स्टेशन उसका बाजार से पकड़ा है। उसे अपहरण और पाक्सो एक्ट में जेल भेज दिया गया। बता दें कि थाना क्षेत्र के तिघरा गांव में नाना के घर शुक्रवार की रात भागवत कथा सुनने आई बालिका का अपहरण कर लेने का मामला सामने आया था। घटना का आरोपी गांव का ही निवासी व्यक्ति था, जो तीन बच्चों का पिता भी है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दिया था। शनिवार को आरपीएफ की सक्रियता से बालिका को ट्रेन से बरामद कर लिया गया था जबकि आरोपी मौका पाकर भाग निकला था। जिसे रविवार को पकड़ लिया गया। एसओ रोहित उपाध्याय ने बताया कि पीड़िता के मां की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है, आरोपी को जेल भेज दिया गया।

अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन को लेकर की गई चर्चा

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। भाजपा जिला कार्यालय पर रविवार को भाजपा अनुसूचित मोर्चा की बैठक हुई। जिसमें आगरा में आयोजित होने वाले भाजपा अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने कहा कि भाजपा अनुसूचित मोर्चा का राष्ट्रीय महासम्मेलन 7 मार्च को कोठी मीना बाजार मैदान में होगा। इसमें पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा मार्गदर्शन करेंगे। इसमें मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा सहित अन्य प्रदेशों के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। सम्मेलन में दलित उत्थान सहित अन्य विषयों पर मंथन होगा। महासम्मेलन की जिम्मेदारी तय की। कहा कि मोदी सरकार ने दलित महापुरुषों के मान सम्मान और दलितों के लिए कई बड़ी योजनाएं तैयार की हैं। इसकी सफलता के लिए आमंत्रण यात्रा निकाल दलितों के घर-घर दस्तक दी जायेगी। बैठक में प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री शिवप्रकाश कन्नौजिया, जिला उपाध्यक्ष विश्राम गौतम, जिला मंत्री जोखन प्रसाद, अजय वरुण, चन्द्रकेश गौतम, अशोक पासवान, बृजेश कन्नौजिया, दीपचंद्र, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

ससुराल में दमाद ने चाकू से रेता खुद का गला

हरदोई, अमृत विचार। चंडीगढ़ में मज़दूरी कर रहा युवक करीब एक महीने पहले ससुराल आया और वहीं रह रहा था। जहां उसने रविवार की सुबह चाकू से खुद का गला काट लिया। इसका पता होते ही ससुराल में हड़कंप मच गया। ज़ख्मी हुए युवक को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। कोतवाली देहात के कंडौहना गांव निवासी 29 वर्षीय मानवेंद्र की ससुराल उसी कोतवाली के टुहरूपुरवा में शिवराज के यहां है। मानवेंद्र चंडीगढ़ में मज़दूरी करता है और करीब एक महीने ससुराल आया था। वह पत्नी लक्ष्मी के साथ टुहरूपुरवा में रह रहा था। रविवार की सुबह उसने चाकू से अपना गला काट लिया।

मोदी और शाह को मुझ पर विश्वास : जगदंबिका पाल

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। भाजपा ने एक बार फिर से डुमरियागंज से वर्तमान सांसद जगदंबिका पाल पर भरोसा जताया है। लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी ने उन्हें तीसरी बार अपना प्रत्याशी बनाया है। टिकट मिलने की घोषणा के बाद रविवार को श्री पाल ने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ अपनी खुशी जाहिर की। कहा कि इससे बड़ा विश्वास क्या हो सकता है कि भाजपा जैसी पार्टी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह ने मुझ पर विश्वास कर तीसरी बार टिकट दिया है। मैं नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं।

रविवार को सिद्धार्थनगर स्थित आवास पर पहुंचकर विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा सहित क्षेत्रवासियों, सहयोगियों व समर्थकों ने फूल माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर सांसद को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि अबकी बार 400 पार, अबकी जीतेगी भाजपा सरकार। डुमरियागंज में 4 लाख वोटों के पार, डुमरियागंज लोकसभावासी तैयार हैं। कहा कि इस बार सांसद पाल लाखों वोटों से जीतकर हैट्रिक लगायेंगे।

इस मौके पर स्नेहलता पाल, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष हरिराम निषाद, अपना दल (एस) के विधानसभा प्रभारी रामदास मौर्य, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष चिल्हिया रमेश मणि त्रिपाठी, भाजपा प्रदेश व्यापारी संगठन के संयोजक प्रदीप कमलापुरी, भाजपा व्यापार सह संयोजक संतराम अग्रहरी, भाजपा व्यापार मंडल संयोजक कठेला नीरज कसौधन, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, पूर्व नगर संयोजक दुर्गेश कमलापुरी, विष्णु सिंह, प्रशांत सिंह, विशाल सिंह, विजय कुमार पाण्डेय, सर्वदेव शुक्ल, राम प्रकाश मिश्र, बीडीओ साहब, अशोक पासवान, चंदरकेश, आशीष अग्रहरी, चंदन अग्रहरी, अजय वरुण, रमाकान्त, पवन कसौधन, पप्पू चौहान आदि सहित अपना दल (एस), भाजपा एवं निषाद पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सांसद को बधाई देते विधायक विनय वर्मा व अन्य। अमृत विचार

बैठक भाजपा की बस्ती क्लस्टर चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में पहुंचे राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद्र बैरवा ने कहा-

लोकसभा में भाजपा की जीत के लिए जुट जाएं कार्यकर्ता

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में बस्ती क्लस्टर (लोकसभा बस्ती, डुमरियागंज, संतकबीर नगर) की चुनाव प्रबंध समिति की बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद्र बैरवा मौजूद रहे। प्रेम चंद्र बैरवा ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित देश बनने की तरफ अग्रसर है। आजादी के 100वें वर्ष में 2047 तक भारत विकसित देश हो, यही प्रधानमंत्री का विजन है। आने वाले लोकसभा चुनाव में हर बूथ पर 80 प्रतिशत हमारी हिस्सेदारी होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना अपना लक्ष्य बनाएं। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत बूथ स्तर पर लगकर कार्य करें। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, कार्यकर्ताओं की बल पर ही आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा गोरखपुर क्षेत्र सुनील गुप्ता, जिला प्रभारी हरि चरण सिंह कुशवाहा, जिला अध्यक्ष बस्ती विवेकानंद मिश्रा,जिलाध्यक्ष संतकबीर नगर जगदंबा लाल श्रीवास्तव जिला प्रभारी संतकबीर नगर अजय सिंह गौतम, लोकसभा प्रभारी डुमरियागंज समीर त्रिपाठी, लोकसभा प्रभारी बस्ती सेतवान राय, लोकसभा संतकबीर नगर रजनीकांत मणि त्रिपाठी, लोकसभा संयोजक बस्ती श्री केडी चौधरी, लोकसभा संयोजक डुमरियागंज रामकुमार कुंवर, लोकसभा संतकबीर नगर रामलेश चौधरी, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सिद्धार्थ शंकर पांडे, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्या,घनश्याम मिश्र, जिला महामंत्री विपिन सिंह,विजयकांत चतुर्वेदी, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, भाजपा नेता दीपेंद्र चौधरी, फूलचंद जायसवाल,अर्चिष्मान मिश्र, सौरभ त्रिपाठी आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

बैठक में बोलते राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद्र बैरवा।

श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के लिए निकाली गई भव्य कलश यात्रा

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर अमृत विचार। कस्बा के सुबास नगर वार्ड से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा यज्ञ अनुष्ठान स्थल से निकल कर आद्या नगर, रानीगंज, स्टेट बैंक रोड होते हुए कूड़ा नदी के दुख्खी माझी घाट पर पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालु कलश में जल भरकर यज्ञ स्थल पर पहुंचे। यज्ञमान देवेश्वर प्रसाद मिश्र कलश में जल भरने के अनुष्ठान को विधि विधान से किया। कथा व्यास आचार्य सुमित कृष्ण जी महराज ने विधि-विधान से कलश यात्रा में कलश में जल भरने का अनुष्ठान पूर्ण किया। कलश यात्रा में हरिशंकर सिंह, संतोष मिश्र, पार्थ सारथी, राहुल दूबे, मनीष अग्रहरी, अभिषेक यादव, अमित मिश्र, आशीष मिश्रा, सोमनाथ मिश्र, रोहित जायसवाल, शिखा पाण्डेय, सोनी आदि रहे।

एक नजर

482 परीक्षार्थियों ने छोड़ी अंग्रेजी विषय की परीक्षा

बलरामपुर। शनिवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद से चल रही यूपी बोर्ड के इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा 63 केंद्रों पर आयोजित हुई। द्वितीय पाली में इंटर के अंग्रेजी विषय में 482 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। डीआईओएस गोविंद राम ने बताया कि द्वितीय पाली में आयोजित परीक्षा में पंजीकृत 12416 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 11934 ने परीक्षा दी। 482 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

एनसीसी कैडेट को मिला सीएम स्कॉलरशिप अवार्ड

बलरामपुर। एमएलके पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट अशोक वर्मा को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री स्कॉलरशिप प्रदान किया गया है। महाविद्यालय के कैडेट की इस उपलब्धि पर प्राचार्य व एनसीसी ऑफिसर सहित सभी ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जेपी पांडेय ने बताया कि बटालियन के अंतर्गत आने वाले सभी शैक्षिक संस्थानों के सर्वोत्तम सीनियर कैडेट्स को प्रत्येक वर्ष मुख्यमंत्री स्कॉलरशिप प्रदान किया जाता है।

विधायक ने सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

गैड़ास बुजुर्ग, बलरामपुर। लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को उतरौला के शक्ति केंद्र आर्यनगर के बूथ संख्या 71, 72 पर विधायक राम प्रताप वर्मा ने लोगों से संपर्क कर केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों का पत्रक वितरित किया। विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 80 में से 80 सीटों को जीतने के लिए भाजपा जुट गई। विधायक राम प्रताप वर्मा ने लाभार्थियों से संवाद कर सरकार की उपलब्धियों के पत्रक वितरित करते हुए सेल्फी ली। साथ ही दीवारों पर भाजपा के नारे लिखे।

शिक्षामित्र के मांगों को पूर्ण होने का दिया आश्वासन

बलरामपुर। शनिवार को भाजपा नेत्री अंजली मिश्रा ने फुलवरिया बाईपास स्थित अपने निज निवास पर शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारियों के साथ भेंट की। कुछ दिन पूर्व में संघ के पदाधिकारियों द्वारा एक ज्ञापन अंजली मिश्रा को दिया गया था, जिसमें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया था। जिसमें मुख्य रूप से मानदेय पर बढ़ोत्तरी व विवाहित महिला शिक्षामित्रों को अपने ससुराल में स्थानांतरण का मुद्दा प्रमुख था।

शनिवार को अंजली मिश्रा ने बताया कि शिक्षामित्रों के हक को देखते हुए वे संबंधित अधिकारियों से मिलीं थीं व उक्त विषयों को रखते हुए उस पर कार्यवाई करने हेतु आग्रह किया है। अधिकारियों द्वारा उन्हें आश्वस्त किया गया है कि जल्द ही उनकी मांगों को पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार पहले भी शिक्षामित्रों के मुद्दे को लेकर संवेदनशील रही है।

आज हर व्यक्ति सम्मान के साथ जी रहा: पल्टूराम

ग्राम पंचायत सिसई में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का सदर विधायक ने किया लोकार्पण

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन सभागार लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश में नवनिर्मित 1100 अन्नपूर्णा भवनों (मॉडल उचित दर दुकानों) का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा 79000 उचित दर दूकानों पर ई-वेइंग, स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण की शुरुआत भी की गई। मुख्यमंत्री द्वारा अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण व ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण के शुभारम्भ अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 10 उचित दर विक्रेताओं को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गयी।

नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन लोकार्पण कार्यक्रम में बोलते सदर विधायक पल्टूराम।

लोक भवन सभागार, उप्र सचिवालय, लखनऊ में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) व ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों के लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण ग्राम पंचायत सिसई में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन मॉडल उचित दर दुकान पर मुख्य अतिथि सदर विधायक पल्टूराम व मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य की उपस्थिति में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देखा व सुना गया। तत्पश्चात् सदर विधायक द्वारा ग्राम पंचायत सिसई में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन मॉडल उचित दर दुकान का फीता काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि जिले में कुल 10 नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। सदर विधायक ने उपस्थित क्षेत्रवासियों का स्वागत व अभिवादन करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की दूरदर्शी एवं विकासपरक सोच व व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन में आधुनिक तकनीकी का उपयोग का ही परिणाम है की आज सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ जरूरतमंदो को मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि आज समाज का हर व्यक्ति पूरे मान सम्मान के साथ रोटी, कपड़ा और मकान की चिंता किये बिना खुशहाली से जीवन यापन कर रहा है। सरकार विभिन्न विभागों के माध्यम से सभी केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गो के पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शितापूर्ण व योजनाबद्ध तरीके से पहुंचा रही है। सदर विधायक द्वारा भारी संख्या में उपस्थित ग्रामवासियों से विभिन्न योजनाओं का लाभ पाने से सम्बंधित जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी, डीसी मनरेगा, खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

नन्हा मुन्ना राही हूं की धुन पर छात्रों ने की मनमोहक प्रस्तुति

सेंट जॉर्ज कान्वेंट स्कूल में छात्रों के साथ शामिल अतिथि व शिक्षक। अमृत विचार

बलरामपुर। धुसाह में संचालित सेंट जॉर्ज कान्वेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक पल्टू राम व तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला रहे। विद्यालय प्रबंधक जीडी पांडे व प्रधानाचार्य रजनी कसेरा ने अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा के बगैर इंसान कुछ नहीं है ऐसे में बच्चों की बुनियादी शिक्षा अच्छी होनी चाहिए। विद्यालय के बच्चों ने विज्ञान के मनमोहक मॉडल प्रदर्शनी के साथ प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। वार्षिक उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुझे माफ करना, मैं निकला गड्डी लेकर, यह देश है वीर जवानों का, नन्हा मुन्ना राही हूं पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति कर अपने नन्हीं प्रतिभा को छात्रों ने प्रदर्शित किया। एकांकी नाटक में एसिड अटैक, कृष्ण सुदामा व महाभारत जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत कर विद्यालय के बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अखंड, पंखुड़ी, अन्नपूर्णा, आदर्श, सरोज, सिद्धार्थ, विजलेश्वरी, रोशन, विप्लव, आयुष व शालिनी सहित छात्रों का विशेष भूमिका रहा।

संगीत के धुन पर थिरके पॉयनियर पब्लिक स्कूल के बच्चे

स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल प्रबन्ध निदेशक डॉ. एमपी तिवारी व अन्य।

बलरामपुर, अमृत विचार। पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 के छात्रों का परीक्षा के अन्तिम दिन हर्डिल रेस व विभिन्न प्रकार का खेल आयोजित हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने ब्राजील संगीत के धुन पर मंत्र मुग्ध हो करके किया। नृत्य के पश्चात् विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ. एमपी तिवारी व उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय के द्वारा नर्सरी से कक्षा 5 तक के छात्रों को गुब्बारे, टॉफी व शिक्षिकाओं के हाथों द्वारा बने हुए विभिन्न प्रकार के क्राफ्ट गिफ्ट के रूप में वितरित किया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी की कक्षा अध्यापिका पूनम चौहान ने अपने हाथों द्वारा बने हुए छोटे-छोटे गिफ्ट नर्सरी के बच्चों को दिया। कक्षा एलकेजी की अध्यापिका नीलम श्रीवास्तव ने बच्चों को अगली कक्षा के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। कक्षा यूकेजी की अध्यापिका अर्चना श्रीवास्तव ने अपने बच्चों को टॉफी, गुब्बारें बांटते हुए कहा कि आप सभी को कक्षा 1 में जा रहे है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, नीलम श्रीवास्तव, पूनम चौहान, रेशू तिवारी, उर्वशी शुक्ला, अर्चना श्रीवास्त तथा किरन मिश्रा उपस्थित रहीं।

हृदय रोगियों के लिए काल बनता जा रहा डीजे का शोर

▸▸ हाईकोर्ट के निर्देशों का अनुपालन नहीं करा रही पुलिस

संतकबीरनगर, अमृत विचार। डीजे की ध्वनी हृदय रोगियों के लिए काल साबित हो रही हैं। वैवाहिक समारोहों के दौरान देर रात तक गुंजती डीजे की धमक से हर हृदय रोगी सदमे में आ जाते हैं।

बताते चलें कि लगातार मिल रही शिकायतों के बाद हाईकोर्ट ने डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। बाद में 40 डेसिबल से ज्यादा आवाज नहीं होने की शर्त पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों को बजाने की परमिशन दे दिया। साथ ही रात के 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे या किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों को बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। पुलिस विभाग त्यौहारों के अवसर पर डीजे संचालकों को हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करने का दिशा निर्देश जारी करती रहती है। इसके बावजूद डीजे संचालकों पर हाईकोर्ट के निर्देशों का कोई असर नहीं दिख रहा है। इन दिनों शादी विवाह का सीजन चल रहा है। शादी वाले घरों और बारातों में डीजे बजाने का फैशन सा हो गया है। डीजे संचालक पूरी क्षमता के साथ और उसका बेस पूरी तरह खोलकर डीजे बजाने में जुटे हैं। आलम यह है कि रात के 12 बजे तक भी डीजे की आवाजें गूंजती रहती हैं। पुलिस प्रशासन को इसपर रोक लगाने की ज़रा भी परवाह नहीं है। लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों से इस बड़ी समस्या पर ध्यान देते हुए डीजे को पूरी तरह से प्रतिबंधित किए जाने की मांग किया है।

बेमौसम बारिश के चलते कच्चे ईंट भीगकर हुए खराब

ललिया, बलरामपुर। तराई क्षेत्र के ललिया, लौकहवा, शिवपुरा, लालपुर, बरदौलिया, हरैय्या, चैधरीडीह सहित क्षेत्रों में संचालित ईंट भट्ठों पर कच्ची ईंट पथाई कर लाखों की संख्या में रखे गए। अचानक बारिश होने से कच्चे ईंट भीग कर पूरी तरह से नष्ट हो गये है। तराई के दर्जनों ईंट भट्ठा मालिक नुकसान को लेकर चिंतित हैं। ईंट भट्ठा उद्योग संघ के ब्लॉक हरैय्या सतघरवा अध्यक्ष गुलाब चंद्र पाठक ने कहा कि ईंट पकाने में लागत अधिक आ रही है। जबकि लागत के हिसाब से ईंट की बिक्री तराई क्षेत्र में नही हो पा रही है। ईंट भठ्ठा संचालक जहां कोयले के महंगाई से परेशान थे वहीं बदलते मौसम के मिजाज से हुई अचानक बारिश से लाखों रूपये के कच्चे ईंट का नुकसान हुआ है।

सपा के पीडीए फार्मूले से विरोधियों में मची खलबली

संतकबीरनगर, अमृत विचार। धनघटा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और कद्दावर सपा नेता अलगू प्रसाद चौहान ने समाजवादी पार्टी को युवाओं किसानों महिलाओं की हितैषी पार्टी बताते हुए विरोधियों पर जमकर प्रहार किया।

अमृत विचार से बातचीत के दौरान श्री चौहान ने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की 70 से ज्यादा सीटों पर भारी मतों से चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा कि सपा का पीडीए का नारा आम जनता को बहुत पसंद है। पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज के साथ ही अगड़े समेत सभी वर्गों में सपा की स्वीकार्यता है।

एक सवाल के जवाब में पूर्व विधायक ने कहा कि क्षणिक लाभ और निजी स्वार्थ को लेकर जो नेता पार्टी से गद्दारी करते हैं जनता उन्हें कभी माफ नहीं कर सकती। संतकबीरनगर लोकसभा सीट के साथ ही पूरे प्रदेश में सपा की लहर है। चुनाव में सिर्फ साइकिल चुनाव चिन्ह ही प्रत्याशी होगा।

अलगू प्रसाद चौहान

प्रत्याशी के चेहरे पर नहीं बल्कि साइकिल चुनाव निशान ही हर लोकसभा क्षेत्र में सपा का प्रत्याशी होगा। एक अन्य सवाल के जवाब में पूर्व विधायक श्री चौहान ने कहा कि मैं पार्टी का अनुशासित सिपाही हूं। लोकसभा चुनाव में पार्टी मेरी जो भूमिका तय करेगी उसपर खरा उतरने का हर सम्भव प्रयास करुंगा।

कीर्तिवर्धन के प्रत्याशी बनने से जिले में खुशी की लहर

सादुल्लानगर, बलरामपुर, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश के 51 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की है। भारतीय जनता पार्टी की पहली सूची में गोंडा 59 लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया को एक बार फिर से तीसरी बार अपना उम्मीदवार बनाया है।

कीर्तिवर्धन सिंह।

इस अवसर जिला मंत्री भाजुमों सुमित सिंह, रमेश तिवारी, बहरैची प्रसाद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, कोषाध्यक्ष विष्णु प्रताप गुप्ता, उपाध्यक्ष दीपचंद जायसवाल, सलमान, रमेश कौशल, सतीश कौशल, महामंत्री रमेश चैहान, दिलीप कुमार कनौजिया, धर्मेंद्र मोदनवाल, राधेश्याम गुप्ता सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

भाजपा सांसद उपेंद्र रावत का आपत्तिजनक वीडियो चर्चा में

संवाददाता, बाराबंकी। भाजपा सांसद उपेंद्र रावत का आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने का मामला बढ़ता ही जा रहा। यह वीडियो उस वक्त वायरल हुआ है जब रावत को भाजपा ने बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार फिर घोषित किया है। सांसद रावत इस वायरल वीडियो को विरोधियों की साज़िश करार दे रहे हैं। जांच करा सच सामने लाने का दावा कर रहे हैं। वहीं, सांसद के निजी सचिव दिनेश रावत ने आपत्तिजनक वीडियो को पूरी तरह एडिटेड व गलत बताया है। दिनेश की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

रविवार को भाजपा सांसद उपेंद्र रावत का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही सांसद के निजी सचिव दिनेश रावत में नगर कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। तहरीर में कहा गया है कि सांसद का एडिटेड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। इसकी जांच कराई जाएगी।

अच्छा कार्य करने वाली आशा सम्मानित

देवा, बाराबंकी

अमृत विचार : रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवां में आशा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में अच्छा कार्य करने वाली आशाओं को सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर राधेश्याम गौड़ ने प्रतीक चिह्न व सम्मानपत्र भेंट कर सम्मानित किया। आशा सम्मेलन में सराहनीय कार्य करने वाली आशा विद्यावती को प्रथम, अंजनी को द्वितीय तथा मिलन को तृतीय स्थान मिला।

इसी क्रम में जैसे आभा आईडी बनाने में नीलम देवी, आयुष्मान कार्ड में सविता भारती व अन्य सभी कार्यों में उर्मिला, पुरुष नसबंदी में कलावती को सम्मानित किया गया। इसी के साथ ही समस्त आशा संगिनी को भी सम्मानित किया गया। सम्मेलन में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी महेंद्र प्रताप यादव, ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर अनुपमा श्रीवास्तव, बेसिक हेल्थ वर्कर इन्द्रजीत वर्मा, फॉर्मासिस्ट राम कृपाल वर्मा, आशा जय देवी, नीतू, रीतू, बृजलता, कौशिल्या, धर्मदेवी, रूपरानी, सिराजा व आशा संगिनी एवं आशाओं ने प्रतिभाग किया।

आशा को सम्मानित करते सीएचसी अधीक्षक।

उप मुख्यमंत्री ने शिव मंदिर तामेश्वरनाथ का किया दर्शन

भाजपा कार्यालय पर राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद्र बैरवा का स्वागत करते सांसद प्रवीण निषाद अमृत विचार

संतकबीरनगर, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने से पूर्व राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद्र बैरवा रविवार को भाजपा कार्यालय संतकबीरनगर पहुंचे। यहां मौजूद जिले के जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। क्षेत्रीय सांसद और पार्टी के घोषित लोकसभा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद, धनघटा विधायक गणेश चौहान, मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद्र बैरवा को फूल मालाओं से लाद दिया। श्री बैरवा अपराह्न करीब 5 बजे भाजपा कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने समाज के हर तबके के उत्थान के लिए काम किया है। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने श्री बैरवा ने मंदिर दर्शन कार्यक्रम के तहत महाभारत कालीन शिव मंदिर बाबा तामेश्वरनाथ का दर्शन पूजन किया। जिलाध्यक्ष जगदम्बा श्रीवास्तव, गणेश पाण्डेय, ज्ञानेंद्र मिश्र, अमर राय, सतविंदर पाल सिंह जज्जी आदि मौजूद रहे।

संतकबीरनगर से फिर चुनाव लड़ेंगे प्रवीण निषाद

भारतीय जनता पार्टी ने संतकबीरनगर लोकसभा सीट पर वर्तमान सांसद प्रवीण निषाद पर ही एक बार फिर दांव आजमाने का फैसला किया है। शनिवार को भाजपा द्वारा जारी की गई प्रत्याशियों की पहली लिस्ट में सांसद प्रवीण निषाद का नाम घोषित होते ही निषाद पार्टी और भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इसके अलावा जिन भाजपा नेताओं ने टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश किया था उनके खेमे में मायूसी और गहरी नाराजगी देखने को मिली।

सूर्य योजना से रोशन होंगे घर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से अब गांव से लेकर शहर तक के घर रोशन होंगे। योजना के तहत इच्छुक लाभार्थी के घर की छत पर सोलर पैनल लगाया जाएगा। हालांकि इससे पहले ऐसे लोगों को सूचीबद्ध करने के लिए सर्वे का काम कॉमन सर्विस सेंटर को मिला है।

योजना के तहत करीब देश के एक करोड़ घरों में सोलर पैनल लगाने का कार्य किया जाना है। इसका सर्वेक्षण कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से प्रारंभ हो चुका है। इस योजना का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच सके इसके लिए भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा मंत्रालय द्वारा सीएससी ई गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड (कॉमन सर्विस सेंटर)के माध्यम से सर्वे का कार्य कराया जा रहा है। इस सर्वे में जो भी लोग अपने घरों में सौर ऊर्जा का प्लांट लगाना चाहते हैं उनकी जानकारी ली जा रही है। वहीं स्वयं भी नजदीकी सीएससी सेंटर से संपर्क कर अपना सर्वे फॉर्म भर सकते हैं जो पूरी तरह से मुफ्त है।

सीएससी जिला समन्वयक शैलेंद्र मिश्रा ने बताया कि यह एक बेसलाइन सर्वे है। जिसमें जनता की रुचि दर्ज की जा रही है। सर्वे के लिए पिछले 6 माह तक का कोई भी पुराना बिजली का बिल और अपनी छत की फोटो देना आवश्यक है। योजना के तहत घरों मे सोलर पैनल लगने के बाद उसमें 40 प्रतिशत कीक सब्सिडी केंद्र सरकार देगी। इस योजना में जिनके घर में बिजली का कनेक्शन है और घर पक्का है।

पहली एमएमटीएस ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे पीएम

लखनऊ, अमृत विचार। प्रधानमंत्री पांच मार्च को जालौन और कानपुर देहात में सतलुज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) की तीन सौर ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं की कुल क्षमता 200 मेगावाट है। इन परियोजनाओं का शिलान्यास भी प्रधानमंत्री ने किया था।

पीएम अपनी इस यात्रा के दौरान बिजली क्षेत्र के अलावा सड़क और रेल क्षेत्र की परियोजनाओं पर भी विचार करेंगे। प्रधानमंत्री नव विद्युतीकृत अंबारी-आदिलाबाद और पिंपलखुटी रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह एनएच-353बी और एनएच-163 के माध्यम से तेलंगाना को महाराष्ट्र और तेलंगाना को छत्तीसगढ़ से जोड़ने वाली दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री छह नए स्टेशन भवनों के साथ-साथ सनथनगर-मौला अली रेल लाइन के दोहरीकरण और विद्युतीकरण का उद्घाटन करेंगे। इस परियोजना के पूरे 22 रूट किलोमीटर को स्वचालित सिग्नलिंग के साथ चालू किया गया है। इसे एमएमटीएस (मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट सर्विस) चरण परियोजना के हिस्से के रूप में पूरा किया गया है। इसके हिस्से के रूप में, फिरोजगुडा, सुचित्रा सेंटर, भूदेवी नगर, अम्मुगुडा, नेरेडमेट और मौला अली हाउसिंग बोर्ड स्टेशनों पर छह नए स्टेशन भवन बनाए गए हैं। दोहरीकरण और विद्युतीकरण कार्य से इस खंड पर पहली बार यात्री ट्रेनों को चलाने मार्ग प्रशस्त हो गया है। प्रधानमंत्री घाटकेसर-लिंगमपल्ली से मौला अली-सनथनगर के बीच पहली एमएमटीएस ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री 162 किलोमीटर लंबी बंसापानी-दैतारी-तोमका-जखपुरा रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके अलावा, माजेरहाट मेट्रो स्टेशन (तारातला-माजेरहाट मेट्रो खंड का उद्घाटन किया जा रहा है) रेलवे लाइनों, प्लेटफार्मों और नहर के पार एक अद्वितीय ऊंचा मेट्रो स्टेशन है। आगरा मेट्रो के जिस सेक्शन का उद्घाटन किया जा रहा है, उससे ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री बापूधाम मोतिहारी-पिपराहां तक 62 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के दोहरीकरण को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री नरकटियागंज-गौनाहा गेज परिवर्तन सहित अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे।

आस्था के आगे बौनी साबित हुई बारिश

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : लोधेश्वर महादेवा में महाशिवरात्रि से पहले ही मेले में शिवभक्तों का आगमन शुरू हो चुका है। सड़क से लेकर मंदिर परिसर तक और मेला क्षेत्र से लेकर बैरिकेडिंग एरिया तक बस कांवड़िए व शिवभक्त ही दिख रहे हैं। शनिवार से हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश कांवरियों की आस्था के आगे बौनी साबित हुई। रविवार को रुक-रुककर हुई बरसात के बीच कंधे पर कांवर रखे कांवरियों का जत्था महादेवा की ओर बढ़ता रहा।

8 मार्च को महाशिवरात्रि पर यहां लाखों भक्त जलाभिषेक करेंगे। प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार जुटा है। महाशिवरात्रि के मौके पर लोधेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने के लिए दूर-दूर से कांवड़ियों का आना जारी है। मेला को सकुशल संपन्न कराने में उप जिलाधिकारी पवन कुमार, सीओ आलोक पाठक, थाना प्रभारी रत्नेश पांडेय, महादेव चौकी इंचार्ज एवं मेला प्रभारी संतोष त्रिपाठी भ्रमण कर रहे हैं।

बारिश के बावजूद लोधेश्वर महादेवा की ओर बढ़ता कांवरियों का जत्था।

कक्षा एक और दो के बच्चे पढ़ेंगे एनसीईआरटी की किताबें

संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : नौनिहालों को तनावमुक्त वातावरण में रोचक ढंग से पढ़ाई और कौशल विकास को लेकर अब राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की किताबें परिषदीय स्कूलों में पढ़ाई जाएंगी। अप्रैल से शुरू हो रहे नए शैक्षिक सत्र 2024-25 से यह नई व्यवस्था पहले कक्षा एक व दो के नौनिहालों की पढ़ाई पर लागू होगी। हालांकि जिले में अब तक कक्षा एक और दो की एनसीईआरटी की किताबें पहुंची नहीं है। पुस्तकें आने के बाद उनका वितरण नौनिहालों को किया जाएगा।

बेसिक शिक्षा विभाग के जिले में 2636 परिषदीय विद्यालय हैं। इनमें 1792 प्राथमिक, 475 पूर्व माध्यमिक और 369 कंपोजिट विद्यालय हैं। इनमें से प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय में करीब एक लाख से अधिक छात्र-छात्राएं कक्षा एक और दो में शिक्षा प्राप्त करते हैं। अभी तक कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक के बच्चे एससीईआरटी (स्टेट कॉउंसिल ऑफ एजूकेशनल रिसर्च एंड ट्रेंनिग) की किताबें पढते चले आ रहे हैं। मगर, अब नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की एकरूपता को लेकर इसमें चरणबद्ध तरीके से बदलाव किया जा रहा है। नए शैक्षिक सत्र में कक्षा एक और दो में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद का पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा। इसके बाद कक्षा तीन से आठ तक के पाठ्यक्रम में बदलाव किया जाएगा। ताकि नौनिहालों को प्राथमिक स्तर से ही राष्ट्रीय स्तर पर तैयार किए गए पाठ्यक्रम को पढ़ने का अवसर मिले। एनसीईआरटी की पुस्तकों में छात्रों को तनावमुक्त वातावरण में पढ़ाई कराने और कौशल विकास पर जोर दिया गया है। इसके लिए परिषदीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास के माध्यम से रोचक ढंग से पढ़ाई कराने की व्यवस्था की जा रही है।

बच्चों को उपलब्ध करायी जाएंगी पुस्तकें

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की एकरूपता को लेकर इस बार परिषदीय स्कूल के कक्षा एक और दो के बच्चों को एनसीईआरटी की पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा तैयार पाठ्यक्रम नौनिहालों को पढ़ाया जाएगा। किताबें आने के बाद छात्रों को उनका वितरण कर नए शैक्षिक सत्र से पढ़ाई कराई जाएगी।

–संतोष कुमार देव पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

एक नजर

गाय खरीद के लिए संपर्क करेंगे अधिकारी

अमृत विचार, लखनऊ : 18 मंडलीय जिलों में नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्धन योजना से लाभान्वित किया जाएगा। चयन की प्रकिया पूरी होने पर अब पशु पालकों को दो गाय की इकाई लगाने के लिए दो-दो लाख रुपये मिलेंगे। दुग्ध विकास के मिशन निदेशक शशि भूषण लाल सुशील ने उप दुग्धशाला विकास अधिकारी को लाभार्थियों से संपर्क करने के निर्देश दिए हैं।

सूखे से निपटने के लिए विशेषज्ञ आज करेंगे मंथन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में सूखे की निगरानी, आपदाओं से निपटने और इससे होने वाली जनहानि व धनहानि को कम करने के लिए विशेषज्ञ मंथन करेंगे। इसके लिए 4 मार्च को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में टेक्नोलॉजी फॉर ड्रॉट पर राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी।

प्रधानमंत्री के आजमगढ़ दौरे को लेकर तैयारियों व निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

आजमगढ़ में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियां शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आजमगढ़ के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आजमगढ़ पहुंचकर निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री दोपहर बाद आजमगढ़ पहुंचे। इस दौरान सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' और पार्टी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने इसके बाद मंदुरी एयरपोर्ट पर होने वाले प्रधानमंत्री के संभावित जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बैठक कर उच्चाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल को सुव्यवस्थित तरीके से निर्धारित समय में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम में जिले में 10 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण को लेकर तैयारी पहले से ही करा ली जाय। साथ ही प्रमुख स्थलों पर अभियान चलाकर युद्धस्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

फसल नुकसान पर छह हजार से ज्यादा किसानों का दावा

कृषि निदेशालय से 10 दिन में सर्वे कर मांगी रिपोर्ट, बीमा कंपनी देगी क्षतिपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत छह हजार से ज्यादा किसानों ने फसल बर्बाद होने पर व्यक्तिगत दावा किया है। इसे कृषि निदेशालय ने गंभीरता से लेकर सभी जिला कृषि अधिकारी और फसल बीमा कंपनियों को सर्वे के निर्देश दिए हैं और 10 दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी है।

शनिवार और रविवार को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुए किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का सहारा है। योजना के तहत फसलों का बीमा कराए छह हजार से अधिक किसानों ने टोल फ्री नंबर पर कॉल कर व्यक्तिगत दावा यानी फसल नुकसान की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें रविवार को जिलों से एक हजार से अधिक व्यक्तिगत दावे किए गए।

दो दिन में इतनी अधिक संख्या में दर्ज रिपोर्ट को देखते हुए जिलों पर बारिश और ओलावृष्टि से इंकार नहीं कर सकते हैं। हालांकि कृषि विभाग ने किसानों के व्यक्तिगत दावों को गंभीरता से लेकर जिलों पर कृषि अधिकारी और फसल बीमा कंपनी को सर्वे कर नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए हैं और 10 दिन में रिपोर्ट मांगी है। जो निदेशालय से शासन जाएगी। इसी आधार पर कंपनी किसानों को क्षतिपूर्ति देंगी। वहीं, जो फसलें बीमित नहीं हैं उन्हें राहत आयुक्त की तरफ से 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर सहायता मिलेगी।

नुकसान पर 100 प्रतिशत तक मिलेगी क्षतिपूर्ति

जिन किसानों ने रबी फसलों का बीमा कराया है वह देर न कर टोलफ्री नंबर पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर व्यक्तिगत दावा करें। इस आधार पर कंपनी सर्वे करेगी। व्यक्तिगत दावा पर 100 प्रतिशत तक क्षतिपूर्ति मिलती है। यानी जितन नुकसान होगा उतना एक माह के अंदर क्लेम मिलेगा। 72 घंटे के बाद दावे मान्य नहीं होंगे न ही कंपनी की जवाबदेही रहेगी। दूसरी प्रक्रिया यह है कि फसल कटाई के दौरान उपज का आकलन कर क्षतिपूर्ति तय की जाएगी। इसमें कम लाभ के साथ ज्यादातर किसान छूट जाते हैं।

इन नंबरों पर करें दावा

- 14447
- 1800-8896-868

> बीमित फसलों के नुकसान के आधार पर कंपनी क्षतिपूर्ति देगी। बीमा कंपनी और जिला कृषि अधिकारियों से सर्वे कर रिपोर्ट मांगी है। जिन फसलों का बीमा है, किसान नुकसान की स्थिति में 72 घंटे के अंदर टोल फ्री नंबर पर शिकायत जरूर दर्ज कराएं।
>
> **-उमा शंकर सिंह,** उप निदेशक, फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय

बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करेगा डेयरी सेक्टर

डेयरी सेक्टर में 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक का होगा निवेश, मिलेंगे रोजगार के अवसर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में डेयरी सेक्टर बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करेगा। डेयरी सेक्टर में 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतरेगा। इससे लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि दुग्ध उत्पादन के मामले में प्रदेश देश में नंबर वन है। इस सेक्टर ने न सिर्फ 9000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित किया है, बल्कि इसके माध्यम से प्रदेश भर के युवाओं को व्यापक पैमाने पर रोजगार भी मिलने जा रहा है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में वाराणसी में बनास काशी डेयरी संकुल की शुरुआत हुई है। इससे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पूर्वांचल के लाखों लोगों के लिए

रोजगार सृजित होने की संभावना है, वहीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से प्रदेश में कई बड़ी डेयरी कंपनियों ने भी अपने निवेश को धरातल पर उतारने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। डेयरी कंपनियों की स्थापना के साथ ही प्रदेश डेयरी सेक्टर में और अधिक मजबूत होगा, बल्कि यह लोगों को रोजगार का सशक्त माध्यम भी बनेगा।

बागपत में भी बनासकांठा के प्लांट से हजारों रोजगार होंगे सृजित : दुग्ध आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि वाराणसी के बाद बनासकांठा डीसीएमपीयू लिमिटेड अब पहले चरण में प्रति दिन 10 लाख लीटर दूध की हैंडलिंग क्षमता के साथ एक डेयरी इकाई स्थापित करने की योजना बना रहा है, जिसे दूसरे चरण में प्रति दिन 15 लाख लीटर तक बढ़ाया जा सकता है। कंपनी ने बागपत में 800 करोड़ रुपये का निवेश किया है जिससे 4000 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसी तरह, सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड अभी प्रदेश में तीन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स के जरिये अपनी सुविधाएं उपलब्ध कर रहा है। इससे प्रदेश में हजारों लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है।

प्रदेश में अपनी यूनिट्स को विस्तार देने के क्रम में कंपनी ने अब बाराबंकी में 300 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे 90 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सीपी मिल्क 1.65 लाख से अधिक डेयरी किसानों से सीधे खरीदे गए ताजे दूध से निर्मित 17 उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पादों की खुदरा बिक्री करती है।

गोंडा, बरेली व शाहजहांपुर में आएंगी नौकरियों की बहार

अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट ग्रिड प्राइवेट लिमिटेड गोंडा में 1100 करोड़ रुपये की लागत से अपनी यूनिट स्थापित करने जा रहा है। इसके जरिए तीन हजार से अधिक लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। वहीं, रिंकू डेयरी प्रोप बरेली में 490 करोड़ रुपये से व शाहजहांपुर में 300 करोड़ से उद्यम स्थापित कर रहा है जो 1 हजार 300 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगा। बरेली डेयरीज लिमिटेड बरेली में 300 करोड़, मित्र सेवा इंश्योरेंस एंड फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड 300 करोड़ रुपये, गोपाल जी डेयरी हापुड़ में 252 करोड़ रुपये, क्रीमी फूड्स बुलंदशहर में 250 करोड़ रुपये, प्रधान मिल्क चिलिंग प्लांट मेरठ में 250 करोड़ रुपये और डेयरी क्राफ्ट बरेली में 212 करोड़ रुपये के निवेश के जरिए हजारों लोगों के रोजगार का प्रबंध करने जा रहा है।

ये बड़े प्रोजेक्ट्स भी देंगे रोजगार

कंपनी	निवेश
इंडिया डेयरी मेरठ	200 करोड़
गोपाल जी डेयरी बुलंदशहर	172 करोड़
आनंदा डेयरी हापुड़,	150 करोड़
आरएम डेयरी अलीगढ़,	150 करोड़
मुरलीधर दुग्ध ग्राम उद्योग संस्थान प्रयागराज	150 करोड़
माया मिल्क फूड इटावा,	150 करोड़
टेस्टी डेयरी कानपुर देहात	110 करोड़

कांग्रेस को गठबंधन में मिल सकती हैं तीन और सीटें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- श्रावस्ती, भदोही और मुरादाबाद सीट पर कांग्रेस बना रही दबाव
- श्रावस्ती से सलमान खुर्शीद व मुरादाबाद से नसीमुद्दीन को लड़ाने की चर्चा

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद टिकट को लेकर अन्य दलों में भी राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। इस बीच, कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के तहत सपा से तीन और सीटें पाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है। कांग्रेस को ये सीटें मिलने की संभावना जताई जा रही है।

गठबंधन में कांग्रेस को 17 सीटें मिली हैं, जबकि सपा के खाते में 63 सीटें मिलीं, जिसमें एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद को दी गई है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस प्रदेश की तीन और सीटें श्रावस्ती, भदोही और मुरादाबाद सीट की मांग कर रही है। पार्टी श्रावस्ती से पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद व मुरादाबाद से पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी को चुनाव मैदान में उतारना चाह रही है, जबकि भदोही सीट से राजेश मिश्रा को लड़ाने की चर्चा है। गठबंधन के लिए बनी कांग्रेस की समन्वय समिति इस पर सपा से वार्ता कर रही है। कांग्रेस को ये तीनों सीटें मिलने की संभावना जताई जा रही है।

रायबरेली व अमेठी से गांधी परिवार के लड़ने की संभावना : अमेठी व रायबरेली सीट पर गांधी परिवार के लोगों को ही चुनाव लड़ाने की संभावना है। अमेठी से राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा को टिकट दिये जाने की चर्चा है, जबकि वाराणसी से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के चुनाव मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है।

इन नेताओं को मिल सकता है टिकट

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि अमरोहा से पार्टी दानिश अली पर दांव लगा सकती है। बसपा से निलंबन के बाद दानिश की कांग्रेस से नजदीकी बढ़ी है, जबकि सहारनपुर से इमरान मसूद को टिकट दिया जा सकता है। इसी तरह, झांसी से चन्द्रभूषण सिंह या प्रदीप आदित्य, देवरिया अखिलेश प्रताप सिंह, बाराबंकी से पीएल पुनिया, कानपुर से आलोक मिश्रा व अजय कपूर का नाम चर्चा में है। महाराजगंज से राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, गोरखपुर की बांसगांव सीट से कमल किशोर कमांडो, गाजियाबाद से डॉली शर्मा के नामों पर चर्चा चल रही है।

यादव समाज की अपनी पहचान, इनका कोई ठेकेदार नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : रविवार को राजधानी पहुंचे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि यादव समाज का कोई ठेकेदार नहीं हैं, समाज की अपनी पहचान है। उन्होंने कहा कि मुझे मुख्यमंत्री बनाने से कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है, दर्द होता है तो होता रहे यादव समाज जब भी उप्र. में बुलाएगा वह आते रहेंगे।

यादव समाज की ओर से रविवार को राजधानी लखनऊ में बिजनौर रोड स्थित गुडौरा मैदान में यादव महाकुंभ आयोजित किया गया। मप्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना उन पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने यादव समाज के एक गरीब परिवार के बेटे को मुख्यमंत्री जैसा महत्वपूर्ण पद दिया है। जबकि उनके विधानसभा क्षेत्र में यादव समाज के पांच सौ वोट भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे राजनीतिक दल के लिए यह सबक है, अब यादव समाज किसी परिवार के परिवारवाद को स्वीकार नहीं करेगा।

मप्र. के मुख्यमंत्री ने समाज में युवाओं को शिक्षा पर खास ध्यान

लखनऊ में बिजनौर रोड स्थित गुडौरा मैदान में यादव महाकुंभ रैली के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव व उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में अन्य।

- **मप्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सपा प्रमुख का नाम लिए बिना किया कटाक्ष**

की आवश्यकता जताई, कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने भी शिक्षा का महत्व समझा था। मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जन्म से लेकर जीवन पर्यन्त कई संघर्ष किए और परीक्षाएं दी। लेकिन ना तो वह कभी झुके न ही किसी परीक्षा में फेल हुए। उन्होंने कहा कि उसी तरह सनातन धर्म भी किसी के आगे नहीं झुका है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती जो नारा देती है उसे पूरा करती है। अयोध्या में पांच सौ वर्ष के संघर्ष के बाद रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है।

महाकुंभ के आयोजक एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद के पक्षकार मनीष यादव ने कहा कि सैफई परिवार ने वोट बैंक के लिए यादव समाज का शोषण किया। मैनपुरी, इटावा, कन्नौज, फिरोजाबाद और फर्रुखाबाद के अलावा किसी अन्य जिले के यादव समाज का उत्थान नहीं किया। उन्होंने कहा अखिलेश यादव ने मुस्लिम वोट बैंक बचाने के लिए कभी श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्ष में कोई बात नहीं की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित यादव समाज के नेता मौजूद रहे।

भाजपा मुख्यालय में डॉ. मोहन यादव का अभिनंदन

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का भाजपा प्रदेश मुख्यालय में रविवार को स्वागत व अभिनंदन किया गया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री गिरीश यादव, सदस्य राज्यसभा संगीता यादव, पार्टी के उपाध्यक्ष संतोष सिंह, बृज बहादुर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, राम प्रताप चौहान, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, बसंत त्यागी, शंकर लोधी ने डा. मोहन यादव का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री और विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश ने करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब राष्ट्रवाद के मार्ग पर आगे बढ़ चुका है, जिसमे परिवारवाद के लिए कोई जगह नहीं है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां कहा कि मैं किसान का बेटा हूं, जिसके परिवार में किसी ने राजनीति नहीं की और मुझें मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बना दिया गया है। किसी भी कार्यकर्ता का किसी भी पद पर पहुंचना सिर्फ भाजपा में संभव है। उन्होंने स्वयं को उत्तर प्रदेश से जोड़ते हुए कहा कि हमारे पूर्वज आजमगढ़ से मध्य प्रदेश गए थे। इससे पूर्व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सभी 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने के लिए हम सभी मिलकर काम करेगें।

गौरव चौहान को मिलेगा पं. दूधनाथ शर्मा श्रीश सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : पं. दीनदयाल उपाध्याय साहित्यिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के अवसर पर आठ मार्च को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। इसमें प्रख्यात साहित्यकार गौरव चौहान को पं. दूधनाथ शर्मा श्रीश सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। आयोजन सीतापुर रोड स्थित खदरा के शिव नगर पार्क में होगा।

संस्था के संस्थापक पं. आदित्य द्विवेदी ने बताया कि औरैया के अजय अंजाम को पं. दीनदयाल उपाध्याय साहित्यिक सम्मान और इटावा की योगिता चौहान को डॉ. रमेश रस्तोगी सम्मान दिया जायेगा। कवि सम्मेलन में कमल आग्नेय (दिल्ली), साक्षी तिवारी (प्रतापगढ़), नवल सुधांशु (लखीमपुर) और सर्वेश अस्थाना (लखनऊ) काव्यपाठ करेंगे। सांसद डॉ. दिनेश शर्मा को मुख्य अतिथि और विधायक पंकज सिंह व नीरज बोरा को विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

वर्ग पहेली-361

बाएं से दाएं

1.1. समय की लघुतम इकाई, दम 2. एक क्षण (चौबीस सेकंड का समय) 3. चार कर्ष की एक प्राचीन तौल।

2. घास-पात से निर्मित कुटी, पर्णकुटी, झोपड़ी।

4.1. जवान स्त्री 2. हल्दी 3. सोनजुही 4. प्रियंगुलता।

5.1. अपनी इंद्रियों को वश में रखने वाला, संयमी 2. वश में किया हुआ, अधीन।

7.1. आंच, ताप 2. पीड़ा, दुख, क्लेश।

8. दहकने की क्रिया या भाव, दहक, धधक, लपट।

9.1. दरज़ा 2. पद का क्रम।

ऊपर से नीचे

1. वह मतवाद जो पशु को देवी या देवता मानने में विश्वास रखता है।

2. जल्दबाज़ी, हड़बड़ी।

3.1. संसार, जगत, दुनिया, विश्व 2. चैतन्य सृष्टि, संसृति 3. दुनिया के लोग 4. पानी भरने का लंबा पात्र।, जाग्रत।

6.1. कपटी, दुष्ट 2. जालसाज, बईमान।

7.1. जो लकड़ी की तरह सूखकर ऐंठ गया हो 2. सूखा, शुष्क।



वर्ग पहेली - 360 का हल

1 का	म	का	2 जी		3 ठु
ज			4 व	सी	म
	5 गा	6 ट	र		की
		7 म	सा	नी	
8 चुं	9 ब	की	य		10 सं
	ढ़		न		घा
11 वि	त	त		12 सृ	त

सुडोकू -78

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		3		9		1		2
		5					7	
8				1		4		
6			4	2			5	
9		2				6		3
	4			5	6			
		1		3				9
	6					8		
2		4		6		5		

सुडोकू - 77 का हल

9	3	8	6	7	5	1	4	2
7	5	1	9	4	2	3	6	8
6	4	2	1	8	3	9	7	5
3	2	5	7	1	8	6	9	4
8	6	4	3	2	9	7	5	1
1	7	9	4	5	6	8	2	3
5	1	7	8	9	4	2	3	6
4	9	6	2	3	1	5	8	7
2	8	3	5	6	7	4	1	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 08.49 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 16.21 तक तत्पश्चात मूल।

मेष — आज अति उत्साह पर नियंत्रण रखें। दांपत्य संबंधों में गलतफहमी न होने दें। बिजली के उपकरणों को सावधानी से रखें। कानूनी मामलों में आपको सावधानी रखनी चाहिए। अत्यधिक क्रोध आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

वृष — आज जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। विवादित मामले सुलझा सकते हैं। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। शरीर में आलस्य न रखें। परिवार के मामलों में परेशानी खड़ी हो सकती है। दिनचर्या अच्छी रखने का प्रयास करें।

मिथुन — आज किसी विशिष्ट व्यक्ति से संपर्क बढ़ेगा। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। पुराने रोगों के दोबारा उभरने की आशंका है। भाई-बहनों से आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। ऑफिस में आपको नई जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी।

कर्क — आज प्रेम रिश्ते में तनाव हो सकता है। छात्रों को कम मेहनत करने से भी सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। संतान के व्यवहार से मन असंतुष्ट रहेगा। दोस्तों की तरफ से पूरा सहयोग नहीं मिलेगा।

सिंह — आज अपने स्वभाव में अहंकार न आने दें। दिनचर्या से थोड़ा फुर्सत लें और खुद को समय दें। जल्दबाजी में महत्वपूर्ण निर्णय न लें। परिस्थितियां आपके विरुद्ध हो सकती हैं। कुछ लोगों के साथ आपका मनमुटाव हो सकता है।

कन्या — आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। आपके ऊपर अतिरिक्त जिम्मेदारियां आ सकती हैं। आपका समय अच्छा बीतेगा। परिवार की जिम्मेदारियां बखूबी निभाएंगे। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिलेगी। बेरोजगारी दूर होने के योग बन रहे हैं।

तुला — आज कानूनी दांव-पेंच में उलझ सकते हैं। कड़वे वचन बोलने से बचें। दूसरों से ज्यादा अपेक्षा न करें। शरीर में थकावट रहेगी। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। पड़ोसियों के साथ झड़प हो सकती है। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रहेगी।

वृश्चिक — आज घर का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। आपका दिन काफी अच्छी तरह बीतेगा। समस्त कार्यों में सफलता मिलेगी। भूमि-संपत्ति के कार्यों में लाभ मिलेगा।

धनु — आज दूसरों के बहकावे में आकर कोई कार्य न करें। लेन-देन करते समय पेपरवर्क में सावधानी रखें। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। लोग आपकी अवज्ञा कर सकते हैं। समय अनावश्यक कार्यों में बर्बाद हो सकता है।

मकर — आज भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी योजना बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रेम बढ़ेगा। घर में मेहमान आ सकते हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में दिन बीतेगा।

कुंभ — आज पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक विषयों के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। तकनीक संबंधी प्रोजेक्ट्स को लेकर नई रणनीति बना सकते हैं। सरकारी कार्यों में रुकावट आ सकती है। कई दिनों से चली आ रही समस्या का समाधान मिलेगा।

मीन — आज लोग आपकी बातों का गलत अर्थ न निकालें इसका ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। जॉब बदलने का विचार बनेगा। रचनात्मक कार्यों के लिए समय उत्तम नहीं है। लोग आपकी भावनाओं का ज्यादा सम्मान नहीं करेंगे।

आज की फिल्में

- आखरी गुलाम — सुबह : 09.44 (B4U MOVIES)
- अलीबाबा मरजीना — रात : 07.11
- चरित्रहीन — सुबह : 11.00 (StarGold SELECT)
- द गाजी अटैक — रात : 09.00
- जुमांजी — सुबह : 09.46 (SONY PIX)
- घोस्टबस्टर्स — रात : 08.50
- कॉर्पोरेट — सुबह : 10.30 (ZEE CINEMA)
- मौसम — रात : 07.30
- जानी दुश्मन — सुबह : 10.58 (colors CINEPLEX)
- एसीपी शिवा — रात : 07.57

आज की सुपरहिट फिल्म

स्टार गोल्ड सेलेक्ट पर रात-09.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक लड़के की बाइक से स्कूटी वाली लड़की की टक्कर हो गई।
भीड़ ने लड़के को खूब मारा और बुरी तरह पीटा, फिर लड़की और उसकी स्कूटी को उठाया।
एक आदमी लड़की से- आपको लगी तो नहीं?
लड़की - नहीं, ये तो मेरा रोज का काम है, स्कूटी सीख रही हूं न।

लड़की-क्या करते हो?
लड़का-नारी सम्मान सेवा पर काम करता हूं।
लड़की-सोशल वर्कर हो?
लड़का-नहीं, फेसबुक पर लड़कियों की फोटो लाइक करता हूं।

महात्मा गांधी की पोशाक में विरोध-प्रदर्शन...

महात्मा गांधी की पोशाक पहने एक व्यक्ति रविवार को कोलकाता में भाजपा कार्यालय के बाहर सिख समुदाय के धरना मंच में हिस्सा लेता हुआ। विरोध-प्रदर्शन के दौरान क्षेत्रीय लोगों ने उस व्यक्ति की प्रशंसा की। ● एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभिजीत मंगलवार को देंगे इस्तीफा

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को इस्तीफा दे देंगे। राज्य में शिक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों पर न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय के फैसलों ने राजनीतिक बहस छेड़ दी। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या उनका राजनीति में प्रवेश करने का इरादा है। उन्होंने कहा कि वह अपना इस्तीफा सौंपने के बाद मीडिया के सभी सवालों के जवाब देंगे। उन्होंने रविवार को यहां अपने आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा कि मैं मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से इस्तीफा दे दूंगा। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को सुबह में भारत की राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप देंगे।

मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार: शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

● गृह मंत्री बोले-नरेंद्र मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम मिल रहे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं, जिसके कारण गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकारों और एजेंसियों के बीच समन्वय और सहयोग के माध्यम से देश भर में मादक द्रव्य रोधी मजबूत तंत्र बनाया गया है। उन्होंने हैशटैग



'ड्रग्स फ्री भारत' के साथ लिखा कि इस रणनीति के परिणामस्वरूप मादक पदार्थों की जब्ती और दर्ज किए गए मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है। गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा-इसके चलते गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है।

शाह ने कहा कि देश मादक पदार्थ मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा-हमारा देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मादक पदार्थों का पता लगाने, संबंधित नेटवर्क को नष्ट करने और नशे की लत के शिकार लोगों का पुनर्वास दिया जा रहा है।

नरेंद्र मोदी पर विश्वास धोखे की गारंटी: राहुल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि सरकार भारतीय रेलवे के लिए नीतियां केवल अमीरों को ध्यान में रखकर बना रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास धोखे की गारंटी है। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा-हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज से यात्रा के सपने दिखाकर प्रधानमंत्री उन्हें गरीबों की सवारी रेलवे से भी दूर कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा-किराए में प्रति वर्ष 10 प्रतिशत बढ़ोतरी, मांग के अनुसार घटता-बढ़ता किराया, बढ़ते रद्दीकरण शुल्क और महंगे प्लेटफॉर्म टिकट के जरिए लूट की जा रही है। लोगों को 'एलीट ट्रेन' की तस्वीर दिखाकर लुभाया जा रहा है जिस पर गरीब पैर भी नहीं रख सकते।

एक नजर

मणिपुर हिंसा: सीबीआई ने 7 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मणिपुर जातीय हिंसा के दौरान बिष्णुपुर पुलिस शस्त्रागार से हथियार और गोला-बारूद की लूट के मामले में 7 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने हाल में असम के गुवाहाटी में कामरूप (मेट्रोपोलिटन) में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष अपना आरोप पत्र दाखिल किया। लैशराम प्रेम सिंह, खुमुकचम धीरेन, मोइरंगथेम आनंद सिंह, अथोकपम काजीत, लौकराकपम माइकल मंगांगचा, कोंथौजम रोमोजीत मेइती और कीशम जॉनसन उर्फ जॉनसन आरोप पत्र में नामजद आरोपी हैं।

वाहन में आग लगने से युवक जिंदा जला

जयपुर। जयपुर के विद्याधर नगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात सामुदायिक केन्द्र में खड़े एक पुराने वाहन में आग लगने से एक युवक की जिंदा जलने से मौत हो गई। पुलिस उपनिरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान गफ्फार (20) के रूप में की गई है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जांच की जा रही है।

दिल्ली में बदरपुर फ्लाईओवर पर ट्रक से टकराई कार, तीन व्यक्तियों की मौत

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्व दिल्ली में बदरपुर फ्लाईओवर पर एक कार के ट्रक से टकराने पर तीन व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने रविवार को दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना शनिवार देर रात हुई जब ओखला के संजय कॉलोनी के रहने वाले सात व्यक्ति हरियाणा के फरीदाबाद में एक शादी समारोह से कार में सवार होकर लौट रहे थे। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने बताया कि बदरपुर पुलिस थाने के अधिकारियों को देर रात 12.48 बजे होंडा शोरूम के पास बदरपुर फ्लाईओवर पर एक दुर्घटना के बारे में पीसीआर कॉल मिली थी।

मामले को एनआईए को सौंपने पर करेंगे विचार : सिद्धारमैया

चिकमगलुरु (कर्नाटक), एजेंसी

कर्नाटक के कैफे में हुए विस्फोट का मामला

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने रविवार को कहा कि सरकार जरूरत पड़ने पर रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने पर विचार कर सकती है। ब्रूकफील्ड इलाके में एक मार्च को एक लोकप्रिय रेस्तरां में हुए विस्फोट के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) इस मामले में जांच कर रही है। विस्फोट में 10 लोग घायल हुए हैं।

घटना की एनआईए से जांच कराने की भाजपा की मांग पर सिद्धारमैया ने कहा-हम विचार करेंगे। अभी तो जांच शुरू हुई है। अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अगर जरूरत पड़ी तो हम (एनआईए जांच के लिए) विचार करेंगे। भाजपा के इस आरोप पर कि 'ब्रांड बेंगलुरु' की जगह शहर अब 'बम बेंगलुरु' हो गया है, तो इस पर सिद्धारमैया ने कहा-जब भाजपा के कार्यकाल में चार बम धमाके हुए थे तो इसे क्या कहा जाए?

सदमे के चलते आत्महत्या से उकसावे का मामला नहीं बनता

मुंबई, एजेंसी

● प्रेम संबंध के मामले में अदालत ने की टिप्पणी

मुंबई की एक अदालत ने अपने पूर्व पुरुष मित्र को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप से एक महिला को बरी करते हुए कहा है कि प्रेम संबंध टूटने के बाद मानसिक सदमे के चलते की जाने वाली खुदकुशी की स्थिति में उकसावे का मामला नहीं बनता।

अदालत ने कहा कि अपनी इच्छा और पसंद के अनुसार साथी बदलना ''नैतिक रूप से'' गलत है, लेकिन रिश्ते में अस्वीकृति का सामना करने वाले व्यक्ति के लिए दंडात्मक कानून के तहत कोई उपाय नहीं है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एन पी मेहता ने 29 फरवरी को ये टिप्पणियां कीं और मनीषा चुडासमा तथा उसके मंगेतर राजेश पंवार को बरी कर दिया। उन दोनों पर नितिन केनी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप था। केनी अपने घर में 15 जनवरी 2016 को फंदे से लटके मिले थे। उन्हें एक अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। न्यायाधीश ने कहा, ''नैतिक रूप से...प्रेमी/प्रेमिका बदलना गलत है, लेकिन अगर कोई दंडात्मक कानून के प्रावधानों पर गौर करता है, तो उस पीड़ित के पास कोई उपाय नहीं है, जिसके/जिसकी साथी ने अपनी पसंद से दूसरे व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध कायम कर लिया हो।'' उन्होंने अपने आदेश में कहा कि भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 306 के अनुसार, आरोपी की ओर से आत्महत्या के लिए मजबूर करने संबंधी कोई उकसावा होना चाहिए।

अदालत ने कहा-कोई यदि किसी से प्यार करता है और उसका/उसकी साथी बेवजह रिश्ता तोड़ दे, तो वह भावनात्मक रूप से टूट जाता है। यदि कोई प्रेम संबंध टूटता है और मानसिक सदमे के कारण उनमें से एक साथी आत्महत्या कर लेता है, तो उसका मामला भादंसं की धारा 306 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 107 के तहत नहीं बनेगा।'' अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि चुडासमा और पंवार ने पीड़ित को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया था जिससे वह आत्महत्या के लिए मजबूर हुए।

विकसित भारत के लिए दृष्टि पत्र पर हुआ मंथन

नई दिल्ली, एजेंसी

● प्रधानमंत्री मोदी ने की मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता

● सूत्रों ने बताया-100 दिवसीय एजेंडे पर हुई चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें ''विकसित भारत : 2047'' के लिए दृष्टि पत्र और अगले पांच वर्षों के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर मंथन किया गया। सरकार के सूत्रों ने बताया कि बैठक में, मई में नई सरकार के गठन के बाद तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के लिए 100 दिवसीय एजेंडे के शीघ्र क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि ''विकसित भारत'' के लिए 'रोडमैप' दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है।

सूत्रों ने कहा कि इसमें सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग संगठनों,

नागरिक समाज संस्थाओं, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श तथा युवाओं के सुझावों को समाहित करते हुए ''सरकार का समग्र'' दृष्टिकोण शामिल है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा-विभिन्न स्तरों पर 2,700 से अधिक बैठकें, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए। 20 लाख से अधिक युवाओं से सुझाव प्राप्त हुए। सूत्रों ने कहा कि ''विकसित भारत'' के लिए रोडमैप में स्पष्ट रूप से व्यक्त की गई राष्ट्रीय दृष्टि, आकांक्षाएं, लक्ष्य और कार्यों के साथ एक व्यापक खाका है। उन्होंने कहा कि इसके लक्ष्यों में आर्थिक विकास, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), जीवन को आसान बनाना, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्र शामिल हैं। बैठक में कई मंत्रालयों ने अपने विचार व्यक्त किए।

प्रधानमंत्री मोदी अगले 10 दिनों में 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के कार्यक्रमों में शामिल होंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा से पहले अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में कई विकास परियोजनाओं का अनावरण करेंगे और बाद में तमिलनाडु के कलपक्कम में भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) का दौरा करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि वह आदिलाबाद के साथ-साथ चेन्नई में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी पांच मार्च को तेलंगाना के संगारेड्डी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह ओडिशा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

पूर्व सांसद आनंद मोहन से संबंधित याचिका पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय गोपालगंज जिले के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की 1994 में हुई हत्या के मामले में लोकसभा के पूर्व सदस्य आनंद मोहन को दी गई सजा में छूट को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करने वाला है।

आनंद मोहन, कृष्णैया की हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ दिवंगत अधिकारी की पत्नी उमा कृष्णैया की याचिका पर सुनवाई करेगी। आनंद मोहन के 14 साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद, उन्हें पिछले साल अप्रैल में बिहार के सहरसा जेल से रिहा किया गया था।

कारोबार/कृषि

एक नजर

जीएसटी प्रवर्तन प्रमुखों का सम्मेलन आज

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को सभी राज्य और केंद्रीय माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के प्रवर्तक प्रमुखों के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। इस सम्मेलन में कर चोरी रोकने के उपायों पर चर्चा होगी। सम्मेलन में जीएसटी अपवंचना रोकने, मौजूदा चुनौतियों की समीक्षा और केंद्रीय और राज्य कर प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा अपनाए गए सफल तरीकों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में जाली इन्वॉयस, बेहतर व्यवहार को साझा करने, तालमेल को बढ़ावा देने और प्रौद्योगिकी और आंकड़ों का लाभ उठाने के प्रभावी तरीकों पर भी रणनीति बनाई जाएगी।

एक दशक में नशीले पदार्थों पर खर्च बढ़ा

नई दिल्ली। पिछले 10 साल में पान, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों पर खर्च बढ़ा है और लोग अपनी आय का बड़ा हिस्सा ऐसे उत्पादों पर खर्च कर रहे हैं। एक सरकारी सर्वेक्षण में यह बात कही गई। पिछले सप्ताह जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 से पता चलता है कि कुल घरेलू खर्च के एक हिस्से के रूप में पान, तंबाकू और नशीले पदार्थों पर खर्च ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बढ़ गया है। आंकड़ों के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में इन मदों पर खर्च 2011-12 के 3.21 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 3.79 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह, शहरी क्षेत्रों में खर्च 2011-12 के 1.61 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 2.43 प्रतिशत हो गया। शहरी क्षेत्रों में शिक्षा पर खर्च का अनुपात 2011-12 के 6.90 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 5.78 प्रतिशत रह गया।

चिप विनिर्माण क्षेत्र में एक ताकत बनकर उभरेंगे

प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अगले पांच साल में भारत के लिए जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत अपनी डिजाइन क्षमता और 10 अरब डॉलर के प्रोत्साहनों के साथ अगले पांच साल में वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक मजबूत ताकत बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक विनिर्माता भारत में नए फैब और इकाइयां स्थापित करने के लिए आकर्षित होंगे तथा इस क्षेत्र में ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों का दबदबा कम होगा। वैष्णव ने साक्षात्कार में कहा कि वैश्विक कंपनियों की सोच अब बदल रही है और वे भारत में जल्द निवेश करना चाहती हैं।

उन्होंने कहा-बेहतर तरीके से तैयार नीतियों की वजह से विनिर्माता यहां नई फैब (सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन संयंत्र) इकाइयां लगाना चाहते हैं। ऐसे में वे संबद्ध क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए आवश्यक कलपुर्जा है। इसका इस्तेमाल वाहनों से लेकर कंप्यूटर, मोबाइल फोन और यहां तक कि वॉशिंग मशीन में भी होता है। भारत में पहले से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वाहन कंपनियों मसलन रेनो-निसान से लेकर हुंदै के कारखाने हैं। इसके अलावा यहां कंप्यूटर कंपनियों डेल के अलावा एपल के आपूर्तिकर्ता भी मौजूद हैं। इलेक्ट्रॉनिक कंपनियां सैमसंग की भी यहां मौजूदगी है। अब भारत तेजी से बढ़ते सेमीकंडक्टर विनिर्माण में विनिर्माण मूल्य श्रृंखला का विस्तार करना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने माइक्रोन और टाटा सहित चार खिलाड़ियों को 76,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया है। वैष्णव ने कहा कि डिजाइन प्रतिभाओं का एक-तिहाई भारत में है। भारत अब खुद को चीन के स्थान पर एक लोकतांत्रिक और भरोसेमंद प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में पेश कर रहा है।

हमारे पास बहुत मजबूत डिजायन क्षमता: वैष्णव

वैष्णव ने समझाते हुए कहा-किसी भी विकासशील देश के लिए, हमारे आकार की अर्थव्यवस्था के लिए, देश के भीतर सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला का होना बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे पास बहुत मजबूत डिजायन क्षमता है। डिजायन क्षमताओं के साथ हमारे पास विनिर्माण क्षमता भी होनी चाहिए, तभी इसमें और मूल्य जोड़ा जा सकता है। वैष्णव का मानना है कि सेमीकंडक्टर योजनाएं भारत को आत्मनिर्भर बनाएंगी, अर्थव्यवस्था और विभिन्न उद्योगों पर गुणक प्रभाव डालेगी, रोजगार पैदा करेंगी और आजीविका को बढ़ावा देंगी। हाल में की गई घोषणा के अनुसार, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लि. ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प के साथ भागीदारी में गुजरात के धोलेरा विशेष औद्योगिक क्षेत्र में सेमीकंडक्टर फैब की स्थापना करेगी।

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 65,302 करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

● सबसे अधिक फायदे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईसीआईसीआई बैंक रहे

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 65,302.5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक फायदे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईसीआईसीआई बैंक रहे।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 663.35 अंक या 0.90 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 165.7 अंक या 0.74 प्रतिशत चढ़ गया। प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई ने प्राथमिक साइट पर बड़े व्यवधान या विफलता से निपटने के लिए अपनी तैयारियों की जांच करने

को शनिवार को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी बैंक का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसीआई) की बाजार हैसियत में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 19,881.39 करोड़ रुपये बढ़कर 14,85,912.36 करोड़ रुपये हो गया।

एफपीआई ने बाजार में 1,539 करोड़ डाले

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है और उन्होंने फरवरी में भारतीय शेयर बाजारों में 1,539 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पिछले महीने जनवरी में उन्होंने शेयरों से जमकर निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा एफपीआई ने फरवरी में ऋण या बॉन्ड बाजार में 22,419 करोड़ रुपये डाले हैं।

सरकार चौथा कानून लाती तो किसान फिर प्रदर्शन नहीं करते : हुड्डा

चंडीगढ़। कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अगर सरकार कृषि उत्पाद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे की दर पर खरीदने को अपराध बनाने के लिए चौथा कानून लाती तो किसानों को फिर से सरकार से जंग नहीं लड़नी पड़ती। सरकार 2020 में तीन विवादास्पद कृषि-विपणन कानून लेकर आयी थी जिसे सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधारों के लिए आवश्यक बताया था। हालांकि, संयुक्त किसान मोर्चा की अगुवाई में किसानों के लंबे चले आंदोलन के बाद नवंबर 2021 में इन कानूनों को निरस्त कर दिया गया।

भारत-यूएई के बीच व्यापार का लक्ष्य महत्वाकांक्षी

अबू धाबी, एजेंसी

● सीआईआई अध्यक्ष आर दिनेश बोले-यह हासिल किया जा सकता

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष आर दिनेश ने यह बात कही है।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कपड़ा, आभूषण और फार्मा जैसे क्षेत्रों में व्यापार बढ़ाने के बड़े अवसर हैं। उन्होंने कहा कि भारत और यूएई के बीच मई, 2022 में लागू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के चलते द्विपक्षीय व्यापार और निवेश

में वृद्धि हुई है। दिनेश यहां वैश्विक निवेशकों के कार्यक्रम 'इन्वेस्टोपिया' और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में कई भागीदारों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेने के लिए आए थे। सीआईआई के अध्यक्ष ने कहा-भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच गैर-तेल व्यापार का 100 अरब डॉलर का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन मेरा मानना है कि इसे हासिल किया जा सकता है। इस संबंध में हाल के घटनाक्रम उत्साहजनक हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता कहा गया है, रत्न और आभूषण, कपड़ा और परिधान, चमड़ा, फार्मास्युटिकल्स, चिकित्सा उपकरण और कई इंजीनियरिंग उत्पादों जैसे सभी श्रम-गहन क्षेत्रों तक शुल्क मुक्त पहुंच उपलब्ध कराता है। वित्त वर्ष 2022-23 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 84.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619 अरब डॉलर के पार

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढोतरी होने से 23 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दो सप्ताह की गिरावट से उबरते हुये 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619.07अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.13 अरब डॉलर कम होकर 616.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से साप्ताहिक आंकड़े जारी किए गए हैं।

बढ़ती ब्याज दरों के कारण बढ़ा सावधि जमाओं का आकर्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों से हुआ खुलासा

बढ़ती ब्याज दरों के कारण पहले से अधिक लोग सावधि बचत योजनाओं की ओर आकर्षित हो रहे हैं। कुल बैंक जमाओं में ऐसे निवेश माध्यमों की हिस्सेदारी दिसंबर, 2023 में बढ़कर 60.3 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

यह आंकड़ा मार्च, 2023 में 57.2 प्रतिशत था। अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान कुल जमाओं में जो वृद्धि हुई, उसमें सावधि जमाओं की हिस्सेदारी लगभग 97.6 प्रतिशत थी। इस दौरान चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) जमा की हिस्सेदारी में गिरावट हुई। आरबीआई ने अपनी 'तिमाही आधारभूत सांख्यिकी विवरणियां (बीएसआर)-2: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में जमाएं - दिसंबर 2023' में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि सावधि जमाओं पर बढ़ता प्रतिफल बैंक जमाओं में संरचनात्मक बदलाव ला रहा है। कुल जमाओं में सावधि जमा की हिस्सेदारी मार्च, 2023 के 57.2 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर, 2023 में 60.3 प्रतिशत हो गई।

शार्दुल का शतक, मुंबई ने 207 रन की हासिल की बढ़त

रणजी सेमीफाइनल: ठाकुर की 109 की शतकीय और तनुष की नाबाद 74 रन की पारी तमिलनाडु पर पड़ी भारी



मुंबई, एजेंसी

- मुंबई ने 9 विकेट पर 353 रन बनाए, साई किशोर ने मुंबई के 5 विकेट झटके

शार्दुल ठाकुर की 109 रन की शतकीय पारी और तनुष कोटियान की नाबाद 74 रन की अर्धशतकीय पारी आरसाई किशोर के 6 विकेट के गेंदबाजी प्रदर्शन पर भारी पड़ गई, जिससे मुंबई ने रविवार को रणजी ट्राफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन तमिलनाडु पर पहली पारी के आधार पर 207 रन की बढ़त बना ली।

मुंबई ने एक समय 106 रन पर 7 विकेट गंवा दिये थे, जिसके बाद ठाकुर ने 104 गेंद में 13 चौके और 4 छक्के की मदद से शतकीय पारी खेलकर टीम को वापसी कराई। तमिलनाडु के पहली पारी में 146 रन के जवाब में स्टंप तक मुंबई ने 9 विकेट गंवाकर 353 रन बना लिए थे, जिसमें साई किशोर ने उसके बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। मुंबई ने सुबह 2 विकेट पर 45 रन से आगे खेलना शुरू किया। श्रेयस अय्यर को छोड़कर साई किशोर (97 रन देकर 6 विकेट) ने मुंबई के 5 विकेट झटके दिए। अय्यर (3) तेज गेंदबाज संदीप वारियर का शिकार हुए, जिससे तमिलनाडु मेजबान टीम की बराबरी पर लग रही थी, लेकिन ठाकुर ने तमिलनाडु के हर गेंदबाज पर दबाव बनाया और मुंबई को बढ़त दिलाई।

ठाकुर ने हार्दिक तमोर (35 रन) के साथ मिलकर आठवें विकेट के लिए 105 रन की शतकीय साझेदारी के बाद कोटियान के साथ नौवें विकेट के लिए 79 रन की भागीदारी की। हालांकि वह इस दौरान टखने संबंधित समस्या से परेशान रहे और अंत में तीसरे सत्र में कुलदीप सेन (65 रन देकर 2 विकेट) का शिकार हुए। कोटियान और तुषार देशपांडे की जोड़ी फिर से एक साथ क्रीज पर मौजूद थी। पिछले मैच में 10वें विकेट के लिए 232 रन की साझेदारी निभाने वाले कोटियान और देशपांडे ने फिर 10वें विकेट के लिए नाबाद 63 रन जोड़ लिए हैं। देशपांडे 17 रन और कोटियान 109 गेंद में 10 चौके से 74 रन बनाकर क्रीज पर हैं। बीकेसी मैदान पर साई किशोर का तेज गेंदबाजों के मुफीद पिच पर खुद गेंदबाजी का फैसला हैरानी भरा लग, लेकिन तमिलनाडु के कप्तान और इस सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले साई किशोर ने मुंबई के बल्लेबाजों पर दबाव बनाया। उन्होंने पहले सत्र में 17 ओवर में 6 मेडन से 28 रन देकर 4 विकेट लिए। रात्रिप्रहरी मोहित अवस्थी (2) को स्टंप आउट कराने के बाद साई किशोर ने अजिंक्य रहाणे (19) को पहली स्लिप में कैच आउट कराया।

हिमांशु की शतकीय पारी से मप्र मजबूत

नागपुर, एजेंसी

हिमांशु मंत्री ने रणजी सेमीफाइनल के दूसरे दिन विदर्भ के खिलाफ शतक जड़ा, जिससे मध्यप्रदेश ने पहली पारी में 252 रन बनाए। हिमांशु ने 265 गेंद में 13 चौके और 1 छक्के की मदद से 126 रन बनाए। उनके शतक से मध्यप्रदेश ने पहली पारी में 82 रन की बढ़त हासिल की। पहली पारी में 170 रन बनाने वाले विदर्भ ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में अथर्व तायडे का विकेट गंवाकर 13 रन बना लिए हैं।

विदर्भ की टीम 69 रन पीछे है। हिमांशु के बाद दूसरा सर्वोच्च स्कोर 30 रन सारांश जैन के नाम था। मध्य प्रदेश ने दिन की शुरुआत 1 विकेट पर 47 रन से आगे से की। कल के नाबाद बल्लेबाज हिमांशु और हर्ष गवली ने दूसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 1 विकेट पर 81 रन तक पहुंचाया। तेज गेंदबाज यश ठाकुर (51 रन पर 3 विकेट) ने गवली की 25 रन की पारी को खत्म किया। मध्यप्रदेश ने 12 रन के अंदर 2 और विकेट गंवा दिए। तेज गेंदबाज उमेश यादव (40 रन पर 3 विकेट) ने कप्तान शुभम शर्मा को बोल्ड किया जबकि ठाकुर ने वेंकटेश अय्यर (0) को पगबाधा किया। हिमांशु को सागर सोलंकी (25) और जैन का अच्छा साथ मिला। हिमांशु ने पांचवें विकेट के लिए सोलंकी के साथ 42 जबकि छठे विकेट के लिए जैन के साथ 73 रन की साझेदारी की।

बाएं हाथ के स्पिनर आदित्य सरवते और ऑफ स्पिनर अक्षय वाखरे (68 रन पर 2 विकेट) ने मप्र के बल्लेबाजों को परेशान किया। ठाकुर ने वाखरे की गेंद पर 1 रन के साथ शतक पूरा किया। वाखरे ने अपनी गेंद पर कैच लपक कर उनकी शतकीय पारी को खत्म किया।

खेल डायरी

मार्टा कोस्ट्युक और केटी बौल्टर फाइनल में

सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट

सैन डिएगो, एजेंसी। यूक्रेन की छठी वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्ट्युक ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। कोस्ट्युक ने पेगुला को 7-6(4), 6-1 से पराजित किया। फाइनल में उनका सामना क्वालीफायर केटी बौल्टर से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 6-3, 6-1 से हराया। अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला ने पहले सेट में अच्छी शुरुआत करके एक समय 5-1 से बढ़त हासिल कर ली थी। कोस्ट्युक अगले चार गेम जीत कर स्कोर 5-5 के बराबर कर दिया और फिर अपनी सर्विस बचा कर 6-5 से बढ़त हासिल कर ली। पेगुला ने अपनी सर्विस बचा कर सेट को टाइब्रेकर तक खींच दिया लेकिन इसमें उन्होंने काफी गलतियां की जिनका कोस्ट्युक ने पूरा फायदा उठाया। कोस्ट्युक ने इसके बाद दूसरे सेट के शुरू में ही पेगुला की सर्विस तोड़ी और फिर यह सेट और मैच आसानी से अपने नाम किया।

विश्व चैंपियनशिप में अदिति 21वें स्थान पर

सिंगापुर, एजेंसी। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक पहले दो दिन शीर्ष 10 में बने रहने के बाद रविवार को अंतिम दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के कारण महिलाओं की विश्व चैंपियनशिप में 21वें स्थान पर रहीं। अंतिम दौर के शुरू में ही बोगी करने के बावजूद अदिति ने पांचवें, आठवें और 13वें होल में तीन बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन 18वें होल में समापन में वह बोगी कर बैठीं। इस तरह टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही अदिति ने 72, 69 और 73 के कार्ड के बाद 70 का कार्ड बनाया। ऑस्ट्रेलिया की हनाह ग्रीन कुल 13 अंडर के स्कोर से खिताब जीतने में सफल रहीं। एक हफ्ते पहले पांच बार की लेडीज यूरोपीय टूर विजेता अदिति होंडा एलपीजीए में संयुक्त 31वें स्थान पर रहीं थीं। उनका इस साल पेरिस ओलंपिक में खेलना निश्चित है।

मिनौर ने मैक्सिको ओपन का खिताब दूसरी बार जीता

अकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने कैस्पर रुड को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरे साल मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। डी मिनौर ने फाइनल में रुड को 6-4, 6-4 से हराया। यह 2012 के बाद पहला अवसर है जबकि किसी खिलाड़ी ने अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर का यह आठवां एटीपी खिताब है। वह चौथे खिलाड़ी हैं जिन्होंने मैक्सिको ओपन में अपने खिताब का बचाव किया। उनसे पहले डेविड फेरर ने 2010 से 2012 तक लगातार तीन खिताब जीते थे। ऑस्ट्रेलिया का यह 25 वर्षीय खिलाड़ी मैक्सिको ओपन में लगातार 10 मैच जीत चुका है। उन्होंने इस जीत से एटीपी प्रतियोगिताओं के फाइनल में लगातार चार हार का क्रम भी तोड़ा।

टाइगर वुड्स को मिला बॉब जोन्स पुरस्कार

फार हिल्स (अमेरिका), एजेंसी। दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को अमेरिकी गोल्फ एसोसिएशन (यूएसजीए) के सर्वोच्च सम्मान बॉब जोन्स पुरस्कार के लिए चुना गया है।



वुड्स ने पीजीए टूर में अपने करियर में 82 जीत हासिल की, जिनमें 15 मेजर खिताब भी शामिल हैं। वुड्स नौ बार के यूएसजीए चैंपियन हैं। वुड्स को 2022 में विश्व गोल्फ हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। उन्हें 2019 में डोनाल्ड ट्रम्प से प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम सम्मान मिला था। वुड्स ने कहा कि बॉब जोन्स जिस निष्ठा के साथ खेलते थे, उसके कारण वह हमारे खेल का एक स्तंभ थे और मैं उनके नाम पर यह पुरस्कार पाकर और इससे पहले यह पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर वास्तव में गौरवान्वित हूं। वुड्स को 12 जून को उत्तरी कैरोलिना में यूएस ओपन के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड की जगह शीर्ष पर पहुंचा भारत

भारत के 64.28 % अंक, अब तक आठ मैच में से पांच जीते, दो हारे और एक ड्रॉ कराया

दुबई, एजेंसी

दो बार का फाइनलिस्ट भारत रविवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में न्यूजीलैंड की जगह शीर्ष पर काबिज हो गया।

रांची में चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल करने वाला भारत 64.28 प्रतिशत अंकों के साथ न्यूजीलैंड को शीर्ष से हटाने में सफल रहा। भारत के अब तक आठ मैच में पांच जीत, दो हार और एक ड्रॉ से 62 अंक हैं जबकि न्यूजीलैंड की टीम के पांच मैच में तीन जीत और दो हार से 36 अंक है। उसका अंक प्रतिशत 60.00 है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेलिंगटन में खेले गए पहले टेस्ट मैच से पूर्व न्यूजीलैंड की टीम 36 अंक और 75 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर काबिज थी।

डब्ल्यूटीसी 2021 की विजेता न्यूजीलैंड की टीम को इस मैच में 172 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसका अंक प्रतिशत 60 हो गया और वह तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गई। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीसरे स्थान पर है। उसे वेलिंगटन टेस्ट मैच में जीत से 12 महत्वपूर्ण अंक मिले। इससे उसके 11 मैच में सात जीत, तीन हार और एक ड्रॉ से 78 अंक हो गए हैं। उसका अंक प्रतिशत 55 से बढ़कर 59.09 हो गया है।

ऑस्ट्रेलिया 2023 का चैंपियन है तथा अगर वह क्राइस्टचर्च में 8 मार्च से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में भी जीत दर्ज करता है तो वह न्यूजीलैंड की जगह दूसरे स्थान पर काबिज हो जाएगा। भारत इस बीच 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच खेलेगा। अगर इस मैच में इंग्लैंड की टीम भारत को हरा देती है तो फिर ऑस्ट्रेलिया चोटी पर पहुंच सकता है।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका

स्थान	टीम	मैच	जीते	हारे	ड्रॉ	अंक	अंक%
1	भारत	8	5	2	1	62	64.58
2	न्यूजीलैंड	5	3	2	0	36	60.00
3	ऑस्ट्रेलिया	11	7	3	1	78	59.09
4	बांग्लादेश	2	1	1	0	12	50.00
5	पाकिस्तान	5	2	3	0	22	36.66
6	वेस्टइंडीज	4	1	2	1	16	33.33
7	दक्षिण अफ्रीका	4	1	3	0	12	25.00
8	इंग्लैंड	9	3	5	1	21	19.44
9	श्रीलंका	2	0	2	0	0	0.00

लियोन की फिरकी में फंसा न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया जीता

वेलिंगटन, एजेंसी

टेस्ट श्रृंखला

ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने अपनी फिरकी का जादू दिखा कर मैच में 10 विकेट लिए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 172 रन से शिकस्त देकर दो मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई।

न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य था। उसने चौथे दिन सुबह दूसरी पारी 3 विकेट पर 111 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन उसके बल्लेबाज लियोन के सामने टिक नहीं पाए और पूरी टीम 196 रन पर आउट हो गई। लियोन ने 64 रन देकर 6 विकेट लिए। उन्होंने मैच में 108 रन देकर 10 विकेट लिए। अपने करियर में लियोन ने पांचवीं बार 10 या इससे अधिक विकेट लिए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नाइट वॉचमैन के रूप में 41 रन की पारी खेली थी। न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट करके उम्मीद जगाई थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 204 रन की बढ़त हासिल की थी और उसकी कुल बढ़त 368 रन थी। न्यूजीलैंड की उम्मीद रचिन रविंद्र पर टिकी थीं जिन्होंने सुबह अपनी पारी 56 रन से आगे बढ़ाई। वह हालांकि दिन के सातवें ओवर में 59 रन बनाकर आउट हो गए और न्यूजीलैंड की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। लियोन ने रविंद्र के रूप में दिन का पहला विकेट लिया। रविंद्र ने कैमरन ग्रीन को आसान कैच दिया। इसके तीन गेंद बाद टॉम ब्लंडेल खाता खोले बिना लियोन की गेंद पर शॉर्ट लेग में खड़े ट्रेविस हेड को कैच दे बैठे।

लियोन ने अगले ओवर में ग्लेन फिलिप्स (1) को पगबाधा किया। लियोन ने फिलिप्स को आउट करके एक पारी में 24वीं बार पांच या इससे अधिक विकेट लिया। स्कॉट कुगलेइजन (26), मैट हेनरी (14) और टिम साउदी (7) भी पवेलियन लौट गए। डेरिल मिशेल (38) आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज थे। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में नाबाद 174 रन बनाने वाले ग्रीन को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

लिवरपूल ने 4 अंक की बनाई बढ़त

इंग्लिश प्रीमियर लीग

लंदन, एजेंसी। लिवरपूल ने उरुग्वे के स्ट्राइकर डार्विन नुनेज़ के 'इंजरी टाइम' के नौवें मिनट में हेडर से किए गए गोल की मदद से फ़ॉरेस्ट को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर फ़ुटबॉल लीग प्रतियोगिता में चार अंक की बढ़त हासिल कर ली। लिवरपूल की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार छठी और पिछले 11 दिन में चौथी जीत है। इससे उसके 27 मैच में 63 अंक हो गए हैं और उसने मैनचेस्टर सिटी पर 4 अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर सिटी 26 मैच में 59 अंक लेकर दूसरे जबकि आर्सेनल 26 मैच में 28 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। इस बीच चेल्सी ने ब्रैंटफोर्ड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला जबकि एस्टन विला ने लुटन को 3-2 से हराकर टोटेनहैम के साथ चौथे स्थान की दौड़ को दिलचस्प बना दिया। टोटेनहैम ने एक अन्य मैच में क्रिस्टल पैलेस को 3-1 से पराजित किया। एस्टन विला 27 मैच में 55 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि टोटेनहैम के 26 मैच में 50 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर है।

क्राइस्टचर्च टेस्ट के लिए वैगनर की हो सकती है संन्यास से वापसी

वेलिंगटन, एजेंसी

तेज गेंदबाज विल ओ' रूर्के के चोटिल होने के बाद न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए संन्यास ले चुके तेज गेंदबाज नील वैगनर को टीम में वापसी करा सकती है। मेजबान टीम को रविवार को दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में 172 रन से हार का सामना करना पड़ा। कप्तान टिम साउथी ने कहा कि वैगनर के लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। 64 टेस्ट मैचों में 260 विकेट लेने वाले वैगनर ने पिछले सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। द. अफ्रीका में जन्मे इस तेज गेंदबाज को जब पता चला कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में उन्हें टीम में जगह नहीं मिलेगी तो उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी। श्रृंखला का दूसरा टेस्ट 8 मार्च से खेला जाएगा। साउथी ने कहा कि हमने अगले मैच के लिए टीम को लेकर अब तक बहुत अधिक चर्चा नहीं की है। हम देखेंगे कि विल की चोट कैसी है। फिजियो ने अभी उनके उबरने के बारे में नहीं बताया है। मुझे यकीन है कि अगले 24 घंटों में स्थिति साफ हो जाएगी।

बॉलीवुड हलचल

पैसा वसूल फिल्म है योद्धा: राशि

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री राशि खन्ना का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म 'योद्धा' मनोरंजन से भरपूर पैसा वसूल फिल्म है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। राशि खन्ना ने कहा, मुझे लगता है कि योद्धा पैसा वसूल फिल्म है। फिल्म में थ्रिल, रोमांस और एज ऑफ द सीट वाला जायका है। मैं फ़िल्म को लेकर बहुत ज़्यादा एक्साईटेड और नर्वस थी। मैं सिर्फ एक अच्छी और सेंसिबल स्क्रिप्ट का इंतज़ार कर रहीं थी। मेरे लिए किरदार से प्यार करना ज़रूरी है। फ़िल्म करने के लिए एक अच्छा पैकेज होना चाहिए और फिल्म योद्धा एक फुल पैकेज की तरह थी। फिल्म योद्धा एक्शन फिल्म है जिसे करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

रिया का गीत मिले मत आवा जानू होली में रिलीज

मुंबई। गायिका पुनीता प्रिया और अभिनेत्री रिया प्रजापति का होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गीत में रिया प्रजापति अपने प्रेमी के हरकतों से परेशान हो गई है। उसकी वजह से घर पर रिया को डाट भी मिली है। जिससे होली में मिलने आने से प्रेमी को मना कर रही हैं। वह कहती है कि... 'होली खेले गँउवा के बहरी बुलाइला, रंग से बदनिया के कुल्हि लेटाइला... अइसन जगहा लगाइले जानू, गारी देले बिया हमर माई ये जानू...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस होली गीत को पुनीता प्रिया ने गाया है। इस गाने को गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीतकार दीपक दिलकश ने मधुर संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है।

झलक दिखला जा 11 की विजेता बनीं मनीषा

मुंबई। बिहार की मनीषा रानी डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा के 11वें सीजन की विजेता बन गई हैं। मनीषा रानी ने शोएब इब्राहिम और अद्रिजा सिन्हा को हराकर झलक दिखला जा की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। मनीषा रानी की एंट्री वाइल्ड कार्ड के माध्यम से हुई थी। मनीषा को विजेता ट्रॉफी के साथ 30 लाख रुपये तथा उनके कोरियोग्राफर आशुतोष पवार को 10 लाख रुपये मिले। साथ ही दोनों को आइलैंड का ट्रिप भी मिला है। 'झलक दिखला जा 11' की ट्रॉफी जीतने पर मनीषा रानी ने अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा से कहती हूं कि मुझे अपने फैंस पर बहुत भरोसा है और एक बार फिर मेरे फैंस ने इस बात को साबित कर दिया है। मेरी जीत का श्रेय मेरे कोरियोग्राफर, मेरी मेहनत और मेरे प्रशंसकों को जाता है। शो में मेरे सामने जो लोग थे, उनके बहुत बड़े-बड़े लोग सपोर्टर थे, सभी अच्छे डांसर और कलाकार हैं। लोगों का इतना प्यार किस्मत वाले लोगों को ही मिलता है। मेरी कोशिश हमेशा अपना बेस्ट देने की होगी। मैंने आज तक जो भी सपना देखा है, वो पूरा हुआ है, तो मुझे भरोसा है कि मेरा यह भी सपना पूरा होगा। भले ही उसे पूरा होने में थोड़ा समय लगे।

फराह-मलाइका और अरशद ने दी बधाई

मनीषा रानी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो, झलक दिखला जा, के 11वें सीजन की विजेता बनने पर जज फराह खान, मलाइका अरोड़ा और अरशद वारसी ने बधाई दी है। फराह खान ने कहा, मनीषा ने डांस के प्रति अपनी जबर्दस्त योग्यता से मंच पर आग लगा दी है और उनकी परफॉर्मेंस देखने लायक थी। उन्होंने खुद को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ाया है और डांस शैलियों की विस्तृत श्रृंखला को सुंदरता और सटीकता के साथ प्रदर्शित किया है। डांस के प्रति उनका जुनून वास्तव में प्रेरणादायक है और उन्होंने खुद को एक योग्य चैंपियन साबित किया है।

'हनुमान' की भूमिका निभाकर खुद को कृतज्ञ महसूस कर रहे निर्भय

मुंबई। अभिनेता निर्भय वाधवा सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे सीरियल श्रीमद रामायण में 'महाबली हनुमान' की भूमिका निभाकर कृतज्ञ महसूस कर रहे हैं। सीरियल 'संकट मोचन महाबली हनुमान' समेत कई सीरियल में हनुमान की भूमिका निभा चुके निर्भय वाधवा एक बार फिर 'श्रीमद रामायण' में हनुमान की भूमिका निभा रहे हैं। निर्भय वाधवा ने कहा, मैंने अब तक श्रीमद् रामायण के एपिसोड देखने का आनंद लिया है और अब मैं अपने किरदार को और भी अधिक तीव्रता से चित्रित करने की जिम्मेदारी महसूस करता हूं। चूंकि पूरी कास्ट ने अपनी भूमिकाओं के साथ बहुत बढ़िया काम किया है। जैसे ही मैं भगवान हनुमान के पवित्र स्थान पर कदम रखता हूं, मैं अपने जीवन में एक बार फिर ऐसे पूज्य और प्रिय चरित्र को अपनाने का अवसर पाकर कृतज्ञ महसूस करता हूं। इस किरदार के माध्यम से, मैं इस शक्तिशाली योद्धा की गहराई में जाना चाहता हूं और उनके और भगवान राम के बीच के दिव्य बंधन को उजागर करना चाहता हूं। श्रीमद रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

अंकुश और शिल्पी का गाना ना ऐ जीजा 2.0 जारी

मुंबई। अंकुश राजा और शिल्पी राज का नया गाना ना ऐ जीजा 2.0 रिलीज हो गया है। इस गाने ने मिलियन व्यूज के आंकड़े को पार कर लिया है और अब तक इसे 1,606,823 व्यूज मिल चुके हैं। अंकुश राजा ने इस गाने को अपने फैंस को समर्पित किया है। अंकुश ने कहा कि लोगों को यह गाना पसंद आ रहा है और लोग इसे खूब प्यार भी दे रहे हैं इसके लिए हम समूह का आभार व्यक्त करते हैं साथ ही हम उनसे अपील भी करते हैं कि इस गाने को और बड़ा बनाएं ताकि हमें प्रोत्साहन मिलता रहे और हम आपके लिए और भी अच्छे-अच्छे गाने लेकर आते रहे। अंकुश राजा होली के नए-नए गीत लेकर आ रहे हैं और जो लोगों को खूब पसंद भी आ रहा है। उसी क्रम में उनका यह गाना भी है जिस पर बहुत सारे व्यूज मिल रहे हैं। ना ऐ जीजा 2.0 गाना के संगीतकार विकी वोक्स हैं। लेखक बोस रामपुरी हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

किसी की जुबां पर गांधी तो कोई मुफ्त शिक्षा की हिमायती

मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता

भारत की दावेदारी कर रहीं सिनी शेट्टी

भारत की दावेदारी पेश कर रहीं सिनी शेट्टी ने कहा कि हम आज ऐसी दुनिया में रहते हैं, जिसके सामने साझा चुनौतियां हैं और साझी महत्वाकांक्षाएं हैं। शेट्टी ने कहा कि समाज के पिछड़े लोगों के लिए सतत विकास लक्ष्य होने चाहिए।

मुंबई। मिस वर्ल्ड खिताब की दौड़ में शामिल दुनियाभर की प्रतिभागियों ने रविवार को अपने दिल की बात कही, जो गरीबी, भुखमरी, जीवन की गुणवत्ता, शिक्षा और सेहत जैसे बुनियादी सरोकारों से सराबोर थे। इस बार 71वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का भारत प्रतिनिधित्व कर रहा है। समारोह में किसी ने गांधीजी की बात की, तो किसी ने जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को लेकर चिंता जाहिर की है। कुछ ने लैंगिक समानता और बच्चों के यौन शोषण से जुड़े मुद्दे पर भी राय दी।

बर्फबारी और बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के कई राज्यों में शनिवार और रविवार को मौसम खराब रहा। हिमाचल में बर्फबारी बारिश से नेशनल हाइवे समेत 507 सड़कें बंद हो गई हैं। मनाली- सोलंगनाला के बीच नेहरू कुंड के पास रविवार को 5 वाहन हिमस्खलन की चपेट में आ गए। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ।

पंजाब, हरियाणा, मध्य, प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात समेत 9 राज्यों में बारिश हुई। इससे गेहूं समेत अन्य फसलों को नुकसान हुआ। वहीं रामबन में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और पत्थर गिरने से यातायात बाधित हो गया है। राजमार्ग के बाधित होने पर यात्रियों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, यात्रियों को हो रही असुविधा के लिए रामबन प्रशासन ने एक नई पहल की शुरुआत की है। रामबन प्रशासन ने यात्रियों के मनोरंजन के लिए बैंड बाजे का इंतजाम किया है। हिमाचल प्रदेश में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कई जिलों में बारिश हो रही है।



जम्मू- श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन के कारण फंसे वाहन।

15 मार्च से बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग का अनुमान है 14 मार्च तक हिमालयी क्षेत्र में लगातार पश्चिमी विक्षोभ आने के आसार हैं, पर मार्च खत्म होने तक पश्चिमी विक्षोभ नहीं आएगा। 15 मार्च के बाद उत्तर व उत्तर पश्चिमी राज्यों में तापमान तेजी से बढ़ेगा। एलनीनो परिस्थितियों के घटने का ट्रेंड बना हुआ है लेकिन इसके जुलाई में ही न्यूट्रल में आने की संभावना है। 10 दिन में तेलंगाना, तटीय आंध्र, उत्तरी कर्नाटक

एक नजर

पाकिस्तानी सेना ने तीन आतंकियों को किया ढेर, चार घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ झड़प के दौरान तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि, चार अन्य घायल हुए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने रविवार को कहा कि तलाशी अभियान के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि चार आतंकवादी घायल हो गए। आईएसपीआर ने कहा, भारी मात्रा में हथियार गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए हैं। मारे गए आतंकवादी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ-साथ कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।

छत्तीसगढ़: एसबीआई में सेंधमारी दस्तावेजों को जलाया, बदमाश फरार

पत्थलगांव। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव स्थित भारतीय स्टेट बैंक में रविवार को अज्ञात बदमाशों ने सेंधमारी कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। लॉकर तक नहीं पहुंच पाने से बदमाशों ने दस्तावेजों को आग लगा कर फरार हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने बताया कि बैंक में आगजनी की घटना पर काबू पा लिया गया है। पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि बैंक में सुरक्षा के कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं रहने से बैंक में दूसरी बार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है।

गाजा: मदद का इंतजार कर रहे पीड़ितों पर गोलीबारी, 115 की मौत

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि गाजा में सहायता काफिले पर भोजन के लिए संघर्ष कर रहे फिलिस्तीनी नागरिकों पर इजराइली सैनिकों ने हमला कर दिया। हमले में 115 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 750 से अधिक घायल हो गए। गाजा में अब तक लगभग 30 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने कहा कि टीम ने शुक्रवार को गाजा शहर के अल शिफा अस्पताल में कुछ घायलों से मुलाकात की और 'बड़ी संख्या में बंदूक की गोली के घावदेखे।

मुंबई पुलिस ने गैरलाइसेंसी हथियार मालिकों के विरुद्ध शुरू की कार्रवाई

मुंबई। शिवसेना गुट के नेता अभिषेक घोसालकर की हत्या की घटना के बाद मुंबई पुलिस ने व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए हथियार रखने वालों और सुरक्षा सेवाएं मुहैया कराने वालों के लाइसेंसों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि गैर लाइसेंसी हथियार मालिकों के खिलाफ कार्रवाई के तहत दस दिन में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) लखमी गौतम ने कहा, बिल्डर, नेताओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी और निजी अंगरक्षक जांच के दायरे में हैं, उनके हथियार लाइसेंस का सत्यापन किया जा रहा है।

हाईब्रिड सरकार के हाथ में पाकिस्तान की डोर

पीएमएल-एन और पीपीपी ने सर्वसम्मति से चुना नेता, शपथ ग्रहण समारोह आज

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में नई सरकार को लेकर कवायद तेज हो गई है। लगभग एक माह बाद रविवार को हाईब्रिड सरकार को लेकर हुई बैठक में नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री (वजीर-ए-आजम) चुन लिया गया है। विपक्ष के हंगामे के बीच नवनिर्वाचित संसद में बहुमत हासिल करने के बाद शहबाज शरीफ को गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनेंगे।

प्रधानमंत्री बनने के बाद शहबाज ने अपने पहले संबोधन में कहा कि सरकार देश को मौजूदा संकट से बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं कोई समय सीमा तय नहीं करना चाहता, लेकिन हम जो कदम उठाएंगे, उसके सकारात्मक परिणाम एक साल बाद मिलने शुरू हो जाएंगे। शहबाज ने यह भी सवाल किया कि इमरान खान ने अंतर्राष्ट्री मुद्रा कोष को पत्र क्यों लिखा। इसे उन्होंने देश के मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित करने के समान बताया।

शहबाज शरीफ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की ओर से सर्वसम्मति से उम्मीदवार चुने गए हैं। उन्हें 336 सदस्यीय सदन में 201 वोट हासिल हुए हैं। पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज (72) पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ (74) के छोटे भाई हैं।

नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने नतीजों की घोषणा करते हुए शहबाज को पाकिस्तान का 24वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया। शहबाज को सोमवार को राष्ट्रपति भवन ऐवान-ए-सद्र में पद की शपथ दिलाई जाएगी।

पीटीआई समर्थित सांसदों के हंगामे और नारेबाजी के बीच नई संसद का सत्र बुलाया गया। पीपीपी के अलावा, शहबाज को मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम-पी), पाकिस्तान मुस्लिम लीग (क्यू), बलूचिस्तान अवामी पार्टी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग (जेड), इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और नेशनल पार्टी का समर्थन प्राप्त था। बता दें कि पाकिस्तानी संसद में रविवार को पीएम के चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हुई। शहबाज ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर 100 वोटों से अधिक की बढ़त हासिल की।



शहबाज का सियासी सफर

1988	1990	विधायक
1990	1993	सांसद
1993	1996	विस में विपक्ष के नेता
1997	1999	पंजाब सीएम
2008	2013	पंजाब सीएम
2013	2018	पंजाब सीएम
2018	2022	संसद में विपक्ष के नेता
2022	2023	प्रधानमंत्री

3 मार्च 2024 को दूसरी बार प्रधानमंत्री चुने गए

चुनाव धांधली को लेकर प्रदर्शन कर रहे 100 से ज्यादा इमरान समर्थित नेता गिरफ्तार

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों में पीटीआई के 100 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। ये सभी पार्टी कार्यकर्ता हालिया आम चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ रैलियां निकाल रहे थे। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। देश में आठ फरवरी को नेशनल असेंबली के चुनाव हुए थे। जिसके बाद त्रिशंकु नतीजे सामने आए थे। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता चुनाव में हेराफेरी का आरोप लगाते रहे हैं। इमरान खान के आह्वान पर पीटीआई समर्थकों ने शनिवार को बड़े पैमाने पर देशभर में प्रदर्शन किया। ज्यादातर गिरफ्तारियां लाहौर में हुईं, जहां पंजाब की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने प्रदर्शन कर रहे पीटीआई समर्थकों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। पीटीआई के प्रवक्ता के मुताबिक, पुलिस ने लाहौर में अस्सी कार्यकर्ताओं और नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। गुजरात शहर में बीस से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब और इस्लामाबाद के 38 शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। लाहौर में पुलिस ने जीपीओ चौक और लिबर्टी चौक पर प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया गया।

मिशिगन, इडाहो और मिजुरी में भी डोनाल्ड ट्रंप की जीत

वाशिंगटन, एजेंसी

- राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दावेदारी पुख्ता, चुनाव में बाइडन बनाम ट्रंप होना लगभग तय

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को मिसौरी के रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की और जीओपी नामांकन की ओर अपना सफर जारी रखा। ट्रंप अपनी प्रतिद्वंदी निक्की हेली से काफी आगे निकल गए हैं। शनिवार को ट्रंप ने मिजुरी, इडाहो और मिशिगन में भी कॉक्स चुनाव में जीत दर्ज की। ट्रंप को 244 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है, जबकि निक्की हेली को सिर्फ 24 डेलिगेट्स ने ही अभी तक सपोर्ट किया।

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए 1215 डेलिगेट्स का समर्थन मिलना जरूरी है। इससे साफ है कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति का उम्मीदवार चुने जाने की रेस में डोनाल्ड ट्रंप काफी आगे निकल गए हैं। रविवार को कोलंबिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं और इसके दो दिन बाद सुपर मंगलवार है, जिसमें 16 राज्यों में प्राइमरी इलेक्शन होने हैं।

नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव से पहले मंगलवार को सबसे बड़ा मतदान होगा और उस मतदान के बाद तस्वीर साफ हो जाएगी कि निक्की हेली राष्ट्रपति पद की रेस में रहेंगी या फिर नवंबर में डोनाल्ड ट्रंप बनाम जो बाइडन होना तय है। मिशिगन में तो ट्रंप ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की और सभी 39 डेलिगेट्स का समर्थन हासिल किया। पांच मार्च को अलबामा, अलास्का, अरकंसास, कैलिफोर्निया, कोलोराडो, मेन, मैसाच्युसेट्स, मिनेसोटा, नॉर्थ कैरोलाइना, ओकलाहोमा, टेनेसी, टेक्सास, उटा, वेर्मोन्ट, वर्जीनिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं।

अब तक ट्रंप आयोवा, न्यू हैंपशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स, दक्षिण कैरोलाइना, मिशिगन, मिजुरी और इडाहो में जीत दर्ज कर चुके हैं। निक्की हेली अपने समर्थन में पर्याप्त लोगों को जुटाने में असफल हो रही हैं। डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में अवैध प्रवासियों के मुद्दे को पूरे जोर-शोर से उठा रहे हैं।

जिंदगी कांटों जैसी दर्दनाक रही... अनंत का भावुक स्पीच



मार्क जुकरबर्ग के साथ अनंत अंबानी और राधिका

ईशा अंबानी

जामनगर : अपनी प्री-वेडिंग सेरेमनी के इवेंट में अनंत अंबानी ने बेहद भावुक स्पीच दी है। अनंत ने अपने परिवार और राधिका के परिवार को धन्यवाद दिया। अनंत ने कहा, 'थैंक्यू मम्मा। ये सब मेरी मां ने किया है। चार महीने से रोज 18-19 घंटे इस समारोह की तैयारी में लगी थीं। मेरा जीवन हमेशा गुलाब के फूल की तरह सहज नहीं रहा है, मैंने गुलाब के कांटों की तरह कई दुख झेले हैं, मुझे बचपन से ही स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं रही हैं, लेकिन मेरे माता- पिता ने मुझे कभी एहसास नहीं होने दिया कि में बीमार हूं। अनंत बोले, जामनगर मेरी प्रेरणा का स्रोत हैं। ● एजेंसी

नाटु-नाटु पर थिरके तीनों खान शाहरुख बोले-जय श्रीराम

समारोह के अंतिम दिन अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान जमकर थिरके। शाहरुख ने मंच पर जय श्रीराम का नारा लगाया। तीनों खान तेलुगु गीत नाटु नाटु की धुन पर थिरके। रविवार की सुबह भारतीय फिल्मी सितारों की टोली सज-धजकर शादी से पहले का जश्न मनाने के लिए जामनगर पहुंचे।

पत्नी अंजली के साथ सचिन तेंदुलकर

चीन-पाकिस्तान कर रहे फेक रिसर्च, भारत बेहतर: अध्ययन

वाशिंगटन, एजेंसी

- पैसे और प्रमोशन के लिए कर रहे फ्रॉड, अमेरिका की संस्था क्रॉस रीफ ने तैयार किया डेटा

चीन- पाकिस्तान के वैज्ञानिक फेक रिसर्च कर रहे हैं। वे दूसरों की रिसर्च के डेटा में जोड़- तोड़ कर अपना रिसर्च पेपर पब्लिश करा रहे हैं, या फिर पहले पब्लिश रिसर्च पेपर के कुछ चैप्टर्स बदलकर नाम दे रहे हैं।

यही वजह है कि चीन के वैज्ञानिकों की रिसर्च छपने के बाद भी कई शोध जर्नल ने खारिज कर दिए और उन्हें रिट्रैक्ट (वापस लिया) किया। अमेरिका की गैर लाभकारी संस्था क्रॉस रीफ ने 50 हजार फेक रिसर्च पेपर का डेटाबेस तैयार किया है। इसमें से 46 फीसदी अकेले चीन के हैं। पैसे व प्रमोशन के लिए वैज्ञानिक फेक रिसर्च कर रहे हैं। दरअसल चीन में रिसर्च पेपर की क्वालिटी की बजाय संख्या गिनी जाती है।

चीन के रिसर्च पर समीक्षा से मना कर रहे वैज्ञानिक

दुनिया के कई वैज्ञानिक चीन के वैज्ञानिकों के रिसर्च पेपर की समीक्षा करने से मना कर रहे हैं। रिसर्च पर काम कर रही माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट ने कहा, कई रिसर्च पेपर तो पैसे लेकर तैयार किए जाते हैं। कई में प्लैगरिज्म ही होता है। एक चीनी पेपर में प्रोस्टेट कैंसर पर रिसर्च की गई थी। इसमें कहा गया था कि रिसर्च में 50 फीसदी सैंपल महिलाओं के हैं, जबकि महिलाओं में प्रोस्टेट ग्लैंड्स होते ही नहीं हैं।

अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने शुरू किया चुनावी अभियान

वाशिंगटन। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अमेरिका में रह रहे उसके समर्थकों ने चुनाव में 400 सीट जीतने के लक्ष्यों की ओर योगदान देने के लिए प्रचार अभियान शुरू कर दिया।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी), यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने वाशिंगटन डीसी के मैरीलैंड उपनगर में शनिवार को चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के बाद कहा, ''भारतीय प्रवासी समुदाय भारत में भाजपा को समर्थन देने जा रहा है। इस कार्यक्रम में ओएफबीजेपी के करीब 100 कोर सदस्य शामिल हुए।

यूएई: बीएपीएस मंदिर में टाइट कपड़े, टी-शर्ट में प्रवेश पर बैन

अबु धाबी, एजेंसी

- मंदिर ने जारी की गाइडलाइन आपत्तिजनक और भड़काऊ कपड़े पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं

संयुक्त अरब अमीरात (यूएसई) का पहला हिंदू मंदिर, जिसका उद्घाटन अबु धाबी में 14 फरवरी को पीएम मोदी ने किया था, उसे आम लोगों के लिए खोल दिया गया। मंदिर के कैसे कपड़े पहनकर जाना है, इसके लिए मंदिर की वेबसाइट पर गाइडलाइन जारी की गई है। आगंतुकों को गर्दन, कोहनी और टखनों तक शरीर को ढकना जरूरी है।

आपत्तिजनक डिजाइन वाली टोपी, टी-शर्ट और अन्य भड़काऊ कपड़े पहनकर आने की अनुमति नहीं है। पारदर्शी और टाइट-फिटिंग कपड़े भी नहीं पहनने हैं। ऐसे कपड़ों और सामानों से बचने के लिए कहा गया है, जिससे लोगों का ध्यान भटके। हिंदू मंदिर हर मंगलवार से शनिवार सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। बता दें कि हर सोमवार को मंदिर बंद रहेगा। अबु धाबी में पहला हिंदू मंदिर-बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस), प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन किया था।

ओडिशा: डीआरडीओ कैंप में जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

भुवनेश्वर। ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में सेना के जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार दी। घटना रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की रडार ऑब्जर्वेटरी सर्विलांस यूनिट में हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

रविवार को सेना का जवान (35 वर्षीय) महाकालपाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के कियारबंका गांव में डीआरडीओ के एक कैंप में ड्यूटी पर था। पुलिस ने बताया कि जवान खून से लथपथ था, उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। महाकालपाड़ा पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पुलिस ने कहा कि, पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच की जाएगी।

हिदायत सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजिटल प्लेटफार्मों को दिए दिशा-निर्देश, 15 दिन के भीतर करें एडवाइजरी का पालन

नए एआई मॉडल लॉन्च से पहले भारत सरकार से लेनी होगी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

टेक कंपनियों को नए एआई मॉडल लॉन्च करने से पहले सरकार से मंजूरी लेनी होगी। केंद्र सरकार ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अन्य प्लेटफॉर्म को दिशा-निर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि परीक्षण में शामिल एआई मॉडलों का अब अनिवार्य रूप से लेबल करना होगा। साथ ही, इसमें गैरकानूनी कंटेंट मौजूद नहीं होना चाहिए।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऐसा न होने पर आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि हाल ही में गूगल जेमिनी एआई विवाद के आलोक में, एडवाइजरी अब विशेष रूप से एआई से संबंधित है। डिजिटल प्लेटफॉर्म को पूरी जवाबदेही लेनी होगी और यह कहकर नहीं बच सकते कि ये एआई मॉडल परीक्षण के चरण में है।

डिजिटल प्लेटफार्मों को तत्काल प्रभाव से नए दिशा-निर्देशों का पालन करने और इस एडवाइजरी के 15 दिन के भीतर मंत्रालय को की गई कार्रवाई-सह-स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी इंटरमीडियरी और प्लेटफॉर्म नए आईटी नियम 2021 का पालन सुनिश्चित करें।

खामियों से पिचाई की नौकरी संकट में

गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई को हटाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। गूगल ने हाल ही में एआई चैटबॉट जेमिनी लॉन्च किया था। हालांकि, इसके इमेज जेनरेशन और अवतार टूल में खामियां हैं। इससे गूगल की छवि पर बुरा असर पड़ा है। इसे देखते हुए कहा जा रहा है कि उन्हें पद से हटाया जा सकता है।

कृषि प्रबंधन सॉफ्टवेयर बना रही केंद्र सरकार

केंद्र सरकार देश में कृषि प्रणाली को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से जलवायु अनुकूल बनाने की तैयारी कर रही है। इससे किसानों को यह जानकारी पहले ही मिल जाएगी कि उनके क्षेत्र में इस बार मौसम कैसा रहेगा। इसके लिए सरकार एक एआई संचालित कृषि प्रबंधन सॉफ्टवेयर बना रही है।

यह सॉफ्टवेयर किसानों को यह बताने में सक्षम होगा कि उनके क्षेत्र में सूखा, बाढ़, लू, शीतलहर, असामान्य बारिश, शुष्क मौसम, ठंड, चक्रवात और ओलावृष्टि की क्या स्थिति रहेगी। ऐसे वातावरण में उन्हें कौन सी फसल बोने से फायदा होगा। इस कार्य में मौसम विभाग के वैज्ञानिक, कृषि वैज्ञानिक को शामिल किया गया है। जैसे ही सॉफ्टवेयर बन जाएगा। सरकार इस योजना को पूरे देश में लागू करेगी।

सॉफ्टवेयर किसी भी क्षेत्र के पिछले 100 साल के मौसम पैटर्न का अध्ययन तुरंत करने में सक्षम होगा। यह 24 घंटे ऑनलाइन मोड में देश की सभी भाषाओं में जानकारी देगा।